वर्ष 72 ▸ अंक 175 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 25 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2081
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

ऊंचाई पर वे ही पहुंचते हैं जो बदला नहीं बदलाव लाने की सोच रखते हैं।

### मध्यप्रदेश में सहकारिता समितियों के लिए बनाया गया नया कानून

# बैंक कर्मचारी भी बन सकेंगे प्रशासक

**विशेष संवाददाता भोपाल।** विधानसभा में सोमवार को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2025 पारित किया गया। विधेयक के पारित होने से बैंक के कर्मचारी को भी प्रशासक बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। साथ ही सरकार का दावा है कि किसानों को समय पर पैसा मिलेगा। सरकार ने 650 से 700 नई पैक्स बनाने की तैयारी भी की है।

चर्चा के दौरान कांग्रेस ने विधेयक के माध्यम से सहकारिता आंदोलन का गला घोटा जा रहा है। कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह विधेयक सहकारिता आंदोलन को कमजोर करने वाला है। विधायक भंवर सिंह शेखावत ने आशंका जताई कि इससे प्राइवेट कंपनियों को सहकारी समितियों पर कब्जा करने का मौका मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद 2011 से चुनाव नहीं हुए हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि विधेयक से सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**कांग्रेस का आरोप**
**सहकारिता आंदोलन की अंत्येष्टि**

**सरकार बोली**
**इससे बढ़ जाएगी पारदर्शिता, मंशा साफ**



### विधेयक में ये हैं नए प्रावधान और संशोधन

1. बैंक कर्मचारी प्रशासक बन सकेंगे। पहले केवल सरकारी कर्मचारी ही प्रशासक बन सकते थे।
2. जिन वेलफेयर सोसायटी में मकान बन चुके हैं, वे सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी।
3. नई संस्थाओं का पंजीयन अब 90 दिन की बजाय 30 दिन में होगा।
4. परिसमापन की समय-सीमा तय की गई है। सोसायटी के बंद होने पर एक साल के भीतर संपत्तियों और देनदारियों का निपटारा करना होगा।
5. पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी के तहत किसानों को समय पर पैसा मिलेगा, जिससे व्यापार में वृद्धि होगी।

### तो किसान हो जाएगा बाहर

विधेयक पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने की। उन्होंने कहा कि विधेयक में प्रायवेट लोगों को शेयर्स खरीदने का मौका मिलेगा, तो किसान अपने आप इससे बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पारित होते ही ही सहकारिता आंदोलन की अंतेष्टि हो जाएगी। पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव ने भी विधेयक को पूरी तरह से सहकारिता आंदोलन के खिलाफ बताया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद सोसायटी के 2011 से अभी तक चुनाव नहीं हुए। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि सरकार सहकारिता क्षेत्र के चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है। चुनाव को लेकर कोई गफलत नहीं है। सहकारिता आंदोलन इससे मजबूत होगा। कोई भी व्यक्ति यदि अंशपूंजी लगा दे, तो उसे एक ही बार वोट देने का अधिकार रहेगा।

### सरकार ने लिए अहम फैसले

## प्रदेश में लगाए जाएंगे 4 सोलर प्लांट, कैबिनेट की मुहर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में चार बड़े सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे और पीएचई की समूह जल परियोजना के लिए भी सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे। इससे आसानी से नियमित तौर पर पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। यह निर्णय सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए। वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने फैसला किया है कि चार बड़े सोलर प्लांट प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे। कैबिनेट ने चार बड़े ऊर्जा संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी है। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि नगर निगम और नगर पालिकाओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाए। विजयवर्गीय ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समूह जल परियोजना के लिए भी सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे। ताकि आसानी से नियमित पेयजल की आपूर्ति की जा सके। इससे बिजली का खर्च भी अपेक्षाकृत सस्ता होगा।

**400 गांवों को मिलेगा मुआवजा**

प्रदेश सरकार राज्य के उन 400 गांवों के किसानों को मुआवजा देगी, जिनकी फसलें पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के कारण खराब हो गई है। इसके लिए जल्द सर्वे कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

**गर्मियों में की जाएगी टैंकरों से जलापूर्ति**

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साफ तौर पर निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम में प्रदेश के किसी भी अंचल में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। आवश्यक हो तो टैंकरों से भी जलापूर्ति कराई जाए। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का संचय सुनिश्चित होना चाहिए। सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि उज्जैन को काल गणना का प्रमुख केन्द्र बनाया जाएगा,क्योंकि यहां गणितीय सटीकता उच्च स्तर की मानी जाती है। सीएम यादव ने अपने मंत्रियों के साथ अनौपचारिक चर्चा में गुड़ी पड़वा पर्व समारोहपूर्वक मनाए जाने की बात कही।

# नागपुर हिंसाः बुलडोजर पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, 500 पर केस दर्ज

### 6 के खिलाफ देशद्रोह का केस, औरंगजेब की कब्र पर हुआ था विवाद

**मुंबई, जेएनएन।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। हालांकि बाम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने हाल ही में हुए दंगों में आरोपी व्यक्तियों के रिश्तेदारों के घरों को गिराने पर सोमवार को रोक लगा दी और कहा कि नागपुर नगर निगम (एनएमसी) की कार्रवाई की कानूनी जांच की आवश्यकता है। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने इसकी बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था। इसके मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को एकत्र करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।



**आरोपियों से जुड़े घर गिराने पर रोक**
**बॉम्बे हाईकोर्ट ने मांगा जवाब**

बाम्बे हाई कोर्ट में दर्ज याचिका में तर्क दिया गया है कि तोड़फोड़ मनमाने ढंग से की गई और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन हुआ है। ये याचिकाएं फहीम की मां मेहरुनिसां और अब्दुल हाफिज ने दायर की हैं। फहीम का घर अदालत के हस्तक्षेप से पहले ढहा दिया गया था। हाफिज के घर को हाईकोर्ट के आदेश के बाद गिराने पर रोक लगा दी गई थी।

**पुलिस हिरासत में फहीम**

माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फहीम खान को दंगा और आगजनी की घटनाओं के दो दिन बाद 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी पुलिस हिरासत में हैं। फहीम ने 21 मार्च को सेशंस कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी। उसका दावा है कि उसे राजनीतिक प्रतिशोध के चलते गिरफ्तार किया गया है।

**जरूरत पड़ने पर बुलडोजर चलेंगेः फडणवीस**

हिंसा के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा।

**दुस्साहस... दिनदहाड़े लूट की कोशिश**

## नकाबपोश ने हवा में फायरिंग की, ज्वैलरी व्यापारी ने दबोचा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहपुरा के रोहित नगर मार्केट में सोमवार दोपहर हथियारबंद नकाबपोश ने दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप से जेवर लूटने का प्रयास किया। ज्वेलर्स को डराने के लिए बदमाश ने तमंचे से हवा में फायर किया। वह दूसरा फायर करता, इससे पहले अक्षांस ज्वेलर्स के मालिक मनोज जैन ने अपने कर्मचारी के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया। लुटेरे ने भागने की कोशिश की और हाथ-मुक्कों से हमला करना शुरू कर दिया। तभी ज्वेलर्स की चीख सुनकर आसपास के व्यापारी पहुंच गए। सभी ने मिलकर लुटेरे को काबू में किया। ज्वेलर्स और लुटेरे को भी चोट आई है। घटना करीब 1 बजे दोपहर की है। लुटेरा शिवम जायसवाल बी.काम का छात्र है। वह आईपीएस स्कूल 11 मील के पास रहता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लूट, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**लूट, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज, लुटेरा बी.काम का छात्र**

## जैन समाज पर भी लागू होगा हिंदू मैरिज एक्टः हाई कोर्ट

### फैमिली कोर्ट ने खारिज किए थे 28 परिवाद

**जागरण, इंदौर।** इंदौर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सोमवार को जैन समाज के तलाक के प्रकरणों को लेकर बड़ा आदेश दिया है। आदेश के मुताबिक हिंदू विवाह अधिनियम जैन समाज पर भी लागू होगा। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया है, जिसमें हिंदू मैरिज एक्ट में अल्पसंख्यक वर्ग के पक्षकारों को सुनवाई का हक नहीं होने के मुद्दे पर एक साथ 28 परिवाद खारिज कर दिए थे। इनमें ऐसे भी मामले शामिल थे, जिनमें दंपत्ति ने आपसी सहमति से अलग होने के लिए अर्जी दायर की थी। अब हाई कोर्ट के आदेश के बाद जैन समाज के ये 28 केस हिन्दू विधि के तहत फिर से फैमिली कोर्ट में संदर्भित होंगे। अधिवक्ता पंकज खंडेलवाल ने बताया कि जैन दंपत्ति ने आपसी सहमति के आधार पर फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी लगाई थी कि दोनों पक्ष जैन हैं, वे तलाक देना चाहते हैं।



**आईपीएल में आज**

**गुजरात बनाम पंजाब**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## 15 लाख की घूस लेते पकड़े गए एनएचएआई के जीएम

**पटना।** राजधानी पटना में सीबीआई ने 15 लाख की घूस लेते भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के जीएम समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक निजी कंपनी के जीएम समेत तीन अन्य लोग शामिल हैं। तलाशी में उनके पास से 1.18 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। इससे पहले सीबीआई की टीम ने बिहार सहित कई राज्यों में राकृपालु सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी कंपनी के निदेशक रामकृपाल सिंह, उनके बेटे सुधीर कुमार और रंजन कुमार के ठिकानों पर एकसाथ बेगूसराय, मुजफ्फरपुर के अलावा रांची और नोएडा में हो रही है। कंपनी बड़े राजनेता के रिश्तेदार की बताई जा रही है।

**पटना में महाप्रबंधक के पास से 1.18 करोड़ मिले**

## 24% बढ़ी सांसदों की सैलरी अब हर माह मिलेंगे 1.24 लाख

### पूर्व सांसदों की पेंशन 31 हजार की गई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24 फीसदी का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपए प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे। यह बढ़ोतरी कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इससे पहले मोदी सरकार ने 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है।

**डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गईः** डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25 हजार रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31 हजार रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2 हजार रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।

**सांसदों को मिलती हैं ये सुविधाएं 34 हवाई यात्राएं, फर्स्ट एसी में सीटः** प्रत्येक सांसद एक साल में 34 फ्री हवाई यात्राएं कर सकता है। सांसद चाहे तो 8 यात्राओं को अपने सहयोगियों या स्टाफ को ट्रांसफर कर सकते हैं। उन्हें भारतीय रेलवे की सभी क्लास में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। यह सुविधा संसद सत्र के दौरान और बाद भी मिलती है। सड़क यात्रा के लिए 16 प्रति किमी तक का भत्ता दिया जाता है। यह तब लागू होता है जब सांसद किसी आधिकारिक कार्य के लिए सड़क से यात्रा करते हैं और हवाई या रेल यात्रा संभव नहीं होती।

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर का नोटिफिकेशन



**नई दिल्ली।** घर में आग लगने के बाद अधजले नोट मिलने से विवादों में घिरे दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की सिफारिश की गई है। ये फैसला सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की तरफ से बीते शुक्रवार को ही लिया गया था, जिसका नोटिफिकेशन अब जारी कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव जारी किया है। 21 मार्च को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें की थी। वहीं इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले पर आपत्ति भी जताई थी।

**ट्रांसफर पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा थाः** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि उनका ट्रांसफर एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। इस ट्रांसफर का न्यायमूर्ति वर्मा के घर से मिले अधजले नोटों के विवाद से कोई लेना देना नही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इन दिनों सुर्खियों में बने हुए है, जब से उनके दिल्ली स्थित आवास में आग लगी और आग बुझाने के दौरान दमकल और पुलिस को बड़े पैमाने पर अधजले नोट बरामद किए गए। ये घटना 14 मार्च की है, जब वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने के बाद पुलिस कर्मियों ने नकदी बरामद की थी।

### जज वर्मा का आरोपों से इनकार

इस घटना पर संज्ञान लेते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भारतीय मुद्रा नोटों से भरी चार से पांच अधजली बोरियां मिलने की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। हालांकि, मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनके घर के स्टोर रूम में न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य ने कभी नकदी रखी।

## हाईकोर्ट का निर्देशः 4 हफ्ते में तय करें राहुल की दोहरी नागरिकता पर फैसला



**लखनऊ, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर फैसला करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार सप्ताह का समय दिया है। मंत्रालय ने इस मामले में आठ हफ्ते की मोहलत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने ठुकरा दिया और कहा कि चार सप्ताह के अंदर इस पर फैसला करें। आरोप है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की भी नागरिकता है और यह सवाल पिछले कई वर्षों से चर्चा में हैं। इसी मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिस पर हाई कोर्ट में सुनवाई हो रही है। हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई यानी 19 दिसंबर को केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह कार्रवाई का ब्यौरा 24 मार्च को कोर्ट में पेश करे लेकिन केंद्र सरकार ऐसा नहीं कर सकी। कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर ने ये जनित याचिका दायर की है। इसके अनुसार राहुल गांधी भारत के साथ-साथ ब्रिटेन के भी नागरिक हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 84 (ए) के तहत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। अगर यह साबित हो जाता है तो सांसदी छिन सकती है।

# अब मुस्लिम आरक्षण पर चढ़ा सियासी पारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद में सोमवार को कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम आरक्षण देने के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा ने इसे संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ बताया, वहीं कांग्रेस ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम आरक्षण देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जरूरत पड़ने पर संविधान बदलने की बात कही थी। रिजिजू ने कहा, संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ऐसा कहते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

**भाजपा का आरोपः कांग्रेस चाहती है संविधान में बदलाव**
**कांग्रेस का पलटवारः आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता**

भाजपा के नेता और राज्यसभा में नेता सदन जे.पी. नड्डा ने भी कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। कर्नाटक सरकार का मुस्लिम आरक्षण संविधान विरोधी है। कांग्रेस संविधान की रक्षा का दावा करती है, लेकिन अब वही पार्टी उसे बदलने की बात कर रही है। नड्डा ने कर्नाटक सरकार के एक विधेयक का जिक्र किया, जिसमें पब्लिक कॉन्ट्रैक्ट में अल्पसंख्यकों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। उन्होंने कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के बयान का हवाला देते हुए कहा कि वे जरूरत पड़ने पर संविधान में बदलाव के लिए तैयार हैं।

**सुविधा** | आरसीटीसी करेगा संचालन, घंटे के अनुसार यात्री कर सकेंगे बुक

## भोपाल स्टेशन पर बना होटल, 4 अप्रैल से शुरूआत

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मध्यप्रदेश का पहला पॉड स्टाइल होटल बनाया गया है। इस होटल का उद्घाटन 4 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसके बाद यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। पॉड होटल की दरें अभी निर्धारित नहीं हुई हैं, लेकिन जल्द ही इनकी घोषणा की जाएगी। यह होटल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर नई बिल्डिंग में तैयार किया गया है। आपको बता दें कि पॉड स्टाइल होटल एक आधुनिक कॉन्सेप्ट है, जिसमें यात्रियों को एक छोटे केबिन (पॉड) के रूप में निजी स्थान उपलब्ध कराया जाता है। इसमें सोने, आराम करने और व्यक्तिगत सामान रखने के लिए पर्याप्त स्थान होता है। पॉड्स को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि यात्री कम खर्च में सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक ठहराव का अनुभव कर सकें। यह विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए उपयोगी है जो कम समय के लिए रुकना चाहते हैं या यात्रा के दौरान विश्राम की आवश्यकता होती है।

**मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**

इस पॉड होटल में कुल 78 पॉड्स बनाए गए हैं, जिनमें 58 सिंगल पॉड और 20 फैमिली पॉड्स शामिल हैं। सिंगल पॉड एक व्यक्ति के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी जगह 5×7 फीट होगी। वहीं, फैमिली पॉड्स में दो वयस्क और दो बच्चे आराम से ठहर सकते हैं, जिससे परिवार के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है।

**ऐसे कर सकेंगे बुकिंग**

आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों को बुकिंग के लिए पीएनआर नंबर देना होगा। रेलवे स्टेशन पर खुलने वाला यह पॉड होटल यात्रियों को आरामदायक और किफायती ठहराव प्रदान करेगा। खासकर उन यात्रियों के लिए यह उपयोगी होगा, जो कुछ समय के लिए विश्राम करना चाहते हैं या ट्रेन के लंबे इंतजार में बेहतर विकल्प खोज रहे हैं।

**यह सुविधाएं रहेंगी उपलब्ध**

- हर पॉड में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्री गर्मी से राहत पा सकेंगे।
- यात्रियों को इंटरनेट का सुचारु रूप से उपयोग करने के लिए हाई-स्पीड वाइ-फाइ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- पॉड्स में आरामदायक बिस्तर और तकिए की व्यवस्था की गई है।
- स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट की सुविधा प्रदान की गई है।
- ठंड के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए गीजर लगाए गए हैं।
- यात्रियों के सामान की सुरक्षा के लिए लॉकर और लगेज रूम की सुविधा है।
- मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चार्ज करने के लिए प्रत्येक पॉड में चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध है।
- मनोरंजन के लिए प्रत्येक पॉड में टीवी की सुविधा दी गई है।
- यात्रियों की सुविधा के लिए पॉड्स में मेकअप मिरर उपलब्ध कराया गया है।
- सुरक्षा के लिए होटल परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था है।

## जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 4 जनरल डिब्बे होंगे

**भोपाल।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12192/12191 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस के डिब्बों के संयोजन में स्थायी परिवर्तन किया गया है। ट्रेन से 2 शयनयान (स्लीपर) कोच हटाए गए हैं तथा इसके स्थान पर 2 सामान्य श्रेणी (जनरल) के कोच जोड़े गए हैं। इसमें 4 सामान्य श्रेणी कोच, 9 शयनयान, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कोच सहित ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे। यह परिवर्तन गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 26 मई से एवं गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में 27 मई से प्रभावी होगा।

# बीयू की वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होंगे 1.81 लाख विद्यार्थी

### चार अप्रैल से शुरू होंगी नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं, नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीयू को बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बीपीईएस के प्रथम से तृतीय वर्ष की परीक्षाएं कराना हैं। ये परीक्षाएं चार अप्रैल से शुरू होकर आठ मई तक चलेंगी। परीक्षा में नियमित और स्वाध्यायी मिलाकर एक लाख 81 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। ये परीक्षाएं दो पालियों में पूरी होंगी। परीक्षाएं कराने बीयू ने 101 परीक्षा केंद्र तैयार किए हैं। इसमें विद्यार्थी दो पाली में परीक्षा देंगे। पहली पाली में प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा देंगे, जो सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चलेगी वहीं तृतीय वर्ष की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक चलेगी। भोपाल में डेढ दर्जन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाओं को नकल से मुक्त कराने कई इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देशित कर दिए हैं। फुटैज को एक साल तक सुरक्षित रखना होंगे ताकि गड़बड़ी होने पर उसका परीक्षण किया जा सके। इसके अलावा बीयू नकल पर अंकुश लगाने के लिए चार उडनदस्ते तैयार करेगा ।



**पेपर शुरू होने के दो दिन पहले तक छात्र जमा कर सकेंगे फार्म**

बीयू की परीक्षाएं शुरू होने के तीन दिन पहले तक विद्यार्थी एक हजार रुपये का विशेष विलंब शुल्क देकर परीक्षा फार्म जमा कर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यहां भी विद्यार्थी फार्म जमा करने से चूक जाते हैं, तो चार हजार रुपये का विशेष शुल्क देकर परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक फार्म जमा कर सकते हैं।

**सेमेस्टर के साथ जमा होंगे चौथे वर्ष के फार्म**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत इस साल से यूजी चतुर्थ वर्ष की परीक्षाएं कराई जाएंगी। बीयू ने चौथे वर्ष की परीक्षा कराने स्कीम तैयार कर ली है। बीयू को पीजी के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं कराना है। सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ चतुर्थ वर्ष की परीक्षाओं के फार्म खोले जाएंगे और उनके साथ ही टाइम टेबिल जारी कर परीक्षाएं तक कराई जाएंगी। बीयू को चौथे वर्ष में रिसर्च और आनर्स की परीक्षाएं कराना है।

> परीक्षाओं की सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि परीक्षाओं को नकल से मुक्त रखा जा सके।
> ■ **सुरेश कुमार जैन**, कुलगुरु, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

# उचेहरा जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना की हुई समीक्षा



**जागरण, सतना ।** प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 की समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद पंचायत उँचेहरा के सभागार में किया गया । समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत में संचार संकर्म स्थाई समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू नें की । इस अवसर पर जनपद सदस्य सुरेन्द्र द्विवेदीए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गुलाब चंद पाल सीईओ प्रभा टेकाम, पीएम आवास ब्लॉक समन्वयक लक्ष्मीकान्त तिवारीए अभिमन्यू गौतम समेत पीसीओ, एपीओ, समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित रहे । समीक्षा बैठक के दौरान जनपद पंचायत ऊँचेहरा अन्तर्गत समस्त 70 ग्राम पंचायतों में अब तक प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 की सर्वे पंजीयन की जानकारी पीएम आवास योजना के ब्लॉक समन्वयक लक्ष्मीकान्त तिवारी नें प्रस्तुत की ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू नें समीक्षा के दौरान कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में सर्वे पंजीयन की प्रगति 50 से नीचे है वहाँ के सर्वेयर बचे हुए दिनों में अपनी प्रगति को सुधारे । बैठक के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सर्वप्रथम निवासरत परिवारों को चिन्हित करें । तत्पश्चात पूर्व के समय में आवास का लाभ पा चुके परिवारों और गांव के सम्पन्न परिवारों को पृथक करले । शेष जो परिवार बचते है उनमें से ऐसा कोई भी परिवार पंजीयन सर्वे से नहीं बचना चाहिए जो आवास पाने की पात्रता श्रेणी में आता है । ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा की आवास पंजीयन में सर्वेयर की भूमिका निभा रहे अधिकारी ग्राम पंचायत में निवासरत परिवारों को आवास की पात्रता श्रेणी में चिह्नित कर सर्वे रिपोर्ट लिखित में जनपद पंचायत में संबंधित विभाग के पास जमा करे । पंजीयन के दौरान किसी भी प्रकार का पक्षपात पात्र हितग्राही के साथ न किया जाए । यदि क्षेत्र से किसी प्रकार की शिकायत पंजीयन में पक्षपात को लेकर आती है या फि पात्र हितग्राही का पंजीयन नहीं किया जाता है तब संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी । आवास पंजीयन सर्वे से संबन्ध अधिकारियों ने बताया कि आंख से दिव्यांग सिंगल सदस्य वाले परिवारों का पंजियन नहीं हो पा रहा है । इस पर समस्त दिव्यांग हितग्राहियों की सूची तैयार करने निर्देश दिए गए है ।सर्वे पंजीयन में पात्र हितग्राहियों के आधार वेरीपाई न होने तथा पहाड़ी आंचल में नेटवर्क की समस्या भी पंजीयन अधिकारियों के द्वारा रखी गई ।

## ग्रामोदय और संगीत विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू साइन

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट और राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के मध्य एमओयू साइन हुआ। यह अनुबंध दोनों विश्वविद्यालयो के मध्य अकादमिकए शोध एवं सांस्कृतिक आदान.प्रदान हेतु ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के कक्ष में हुआ। अनुबंध पत्र को दोनों विश्वविद्यालय के कुलगुरुओं ने एक दूसरे को सौंपा और विश्वास व्यक्त किया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयो अपने ज्ञानए अनुभव को आपस में साझा करते हुए नवाचारों को गतिशील बनाएंगे। इस मौके पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्राए राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो स्मिता सहस्त्रबुद्धेए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की कुलसचिव नीरजा नामदेव एवं उप कुलसचिव ;अकादमीद्ध डॉ साधना चौरसिया मौजूद रही।

# नि:स्वार्थ एवं स्वप्रेरणा से राष्ट्र सेवाकरनी चाहिए : प्रो भरत




**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा विद्यार्थियों को स्व प्रेरणा से राष्ट्र की सेवा करना चाहिए। इस आशय के विचार उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में व्यक्त किए।

उन्होंने माता.पिता एवं नवजात शिशु के बीच स्नेह और लालन पालन के उदाहरण को समझाते हुए विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे सतत राष्ट्र सेवा का लेवे ।प्रो भरत मिश्र ने अपने जीवन के व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उत्साहित करने वाले प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने मंदाकिनी नदी के स्फटिक शिला घाट को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। अस्तु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को भी प्रत्येक शनिवार स्फटिक शिला घाट एवं मंदाकिनी नदी को साफ करने हेतु संकल्प लेना चाहिए। प्रो मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्वयंसेवक शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ होता है कि स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र सेवा करना। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के ध्येय वाक्य को बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाएं। महंत श्री दिव्यजीवन दास जी महाराज ने अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट की पावन धरा का वर्णन किया।महाराज श्री ने कहा कि हमें अपनी भारतीय मूल संस्कृति से सदैव जुड़ा रहना चाहिए।उन्होंने सदैव अर्जुन की भांति लक्ष्य पर केंद्रित होकर सतत् आगे बढ़ते रहने की सलाह विद्यार्थियों को दिया कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमेश कुमार शुक्ल ने शिविर के उद्देश्यए औचित्य और उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## विकास सिंह को ग्रामोदय से पर्यटन प्रबंधन पीएचडी अवार्ड



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन संकाय में पंजीकृत शोधार्थी विकास सिंह पुत्र मोतीलाल सिंह निवासी उड़की माफी जिला चित्रकूट को उनके द्वारा किए गए शोध कार्य के मूल्यांकन एवं प्रस्तुति के उपरांत उन्हें पीएचडी अवार्ड की गई है। विकास सिंह के शोध कार्य के निर्देशक डॉ सी पी गुजर और सह निर्देशक प्रो अमरजीत सिंह है। इनका शोध शीर्षक रोल ऑफटूरिज्म डेवलपमेंट इन रूरल सेक्टर विथ स्पेशल रेफ्रेंस टू चित्रकूट रीजन है। विकास सिंह ने बताया कि पर्यटन की दृष्टि से चित्रकूट क्षेत्र में अपार संभावना हैए जिसमें आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में काम किया जा सकता है।

# कसौंधन वैश्य समाज का होली मिलन सम्पन्न




**जागरण, सतना।** कसौधन वैश्य समाज टिकुरिया टोला निवासी रामौतार गुप्ता जी के निजनिवास में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित हुआ। कसौधन वैश्य समाज जिला सतना के अध्यक्ष मनोज गुप्ता सम्मानित किए गए। पारंपरिक गीत,ग़ज़ल, फाग का गायन करते हुए होली मनाई गई। कसौधन वैश्य समाज टिकुरिया टोला सतना में आयोजित होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम दिनांक 23 मार्च 25 को दोपहर 12 बजे से आयोजित हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी रामौतार गुप्ताएमहेश प्रसाद गुप्ताएदिलीप गुप्ता डब्लूएसुरेश गुप्ता टेंगना द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित किया। होली मिलन समारोह में पूरे जिले के प्रमुख सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में भव्य रूप से होली का रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता जी को रेल्वे परामर्श दात्री समिति का सदस्य बनाए जाने पर शाल श्री फल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केशरी प्रसाद गुप्ता, कौशल प्रसाद गुप्ता अबेर, श्रीनाथ गुप्ता,कमलेश गुप्ता, जिला महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता अमिलिया, संगठन मंत्री हरिशंकर गुप्ता, निधिगोपाल गुप्ता,ज्ञानचंद गुप्ता, ऋषिकेश गुप्ता, कामता गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता,ओमप्रकाश गुप्ता,विनोद गुप्ता,राजेश गुप्ता,रामनरेंद्र गुप्ता,कमलेश गुप्ता, देवीदीन गुप्ता, अजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, अभिषेक गुप्ता,दयाल दास गुरु, गणेश गुप्ता, महेश गुप्ता,मदन गुप्ता आदि सैकड़ों बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गीत ग़ज़ल अपने भावों को व्यक्त करते हुए होलीमिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## महंत दिव्य जीवन दास ने कराया रामनाम कीर्तन का जाप



**सतना।** महन्त दिव्य जीवन दास जी ने अध्यक्षता करते शुरुआत मे मन शुद्धिकरण के लिए राम नाम कीर्तन का जाप कराया एवं चित्रकूट की पावन धरा का वर्णन किया महाराज जी ने कहा कि कामना करता हु कि।आप सभी के ज्ञान में प्रभु राम की तरह प्रखरता आएएमहाराज ने कहा कि हमें अपनी भारतीय मूल संस्कृति से सदैव जुड़ा रहना चाहिए एवं कहा कि हमें सदैव अर्जुन की भाती अपने लक्ष्य पर केंद्रित हो कर सतत् आगे बढ़ते रहना चाहिए।

# एकेएस में अभिभावक और शिक्षक रंगारंग होली मिलन समारोह संपन्न




**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में अभिभावक और शिक्षक होली मिलन समारोह का गरिमा पूर्ण आयोजन किया गया। रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजन में अभिभावकों के साथ संवाद किया गया। अभिभावक और शिक्षको के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करने के मिले इस अवसर पर शैक्षणिक प्रगति और सुधार के क्षेत्र पर गहराई से नजर डालने का अवसर भी मिला। अभिभावकों के साथ संवाद में संस्था के बारे में सामान्य दृष्टिकोणएअपने बच्चों के लिए बतौर अभिभावक संस्था का चयन करने का विशेष कारणएबच्चों के समग्र विकास के लिए सुविधा की आवश्यकता और संस्था को और अधिक मदद करने के लिए सुझाव शामिल रहे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों के बाद विश्वविद्यालय के ए ब्लॉक प्रांगण में रंग गुलाल से सभी उपस्थित जनों को होली की शुभ कामनाएँ दी गईं। होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजनाएनेशनल कैडेट कॉर्प्सए यूनिवर्सिटी कैडेट कॉर्प्स का विशेष सहयोग रहा। गया। इस मौके पर सह शैक्षणिक विकास पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का परिचय इंजीनियर आरण्केण्श्रीवास्तव ने दिया।आभार विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने व्यक्त करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के साथ छात्र छात्राओं के परिजनों का आत्मीय संबंध निर्मित होता है । जो सुझाव अभिभावकों की तरफ से कार्यक्रम के दौरान आए हैं उनका भविष्य में नियोजन भी किया जाएगा।

# विट्स के छात्रों ने 17 शोध पत्र प्रकाशित कर रचा इतिहास



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय का यह सतत् प्रयास रहा है कि छात्रों को शिक्षा के साथ–साथ अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रोत्साहित किया जा सके जिससे वे सामाजिक समस्याओं के निराकरण एवं नवाचार की दिषा में भी कार्य कर सके। इसी कडी में विट्स महाविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने 17 षोध पत्र प्रतिष्ठित अंर्तराष्ट्रीय जनरल्स में प्रकाषित कर एक बडी उपलब्धि हासिल की है। आमतौर पर स्नातक स्तर के छात्र षोध कार्यो में इतने सक्रिय नही होते, लेकिन विट्स के इन होनहार छात्रों ने अपनी कडी मेहनत और लगन से यह संभव कर दिखाया। छात्रों ने अपने षोध पत्रों में नवीनतम तकनीकों और डिजिटल समाधान जैसे विषयों पर गहन अध्यन एवं नवाचार षामिल है। छात्रों की उपलब्धि न केवल उन छात्रों के लिये गर्व की बात है बल्कि अन्य स्नातक छात्रों के लिये भी एक प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। यह षोध कार्य प्राध्यापक डा0 उदयसिंह कुषवाहा के कुषल मार्गदर्षन में हुआ। इस सफलता पर विट्स महाविद्यालय के चेयरमैन सुनील सेनानी, प्राचार्य डा0 पीके षुक्ला एवं कम्प्यूटर सांइस विभागाध्यक्ष डा0 कमलापती त्रिपाठी ने छात्रों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शहीद दिवस पर डेंगरहट में आयोजित की गई संगोष्ठी



**जागरण, सतना।** ग्राम पंचायत डेंगरहट के आंगनबाड़ी केन्द्र के हाल में नेहरू युवा केन्द्र सतना के जिला अधिकारी के निर्देशन एवं अकाउंटेंट एमपी द्विवेदी के मार्गदर्शन में शिवाजी युवक मंडल डेंगरहट के द्वारा शहीदी दिवस का कार्यक्रम प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला बकिया महेन्द्र पाण्डेय के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश तिवारी प्रधानाचार्य सरस्वती विद्यालय महिदल ए दिलीप त्रिपाठी श्रीमती सावित्री आदिवासी उपाध्यक्ष केशव ग्रामीण विकास शाखा सहकारी समिति मर्यादित डेगरहटए समाजसेवी रामचंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम लखन पाठक ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण गंगा प्रसाद तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत शिवाजी युवक मंडल के उपाध्यक्ष राम लोटन पाठक ने पुष्प गुच्छ दे कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथियों ने शहीदों के दिए गए बलिदान का स्मरण किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ मनोज पाठक ने शहीदों का स्मरण करते हुए कहा कि इनका बलिदान खाली नहीं जाएगा हम लोग उनके बताए हुए मार्ग पर चल रहे हैं और युवा पीढ़ी का आवाह्न करते हैं कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारे यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के चौकी छिबौरा अंतर्गत ग्राम बरती बेला छिबौरा सहित अन्य गाँवों में अवैध रूप से बिक रही शराब से युवा पीढ़ी पूर्ण रूप से नशे की लत में डूबती जा रही है और बेटियों एवं महिलाओं को घरों से बाहर निकलने में हो रही समस्याओं को देखकर जनपद सदस्य श्रीमती सुलोचना सिंह ने ग्रामीणों के साथ छिबौरा चौकी पहुंचकर अवैध शराब की बिक्री में रोक लगाने की मांग की है साथ ही कहा है कि अगर अवैध शराब पैकारी पर रोक नहीं लगाई गई तो वह धरने में बैठने के लिए मजबूर होगी जिसकी समस्त जवाबदारी विभागीय अधिकारियों की होगी जिसमें उनके साथ मुख्य रूप से रामकरण रजक लक्ष्मण प्रसाद रजक केदार प्रसाद रजक निर्मल प्रसाद रजक विजय आदिवासी लेखपाल सिंह बृजेश आदिवासी अशोक आदिवासी संध्या आदिवासी शैलेंद्र सिंह राम लखन सिंह भारत सिंह अजय सिंह भूपेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह महेश सिंह सहित दर्जनों लोग ज्ञापन सौंपने में उपस्थित रहे और अवैध शराब बिक्री को बंद करने की मांग की।

## एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जागरण, शक्तिनगर ।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर योजना के तहत आयोजित त्रैमासिक कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आज स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशकए एनटीपीसी सिंगरौली रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज उपस्थित रहीं। इस दौरान कुल 45 ग्रामीण युवक.युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं 30 ग्रामीण युवक.युवतियों जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राजीव अकोटकर ने उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं युवतियों को समकालीन दौर के रोजगार के लिए तैयार करने मे एक महत्वपूर्ण कदम हैं। एनटीपीसी सिंगरौली के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को तकनीकी कौशल से युक्त कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना थाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा में पूरे आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित हो सकें। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफबास्टियन महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण रश्मि रंजन मोहंती अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएँ सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन डी.एन. पाण्डेय उप महाप्रबंधक प्लांट सिविल मेंटेनेंस तथा वनिता समाज की सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं।

# आरटीओ की चेकिंग में कई वाहन मिले बिना फिटनेस

## चार वाहनों को बाबूपुर चौकी में खड़ा कराया




**जागरण, सतना।** सोमवार को आरटीओ संजय श्रीवास्तव द्वारा कोटर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये 5 वाहनो को जप्त किया गया है। इन पर टैक्स बकाया और दस्तावेज भी अपूर्ण बताये गये है इन वाहनो से तकरीबन 6 लाख रूपये टैक्स वसूल होगा। आरटीओ ने कार्यवाही वाहन सूची एमपी19एचए 2902 टैक्स 4 लाख 61 हजार रुपये एवं फिटनेस नहीं एमपी 19 एचए 2429 टैक्स 40हजार 440 रूपये एवं फिटनेस नहीं एमपी 19 एच 1970 राशि 57हजार 726 रुपये एवं फिटनेस नहीं एमपनी 19 एच 1579 बिना फिटनेस एमपी 19 जेडजे 1122 बाड़ी परिवर्तन एमपी 17 एचएच 4033 कागजात नहीं होने से 3 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया । 04 बाहन बाबुपुर चौकी में व एक वाहन आरटीओ आफिस में जप्त किया गया।

# अपराजिता सभी चुनौतियों पर विजय विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## एनटीपीसी सिंगरौली में विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर ।** एनटीपीसी सिंगरौली में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनका उद्देश्य कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों को संगठनात्मक मूल्यों नेतृत्व कौशल और व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन श्रीमती कृति दास प्रबंध निदेशक एवं श्रीमती अभिलाषा दास तकनीकी सहयोगी मानव अध्ययन केंद्र भुवनेश्वर द्वारा किया गया। यह सारे दिनों के कार्यक्रम ऑफ लाइन मोड में आयोजित किए गए। कोर वैल्यू एक्कुअलाइजेशन् विषय पर चार सत्र आयोजित किए गए जिनमें एनटीपीसी सिंगरौली के विभिन्न विभागों के कुल 209 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों में संगठनात्मक मूल्यों को आत्मसात कराना और कार्यस्थल पर उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाना था। जिसमें प्रतिभागियों को बताया गया कि कैसे कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को अपनाकर उनकी कार्यक्षमता और उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। तत्पश्चात् स्थानीय वनिता समाज की महिलाओं एनटीपीसी की महिला कर्मचारियों एवं गृहणियों के लिए अपराजिता सभी चुनौतियों पर विजय् विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भरता नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशलों के महत्व के बारे में बताया गया। जिसमें प्रशिक्षकों ने उन्हें सिखाया कि वे किस प्रकार जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकती हैं। इसी के साथ लीडरशिप ओनरशिप वैल्यूज ऑफइफेक्टिवनेस विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के कुल 54 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य नेतृत्व कौशल जिम्मेदारी की भावना और




कार्यस्थल पर मूल्यों की प्रभावशीलता को मजबूत करना था। इस सत्र में नेतृत्व के व्यावहारिक पहलुओ टीम वर्क और प्रभावी संचार पर चर्चा की गई जिससे कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में अधिक दक्षता और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिली। पर्चेज रिक्विजिशन बेसिक एंड क्रिएशन विषय पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया जिसका संचालन श्रीजीत कुमार पूर्व महाप्रबंधक एनटीपीसी लिमिटेड ने किया। इस कार्यक्रम में परियोजना के कुल 48 कर्मचारियों ने भाग लिया और खरीद प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं आवश्यकताओं और औपचारिकताओं पर विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त की। 22 को परिवर्तन . इन्हेंसिंग एटीट्यूड फॉर बेटर परफॉर्मेंस् नामक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय विद्यालयों एवं कॉलेज के शिक्षकों पुलिस सीआईएसएफ के जवानों निजी सुरक्षा कर्मियों संविदा कर्मियों आईसीएच शक्तिनगर एवं अप्रेंटिस ट्रेनी कर्मचारियों सहित 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# नि: शुल्क हृदय न्यूरोलोजी, किडनी, हड्डी एवं कैंसर चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**जागरण, सिंगरौली ।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत निशुल्क हृदय न्यूरोलोजी किडनी हड्डी एवं कैंसर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान यथार्थ हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा से डॉ. राघव केसरी कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.अक्षय शीरोडकर न्यूरोलोजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश कुमार किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपांकर वत्स हृदय रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. मुकेश शारकर हड्डी रोग विशेषज्ञ ने न्यूरोलोजी संबंधी हृदय रोग फेफड़ों से संबंधी रोग हड्डी रोग एवं कैंसर संबंधी समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।इस शिविर में 136 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

**ग्राम अजगूढ़ में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर:** एनसीएल एनएससी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत ग्राम अजगूढ़ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डा.अलीम मंसूरी मेडिसिन डॉ.अखिलेश कुमार मेडिसिन डॉ. स्वपना रानी स्त्री रोग एवं डॉ. सत्यम जनरल मेडिसिन ने उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया । शिविर के दौरान समान्य स्वास्थ्य जांच महिलाओं के मासिक धर्म एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच की गयी। इस शिविर में से 285 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता हेतु सैनीटेशन किट का भी वितरण किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत समय.समय पर ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहा है। एनएससी द्वारा समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 25 मार्च 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
सूर्य उदय - अस्त
06.14 अस्त : आज
06.04 उदय : कल
शहर का तापमान
33.0 0 अधिकत
17.0 0 न्यूनतम

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# टोल प्लाजा में सड़क से बाहर हुए दो पहिया वाहन



जागरण मनमानी

## हल्की बारिश में फिसलने लगते है दो पहिया वाहन

### एमपीआरडीसी के नियमों की सोनवर्षा टोल प्लाजा में उड़ रही धज्जियां

जागरण, सीधी

जिला मुख्यालय के समीपी सीधी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में संचालित टोल प्लाजा सोनवर्षा में मनमानी तौर पर दो पहिया वाहनों के लिए निर्धारित लेनों को बड़े वाहनों के लिए निर्धारित कर दिया गया है। वहीं दो पहिया वाहनों को निकलने के लिए सड़क के बाहर की जगह निर्धारित की गई है। करीब डेढ़ माह से ऐसे ऊबड़खाबड़ जगह से दो पहिया वाहन निकल रहे हैं। जिसके चलते उनके दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी रात में बढ़ जाता है। यदि हल्की बारिश भी हुई तो दो पहिया वाहनों के लिए निर्धारित कच्चे मार्ग में फिसलन बढ़ जाती है। जिसके चलते भी वाहन हादसे का शिकार कई बार हो चुके हैं। तत्संबंध में कई दो पहिया वाहन चालकों एवं तीन पहिया वाहन चालकों ने बताया कि एमपीआरडीसी के निर्धारित नियमों की इस टोल प्लाजा में खुलेआम अनदेखी की जा रही है। टोल प्लाजा संचालन के दौरान स्पष्ट निर्देश रहते हैं कि दो पहिया वाहन की आवाजाही के लिए अलग-अलग लेन की व्यवस्था रहे। फिर भी सोनवर्षा टोल प्लाजा में मनमानी तौर पर पूर्व से निर्धारित दो पहिया वाहनों के लेन को बड़े वाहनों के लिए निर्धारित कर दिया गया है। समूची सड़क के लेन में बड़े वाहनों की व्यवस्था कर देने के कारण दो पहिया वाहनों को अब कच्चे ऊबड़-खाबड़ मार्ग से निकलना पड़ रहा है। सोनवर्षा टोल प्लाजा में दक्षिणी दिशा में दो पहिया वाहनों के निकलने के लिए जो जगह निर्धारित की गई है वह काफी खतरे से भरा है। टोल प्लाजा प्रबंधन को दो पहिया वाहनों की सुविधा के लिहाज से पर्याप्त जगह देते हुए कंक्रीट की सड़क बनाई जानी चाहिए। जिससे हादसे का खतरा कम हो सके। वहीं उत्तरी दिशा में दो पहिया वाहनों के निकलने के लिए जो जगह हैं वहां टैंक होने से खतरा बना हुआ है।



### टोल प्लाजा के अंदर डंप हो रहा है राखड़



सोनवर्षा टोल प्लाजा में राखड़ लोड़ करके आने वाले वाहनों को रोंककर ओव्हरलोड़ राखड़ की कटिंग टोल प्लाजा के अंदर ही सड़क के किनारे करा दी जाती है। ऐसे में वर्तमान में टोल प्लाजा के अंदर भारी मात्रा में राखड़ का स्टाक हो गया है। हल्की भी हवा चलने पर राखड़ चारों तरफ उड़ने लगते हैं। इससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दो पहिया वाहनों से निकलने वाले लोगों की आंख में राखड़ पहुंच रहा है। यह अव्यवस्था काफी समय से टोल प्लाजा में बनी हुई है। टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर भी बड़ी लापरवाही दिखाई जा रही है। गर्मी का समय आ चुका है लेकिन यहां पेय जल की भी कोई व्यवस्था नहीं है वहीं प्रसाधन कक्ष में ताला बंद किया गया है।

सोनवर्षा टोल प्लाजा में पूर्व में दो पहिया वाहनों के निकलने के लिए निर्धारित लेन में अब बड़े वाहनों के लिए लेन निर्धारित कर दी गई है। इस वजह से दो पहिया वाहनों को बगल से निकलने का रास्ता दिया गया है। यदि दो एवं तीन पहिया वाहनों को निकलने में असुविधा हो रही है तो वहां जल्द ही समतलीकरण कराकर मार्ग को सही कराया जाएगा। जहां तक टोल प्लाजा में डंप राखड़ का मामला है उसके लिए अपने क्षेत्र में वह व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। जिससे असुविधा न हो।

**उदयवीर शर्मा, मैनेजर टोल प्लाजा सोनवर्षा**

यदि बिना अनुमति के दो पहिया वाहनों के लेनों को बंद कर बड़े वाहनों को जगह दी गई है तो यह गलत है। यह मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। तत्संबंध में वह एनएचआई एवं एमपीआरडीसी के अधिकारियों से बात कर यह सुनिश्चित कराएंगे कि दो पहिया वाहनों के निकलनेके लिए व्यवस्थित जगह का निर्धारण किया जाए। इस संबंध में जल्द ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जिससे दो पहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित जगह का निर्धारण हो सके।


**नीलेश शर्मा, एसडीएम गोपद बनास सीधी**

## मेढ़ौली में अज्ञात लोगों ने गाय का काटा सिर

**जागरण, सीधी।** जिले में पुलिस चौकी सिहावल के ग्राम पंचायत मेढ़ौली में अज्ञात लोगों के द्वारा गाय के सिर को बड़े ही कूरता के साथ काटकर धड़ से अलग कर दिया। आज सुबह संदिग्ध हालत में गाय का कटा सिर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। हैरत की बात तो यह है कि काफी तलाश के बाद भी गाय का धड़ नहीं मिला। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शिकार की मंशा से गाय को मारा गया है। सूचना मिलने पर सिहावल चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विवेचना में जुट गई।अज्ञात लोगों के खिलाफ गौ हत्या का मामला भी दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद गौ सेवकों ने तालाब के किनारे गाय के सिर को दफना दिया। वहीं गाय का सिर तो मिला पर धड़ कहां गया इस पर गौ सेवकों और ग्रामीणों ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए गाय का शिकार करने का आरोप भी लगाया। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में पुलिस के हाथ शिकारियों तक पहुंचते हैं या फिर पुलिस की निष्क्रियता की वजह से शिकारियों के हौसले और बुलंद होते हैं। हालांकि सिहावल क्षेत्र में यह कोई नया मामला नहीं है इस तरह के कई मामले इसके पहले भी सामने आ चुके हैं परंतु सुर्खियों तक ही सीमित रह गए।

## कमला कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**जागरण, सीधी।** स्थानीय कमला स्मृति महाविद्यालय सीधी में सोमवार को कला संकाय द्वारा अंग्रेजी साहित्य का इतिहास एवं महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित सिंह सहित समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा श्रीगणेश व माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



विभिन्न पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमशः जय अंसारी एवं ग्रुप द्वारा अंग्रेजी साहित्य के इतिहास 950 से 2000 ई. तक के लेखकों एवं रचनाओं विलियम शेक्सपियर, जाफरी चौसर मिल्टन, रवींद्रनाथ टैगोर, सरोजिनी नायडू के विभिन्न साहित्यिक योगदानों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। दूसरे क्रम में आकांक्षा सिंह चौहान एवं समूह के माध्यम से अंग्रेजी भाषा के ध्वनि विज्ञान एवं उच्चारण पर प्रकाश डाला गया। आखरी पीपीटी प्रेजेंटेशन खुशी गुप्ता एवं समूह के माध्यम से अंग्रेजी भाषा का भारतीय समाज में उपयोग और साहित्य के साथ सामंजस्य और विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे सहायक प्राध्यापक विनय त्रिपाठी द्वारा अंग्रेजी विषय के प्रति भारतीय समाज की सोच और नजरिये की व्याख्या की गई। प्राचार्य द्वारा समाज एवं शिक्षा को जोड़कर अंग्रेजी की आवश्यकता एवं जागरूकता की बात की गई। इस दौरान प्रकाश नारायण सिंह, डॉ. सुनीता सक्सेना, धीरेन्द्र कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल नायर, मंगलेश्वर गुप्ता, अभिनव शुक्ला, डॉ. प्रीति शुक्ला, नरेन्द्र मिश्रा, हंसराज सिंह, नीतू सिंह, सृष्टि गुप्ता, सुषमा देवी तिवारी, रामायण प्रसाद भट्ट, पन्नालाल गोस्वामी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में बम्हनी की टीम बनी विजेता



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया क्षेत्र के ग्राम ओबरहा में चल रहे स्व. धर्मराज सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञान प्रताप सिंह चौहान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सीधी, अध्यक्षता विधि पूजन द्विवेदी अधिवक्ता मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर, विशिष्ट अतिथि कृष्ण दास साकेत सदस्य जिला पंचायत सीधी, सनत कुमार केवट सरपंच ग्राम पंचायत ओबरहा रहे। मैच की शुरूआत स्व. धर्मराज सिंह की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों टीमों के से परिचय प्राप्त करने के उपरांत टास किया गया, जिसमें ओबरहा की टीम टॉस जीतते हुए पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। इसके जवाब में बम्हनी स्टार 11 ने निर्धारित 15 ओवर में 233/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में विंध्य 11ओबरहा ने 162/5 पर ही बना सकी और बम्हनी ने मैच आसानी से जीत कर विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच कुलदीप द्विवेदी 62(18) तथा मैन ऑफ द सीरीज नागेश्वर सिंह 168 रन तथा 2 विकेट मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस मैच में प्रमुख रूप से टूर्नामेंट के संरक्षक एड. विनोद विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी सीधी तथा आयोजक धर्मेंद्र सिंह सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया कामता मिश्रा, तेजस्वी मिश्रा, शिव बहादुर सिंह, राजीव विश्वकर्मा, शिव भक्त केवट, राजेश विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, शंभू सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अनुज विश्वकर्मा, जितेंद्र राणा तथा हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## प्रियंका को खेलो इंडिया वूशु वूमेंस नेशनल में ब्रोंज मेडल



**जागरण, सीधी।** जिले की बेटी प्रियंका केवट पिता शिवराज केवट माता सोनिया केवट जो की पुराना स्टेट बैंक के पास पुलिस लाइन सीधी की हैं। उन्होंने खेलो इंडिया वूशु वूमेंस नेशनल लीग सीनियर जो की 20 से 23 मार्च 2025 तक बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई उसमे 45 किलो ग्राम में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इसके पहले एथेंस ग्रीस इंटरनेशनल में उन्हें सिल्वर मेडल मिला था। प्रियंका केवट ने इसका श्रेय अपने माता-पिता व पुलिस अधीक्षक सीधी जिला खेल अधिकारी सीधी व कोच मानिंद शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला सीधी को दिया है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव एवं सभी खेल प्रेमियों सहित सीधी शहर के अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की। जिले में खुशी की लहर, उड़ान आसमान छूने की एक बार फिर गौरवान्वित हुआ जिला। सीधी खेल जगत की ओर से भी बधाई दी गई।

## जब तक मनुष्य है तब तक विचार हैं: प्रो. पुरुषोत्तम



**जागरण, सीधी।** भगत सिंह के बलिदान दिवस पर विप्लवी पुस्तकालय गोदरगामां, बेगूसराय में दो दिवसीय सालाना जलसा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नामवर सम्मान से नवाजे गए जेएनयू दिल्ली के भाषा विज्ञान के अध्यक्ष प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल ने प्रगतिशील चेतना के सौ साल और चुनौतियां जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा औरंगजेब पर पिछले दस दिनों से मीडिया पर चर्चा हो रही है, लेकिन एक उद्योगपति एवं नीति आयोग के पूर्व सीईओ द्वारा काम के पंद्रह घंटे करने की वकालत होती है। उस पर न मीडिया ने चर्चा की, न किसी विपक्षी नेता की टिप्पणी आई कि आखिर काम के पंद्रह घंटे क्यों, एक घंटे कार्यस्थल पर जाने के दो घंटे नित्य कर्म से निवृत्त होने के चार ही घंटे सोने के रख लें, तो केवल दो घंटे बचे एक पति होने के लिए, पत्नी होने के लिए, मित्र होने के लिए हम सामाजिक मूल्य के क्षरण की बात करते हैं, लेकिन इसके कारण पर चर्चा नहीं करते कि क्यों हम बात-बात पर हिंसात्मक हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए मजदूरों को आंदोलन करने की जरूरत है, गांधी के वैचारिक राजनीति को बढ़ाना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। जब तक मनुष्य है तब तक विचार हैं विचार का अंत नहीं होता, क्योंकि वैचारिक पहचान से जो व्यक्ति पहचान बनाता है वह कभी खत्म नहीं होता। मार्क्सवादी चिंतक अनिल राजिमवाले ने कहा आज हमारे इतिहास की किताबों को बदला जा रहा है। संविधान बदलने का प्रयास हो रहा है। इसलिए जनतंत्र को बचाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत है। तभी हम प्रगतिशील चेतना से लैस होंगे। भगत सिंह कहा करते थे मानव के बीच एकता पैदा करें ताकि हम प्रतिगामी ताकतो को परास्त कर सके। मध्य प्रदेश से आए प्रगतिशील लेखक संघ सीधी के अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह ने कहा जब प्रगतिशील ताकते सही ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वाह नहीं कर पाती तभी प्रतिक्रिया वादी ताकते प्रभावी होती हैं। हमें सही मित्रों की तलाश सही जगह में करनी चाहिए। आज जनता के सवालों को लेकर जनता के बीच जाने की जरूरत है। यह तभी संभव है जब सभी प्रगतिशील ताकते एकजुट होकर प्रतिक्रियावादी ताकतों से मुकाबला करेंगी।

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक व संचालक परम पूज्य परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नशाविरोधी अभियान चलाया जा रहा है, उसी को गति प्रदान करने मे रात-दिन एक कर रहे हैं। उसी कडी मे कुशमी थाना क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा की बढ़ती बिक्री पर रोक लगाने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने संयुक्त रूप से पहल की। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह व भगवती मानव कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष हिंछलाल पटेल के के अगुवाई में रविवार को कुशमी थाना प्रभारी भूपेश बैस को ज्ञापन सौंपा और अवैध नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय संगठन व पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में नशे की लत बढ़ रही है। जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में है और समाज में अपराध भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि अवैध शराब और गांजा बेचने वालों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि समाज को इस बुराई से बचाया जा सके। इस मौके अशोक सिंह, हिंछलाल पटेल, महेश गुप्ता, वृजालल पनिका, रमानंद पनिका, अंचल उपाध्याय, ओंकार गोस्वामी, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुंदर लाल गुप्ता, रामकरण पनिका, रामबदन साकेत, राम स्वरूप विश्वकर्मा, देवराज कुशवाहा श्रीकांत मिश्रा सहित काफी संख्या में संगठन व पार्टी के उपस्थित रहे।

# नरेन्द्र बहादुर सिंह, मान्या पाण्डेय का हुआ सम्मान

## बघेली महोत्सव रीवा में सम्मानित किए गए जिले के लोकगायक

### तीन-पांच चैनल के द्वारा राज कपूर ऑडिटोरियम में किया गया था आयोजन



जागरण, सीधी

बघेली लोकगीत व बघेली बोली को आगे बढ़ाने वाले विंध्य के लोक कलाकारों को सम्मानित करने के लिए तीन-पांच चैनल के द्वारा रीवा के राजकुमार ऑडिटोरियम में बघेली महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय लोकगायिका मान्या पाण्डेय एवं जिले के ख्यातिप्राप्त लोक गायक नरेन्द्र बहादुर सिंह को भाजपा जिला अध्यक्ष बीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम रीवा के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, आयोजन समिति के प्रमुख उमेश मिश्रा लखन, श्रीमती रीती सरगम पाण्डेय के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकगायिका मान्या पाण्डेय ने बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन पांच चैनल के संचालक उमेश मिश्रा लखन एवं श्रीमती रीती सरगम एवं उनकी टीम के द्वारा विंध्य के पांच बघेली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें सतना के प्रशिद्ध संगीत शिक्षक विनोद मिश्रा, रीवा के बघेली साहित्यकार जगजीवनलाल तिवारी, सीधी के प्रशिद्ध लोकगायक नरेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती गीता बनर्जी, अभिनंदन कुंदेर को बघेली रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान विंध्य के सभी जिलों के 100 से ज्यादा लोकगायक, गायिकाओं के द्वारा बघेली संस्कार गीत, बघेली लोकगीत, बघेली ऋतु गीत, बघेली अनुष्ठान गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही विंध्य के प्रशिद्ध नृत्य दुलदुल घोड़ी, काली नृत्य आदि की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में तीन-पांच चैनल के कलाकारों द्वारा हास्य नाटिका की भी प्रस्तुति की गई। बघेली महोत्सव में सीधी के लोक कलाकारों की धूम रही। जहां एक ओर राष्ट्रीय लोकगायिका मान्या पाण्डेय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं दूसरी ओर लोक गायक नरेन्द्र बहादुर सिंह के बघेली लोक गीतों के संकलन व लिपिबद्ध करने को लेकर काफी चर्चा रही। इस दौरान विंध्य के साहित्यकार, कवि, लोक कलाकार, लोक नर्तक, लोक वादकों को भी सम्मानित किया गया।

## धारदार हथियार लहराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस नेए धारदार हथियार लहरा कर आमजन में भय उत्पन्न करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धारदार हथियार जप्त करते हुए दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत पृथक पृथक मामले दर्ज किये हैं।पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को कल दिनांक 23 मार्च 2025 को मुखबिर सूचना मिली की जोजो साकेत नाम का व्यक्ति सोनाखाड़ मार्ग मे एक लोहे का बका लेकर लोगों को दिखाकर डरा धमका रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी कोतवाली ने प्रधान आरक्षक रणबहादुर सिंह एवं पुलिस टीम को रवाना किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर देखा तो सोनाखाड़ रोड पर एक व्यक्ति लोहे का बका लिये हुये मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिससे घेराबंदी कर मौके से पकड़ा गया जो अपने कब्जे मे एक लोहे का धारदार बका लिये हुये था उसका नाम पता पूंछा तो दीपक साकेत उर्फ जोजो पिता बशिष्टमुनि साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी रामपुर पटेहरा थाना कोतवाली सीधी का होना बताया। जिसके पश्चात धारदार हथियार कब्जे में लेते हुए उक्त व्यक्ति को थाना लाया गया एवं उक्त व्यक्ति द्वारा अबैध रूप से धारदार हथियार बका रखे जाने से मामला धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट के दण्डनीय पाये जाने से आरोपी दीपक साकेत उर्फजोजो पर अपराध कायम कर मामला विवेचना मे लिया गया है। वहीं दूसरे मामले में थाना प्रभारी कोतवाली को कल दिनांक 23 मार्च 2025 को मुखबिर सूचना मिली कि मोहम्मद अंसार नाम का व्यक्ति इन्द्रानगर मार्ग मे एक लोहे का बका लेकर लोगों को दिखाकर डरा धमका रहा है। सूचना कि तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी कोतवाली ने प्रधान आरक्षक विकास पाण्डेय एवं पुलिस बल रवाना किया जो मौके पर रवाना हुआ एवं पुलिस बल को इन्द्रानगर विद्युत स्टेशन के पास संदिग्ध व्यक्ति मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिससे घेराबंदी कर मौके से पकड़ा गया जो अपने पास एक सफेद झोला लिया था जिसकी तलासी ली गई जिसमे लोहे की दो रिंच एवं एक पाना तथा एक धारदार बका लिये हुये था उसका नाम पता पूंछा तो मोहम्मद अंसार पिता गुलाब मोहम्मद उम्र 20 वर्ष निवासी अमहा लाली माटी थाना कमर्जी सीधी का होना बताया। उसके पश्चात आरोपी आरोपी मोहम्मद अंसार के विरुद्ध धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक रणबहादुर सिंह, जयराम सैनी, विकास पाण्डेय, आरक्षक सुरेंद्र सिंह व संजय सोलंकी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत की जिला बैठक संपन्न

## प्रखंड सिहावल में आयोजित हुई बैठक

### जिले के छः प्रखंडों के पदाधिकारी रहे उपस्थित





जागरण, सीधी

विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत सीधी की जिला स्तरीय बैठक दिनांक 23 मार्च 2025 को जिला बैठक प्रखण्ड सिहावल खंड अमिलिया दा रॉयल पब्लिक स्कूल में समय 12 बजे दोपहर गणेश सिंह जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता जिला पालक राजेन्द्र सिंह प्रान्त सत्संग प्रमुख और पुजेरी लाल मिश्र विभाग मंत्री के उपस्थित में सर्व प्रथम मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम दरबार पूजन व दीप प्राज्वलित स्वस्तिवाचन कर बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में आठ प्रखंडों में से छः प्रखण्ड शामिल हुए। केन्द्रीय मार्गदर्शन मण्डल द्वारा पारित प्रस्ताव का वाचन कर अनुमोदन किया गया। जिला पालक राजेन्द्र सिंह ने छः माह पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी छः माह की योजना पर चर्चा हुई। 30 मार्च 2025 विक्रम संवत्सर 2082 नव वर्ष भगवान श्री राम के जन्मोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव, सीता नवमी पर कार्यक्रम पर योजना बनाई गई। सभी प्रखण्ड स्तर में भगवान श्री राम शोभा यात्रा और ग्राम समिति खण्ड समिति में छोटे-छोटे कार्यक्रम होगे। जिला स्तर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक भगवान श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम होगा। जिले में दायित्व में परिवर्तन हुआ। राजेन्द्र सोनी को नगर अध्यक्ष, भास्कर सिंह को जिला कोषाध्यक्ष प्रखण्ड सिहावल में श्रीमती सुशीला देवी रावत मातृशक्ति संयोजिका, आशुतोष को मठ मन्दिर अर्चक पुरोहित प्रखण्ड मझौली में मनोज द्विवेदी को प्रखण्ड सह मंत्री बैठक में जिले और प्रखण्ड पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धीरेश मिश्र प्रचार-प्रसार प्रमुख ने दी।

## समय-सीमा पर सुनिश्चित करायें निराकरण: कलेक्टर

**जागरण, सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। गत माह शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग में निम्न प्रदर्शन करने वाले एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के निराकरण की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायेगे। सभी विभाग प्रदेश में अपनी रैंक सुधारने पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। सभी उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की खण्डस्तर पर नियमित समीक्षा करेंगे।

# यूसीएन मास पब्लिक स्कूल ने शासकीय भूमि में किया अतिक्रमण

## कलेक्टर और एसडीएम गोपद बनास से हुई शिकायत

### शासकीय भूमि पर स्वयं का खेल मैदान बनाने का किया जा रहा प्रयास





जागरण, सीधी

नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय भूमियों पर अतिक्रमणकारियों की गिद्ध जैसी नजर लगी हुई है। जहां भी खाली भूमि नजर आई वहीं पर किसी न किसी बहाने कब्जा करने का प्रयास किया जाता है। इसी तरह का प्रयास शहर के स्टेडियम मार्ग में रमा गोविंद पैलेस के पीछे संचालित यूसीएन मास पब्लिक स्कूल सीधी के संचालक द्वारा स्कूल के पीछे स्थित शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर उसे खेल मैदान बनाते हुए अपने कब्जे में ले लिया गया है। करोड़ों की शासकीय भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा करने की लिखित शिकायत आज गोपद बनास एसडीएम से लिखित रूप से की गई। शिकायत में कहा गया है कि यूसीएन मास पब्लिक स्कूल सीधी के संचालक सूर्यप्रकाश सिंह द्वारा करोड़ों की शासकीय भूमि को हजम करने के लिए इसको अवैधानिक तरीके से खेल मैदान बना लिया गया है। बच्चों के खेल मैदान की आड़ में उनके द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। शिकायतकर्ता समाजसेवी रजनीश तिवारी सीधी ने बताया कि यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के संचालक अपने रिहायशी भवन पर आठवीं तक स्कूल संचालन किए हैं और बिना मान्यता के 9वीं की कक्षाएं संचालित किए हुए हैं। निजी स्कूल खोलने के लिए जो मापदंड की जरूरत है उसका पालन नहीं किया जा रहा है। अपने रिहायशी मकान के कमरों पर स्कूल का संचालन कर दिया गया है। जिससे अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त विद्यालय के पास न तो खेल का मैदान है और न ही प्रयोगशाला है। बच्चों के लिए लाइब्रेरी आदि की भी व्यवस्था नहीं की गई है। अभिभावकों को तरह-तरह की शिक्षा देने का वायदा कर अप्रशिक्षित शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। जबकि अभिभावकों से स्कूल के अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं से भी मोटी फीस वसूली जा रही है। स्वयं का खेल मैदान न होने के कारण स्कूल के पीछे पड़ी शासकीय भूमि को अपने कब्जे में लेकर खेल मैदान बना दिया गया है। जिसको लेकर मोहल्ला के लोगों ने आपत्ति करना चालू कर दिया है। विद्यालय के संचालक द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत भी कलेक्टर व एसडीएम से की जा चुकी है। यदि तत्काल शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का प्रयास नहीं किया जाता तो लोग न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर हो जाएंगे। बताया गया है कि यूसीएन मास के संचालक अपनी राजनीतिक पहुंच की धौंस देकर शासकीय भूमि में अवैध कब्जा किए हुए हैं।

# दुकानदार ने किशोर को पीटा, नाराजगी में किशोर ने कर ली आत्महत्या

## परिजनों ने किया चक्काजाम, दुकानदार पर कार्रवाई की मांग

जागरण, लवकुशनगर

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ी शनिवार दुकानदार द्वारा किशोर के साथ मारपीट किए जाने के बाद किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन, किशोर को जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नाराज परिजनों ने जिला मुख्यालय के छत्रसाल चौक पर चक्काजाम करते हुए मारपीट करने वाले दुकानदार पर सख्त कार्रवाई की मांग की।



### क्या है मामला

थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ी निवासी किशोर अहिरवार ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंशु, गांव के रामा शुक्ला की दुकान पर सामग्री खरीदने गया था। इसी दौरान अंशु ने दुकान का कुछ सामान छू लिया जिससे रामा शुक्ला नाराज हो गया और उसने जातिसूचक गालियां देते हुए अंशु के साथ मारपीट कर दी अंशू की पीठ पर चोटें आई थीं। मारपीट के बाद अंशु ने अपने घर जाकर फांसी लगा ली। जैसे ही परिजनों को मामले की जानकारी लगी वे घर पहुंचे और आनन-फानन में अंशु को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अंशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं जब यह जानकारी भीम आर्मी को लगी तो भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संतोष रैदास सहित दलजीत सिंह राजपूत भी जिला अस्पताल पहुंच गए। नाराज परिजन जिला अस्पताल के बाहर छत्रसाल चौराहे पर चक्काजाम कर मारपीट करने वाले रामा शुक्ला पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे

### वीडियो ग्राफी के साथ हुआ पीएम

रविवार को दोपहर बाद मृतक का पीएम लवकुशनगर में डॉक्टरों की मौजूदगी में किया गया जिसकी वीडियो ग्राफी कराई गई इसके बाद एसडीएम तहसीलदार व पुलिस बल बेड़ी पहुचा और मृतक का अंतिम संस्कार कराया।

# राजीव गांधी वार्ड में 13 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड

## महापौर एवं स्थानीय पार्षद की उपस्थिति में भूमिपूजन संपन्न



**कटनी।** नगर निगम सीमान्तर्गत राजीव गांधी वार्ड स्थित आबकारी मोहल्ले के नागरिकों का आवागमन सुलभ बनाने के लिए वार्ड में लगभग 13 लाख की धनराशि से सीसी सड़क बनने जा रही है जिसका रविवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्थानीय पार्षद प्रेमवती डब्बू रजक की उपस्थिति में वार्ड नागरिक निधि तनु चौधरी से विधिवत भूमि पूजन कराया गया। भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय जनों द्वारा महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया साथ ही शहर में निरंतर हो रहे विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया।

**पानी की समस्या का होगा निराकरण : महापौर :** भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने स्थानीय जनों से सीधा संवाद करते हुए वार्ड में साफ सफाई, पेयजल इत्यादि की जानकारी लेकर उनकी समस्याओं को सुना जिस पर स्थानीय जनों द्वारा पाइपलाइन नहीं होने के कारण पानी की समस्याओं से अवगत कराया। वार्ड वासियों की पानी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए महापौर ने अधिकारियों को पाइप लाइन डालने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय जनों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, पार्षद शकुन्तला सोनी, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, ठेकेदार मयूर जैन, वीरेंद्र कुमार साकेत, श्यामलाल चौधरी, हरछट लाल चौधरी, लव कुश, राज चौधरी, किशन चौधरी, मुरली चंद चौधरी, माधव चौधरी, राजेश चौधरी, सरोज चौधरी, लक्ष्मी चौधरी, मनु चौधरी स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।


### चेक अनादरण की सूचना

प्रति,
जय प्रकाश शुक्ला पिता द्वारिका प्रसाद शुक्ला मकान नं0 83 वार्ड नं0-13 हनुमान मंदिर के पास किरहाई पो. इटमा जिला सतना (म.प्र.) -485775 प्रो. महामाया बीज भण्डार एण्ड मशीनरी स्टोर्स अमरपाटन जिला मैहर (म.प्र.)

आपके द्वारा मेरे पक्षकार रूद्र एसोसियेट समान रीवा को फर्म की देनदारी का भुगतान करने के लिए 7,90,000/-रू0 का चेक क्रमाक 036236 सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा अमरवा अमरपाटन सतना दिनांक 24.02.2025 को भुगतान हेतु दिया था, जो बैंक मे प्रस्तुत करने पर Funds In Sufficient की टीप अंकित कर दिनांक 25.02.2025 को अनादरित कर दिया गया है, जिसकी सूचना व्यक्तिगत एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से आपको प्रेषित की जा चुकी है। अतः जरिये प्रकाशन आपको सूचित किया जाता है कि चेक में लिखित राशि 7,90,000/-रू. का भुगतान 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार रूद्र एसोसियेट को करके पावती प्राप्त कर लेवे। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार विधिक कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जबावदारी आपकी होगी।
दिनांक: 24.03.2025

प्रार्थी
रूद्र एसोसिशयेट एन.एच. 7
समान रीवा द्वारा
प्रो. अनुराग दुवे पिता रामसिया दुवे
निवासी रूद्र एसोशियेट
समान थाना समान
तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

द्वारा अधिवक्ता
न्यायालय
मनोज कुमार द्विवेदी (एडवोकेट)
वशिष्ट कैम्पज समान रीवा (म.प्र.)
मो0नं0-9424933136


# जल निगम, घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति बढ़ाए : कलेक्टर

## टीएल बैठक में की गई विभिन्न कार्यों की समीक्षा



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, अनुभागों के एसडीएम, जनपदों के सीईओ, निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने टीएल के प्रकरणों, पीएम विश्वकर्मा योजना, 2025-26 के फसल उपार्जन, फॉर्मर रजिस्ट्री, समग्र ई-केवायसी, 70 प्लस आयुष्मान कार्ड, गिरदावरी, जल जीवन मिशन, सीएस मॉनिट एवं भू-अर्जन आदि बिन्दुओं सहित अंतर्विभागीय मुद्दों पर समीक्षा की। कलेक्टर श्री जैसवाल ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए उद्योग विभाग छतरपुर को पंचायतवार डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। रबी उपार्जन वर्ष 2025 26 में (गेहूं, चना, मसूर, सरसों) में तहसीलवार किसानों के पंजीयन की समीक्षा करते हुए तहसील घुवारा, बड़ामलहरा, छतरपुर नगर एवं गौरिहार को कम सत्यापन होने पर और अधिक सत्यापन कराने को कहा। फार्मर रजिस्ट्री अंतर्गत फार्मर आईडी जनरेट रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए एसडीएम लवकुशनगर, चंदला, बड़ामलहरा, छतरपुर नगर एवं बिजावर को विशेष रूप से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र ई केवाईसी में जनपद सीईओ नौगांव की प्रगति बहुत खराब होने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को भी प्रगति बढ़ाते हुए विशेषरूप से नपा छतरपुर, नप हरपालपुर को भी प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आधार से बने आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी कराने के निर्देश भी दिए गए है। कलेक्टर ने 70 प्लस आयुष्मान कार्ड में समग्र से बने कार्ड के अलावा आधार से बने आयुष्मान कार्ड के लिए ई केवाईसी कराने के निर्देश दिए।

# ट्रेन से कटकर युवक-युवती ने की आत्महत्या



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र नयागांव रेलवे लाइन में एक युवक एवं युवती का शव देखने पर रेलवे ट्रेक मेंटेनेंस कर्मी कृष्ण कुमार यादव के द्वारा बताया गया की बीती रात्रि के समय लगभग 12 बजे करीब जिसमे लड़के की उम्र लगभग 28 से 29 के बीच है और वही लड़की की उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष के बीच है जानकारी मिली की कुठला थाना क्षेत्र नयागांव रेलवे लाइन पर युवक-युवती दोनों ने मिलकर रेलवे ट्रेक पर लेट कर आत्महत्या की। इस घटना की जानकारी कुठला थाना व रेलवे के उच्च अधिकारी को तत्काल दी गई। घटना के आधार पर उच्च अधिकारी मामले की पूर्ण जाँच कर रहे है।


### चेक अनादरण की सूचना

प्रति,
अंजनी सिंह पिता रामनिवास सिंह प्रो. अंजनी ब्रदर्स वीरखाम (कपसा) तहसील सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

आपके द्वारा मेरे पक्षकार रूद्र एसोसियेट समान रीवा को फर्म की देनदारी का भुगतान करने के लिए 2,00,000/- रू. का चेक क्रमाक 322149 यूनियन बैंक आफ इंडिया रीवा ट्रांसपोर्ट नगर शाखा रीवा दिनांक 24.02.2025 को भुगतान हेतु दिया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर Funds In Sufficient की टीप अंकित कर दिनांक 25.02.2025 को अनादरित कर दिया गया है, जिसकी सूचना व्यक्तिगत एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से आपको प्रेषित की जा चुकी है। अतः जरिये प्रकाशन आपको सूचित किया जाता है कि चेक मे लिखित राशि 2,00,000/-रू. का भुगतान 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार रूद्र एसोसियेट को करके पावती प्राप्त कर लेवे। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार विधिक कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जबावदारी आपकी होगी।
दिनांक 24/03/25

प्रार्थी
रूद्र एसोसिशयेट एन.एच. 7
समान रीवा द्वारा
प्रो. अनुराग दुवे पिता रामसिया दुवे
निवासी रूद्र एसोशियेट
समान थाना समान
तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

द्वारा अधिवक्ता
न्यायालय
मनोज कुमार द्विवेदी (एडवोकेट)
वशिष्ट कैम्पज समान रीवा (म.प्र.)
मो0नं0-9424933136



### सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश), रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित

-वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना-

(SECOND CALL /THIRD CALL)

सैनिक स्कूल रीवा 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 की अवधि के लिए निम्नलिखित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबंधों के लिए पंजीकृत एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित कर रहा है:-

| क्र. | श्रेणी | |
|---|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ के आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY- I) |
| 2. | विभिन्न प्रकार के सेवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-II) |
| 3. | स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के दुकान संचालन के लिए वार्षिक अनुबंध | (CATEGORY-III) |
| 4. | घोड़ों के खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-IV) |
| 5. | सामान्य दवाओं और घोड़े की दवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-V) |
| 6. | तरणताल संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-VI) |

निविदाओं की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सैनिक स्कूल रीवा की वेबसाइट www.sainikschoolrewa.ac.in देखें।

प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश)



### कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सीधी, जिला-सीधी (म0प्र0)

कोतवाली रोड, जिला- सीधी 486661 म.प्र. E-mail :- dfot.sdh@mp.gov.in Ph.07822-252235

क्रमांक/भण्डार/2025/निविदा/2177 सीधी, दिनांक/18/03/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

--00--

वन मण्डल अधिकारी सीधी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में वानिकी कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति वावत् एम0पी0 टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | सामग्री का विवरण | एम.पी. ई-टेण्डर क्र. | पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | फेसिंग सामग्री-आर.सी.सी. पोल | 2025_MPFD_410422_1 | 25.03.2025 |
| 2 | प्रजातिवार पौधा | 2025_MPFD_410424_1 | 25.03.2025 |
| 3 | सड़ी हुई गोवर खाद/हड्डी चूरा/नीम खली/केचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) | 2025_MPFD_410427_1 | 25.03.2025 |

उक्त ई-निविदा का प्रकाशन ई-प्रक्योर्मेन्ट पोर्टल - https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा, ई-निविदा संबंधी समस्त विवरण पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक से देखा, पढ़ा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदा संबंधी किसी भी प्रकार का संशोधन/शुद्धिपत्र या अन्य निविदा संबंधी सूचना केवल पोर्टल के माध्यम से प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। इच्छुक व्यापारीगण/संस्था/निविदाकार वानिकी कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु एम.पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से सादर आमंत्रित है।

G-24696/24

वन मण्डल अधिकारी
सीधी (म0प्र0)



### म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

**दुकान हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी अन्तर्गत दीनदयाल प्लाजा रीवा में आवंटित दुकान क्र. 29 श्रीमती रामदुलारी शर्मा पति श्री राघव प्रसाद शर्मा को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 04.09.2024 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता श्री राघव प्रसाद शर्मा का नाम दर्ज है। उक्त दुकान के नामान्तरण हेतु श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राघव प्रसाद शर्मा के द्वारा दिनांक 19.03.2025 को ऑफलाइन आवेदन / दस्तावेज प्रस्तुत कर उपस्थित हुये थें, जिसमें उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया गया था। दस्तावेज सत्यापन पश्चात् उनके द्वारा उक्त दुकान के नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन भी दिनांक 21.03.2025 को सभी दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त ऑनलाइन प्रेषित आवेदन के आधार पर दुकान का नामान्तण श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राघव प्रसाद शर्मा के नाम किया जाना है। जिसमें यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त दुकान किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं दुकान का नामान्तरण श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राघव प्रसाद शर्मा के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

RN- 82024


# शहीद दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन



**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी नगर द्वारा बलिदान दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक भव्य मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कार्यालय नई बस्ती से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ सुभाष चौक पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने बताया कि शहीद दिवस हमें उन वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री संजय कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में नरसिंहपुर विभाग संयोजक सीमांत दुबे, नगर अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं समाज के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मशाल जुलूस के दौरान सभी ने अमर शहीदों की जय, भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारे लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी नगर ने इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देने का कार्य किया एवं समाज को शहीदों के बलिदान को याद रखने का संदेश दिया।

# कुलगुरु के विरोध में सड़क पर उतरा सर्व हिन्दू समाज

## विशाल रैली निकालकर राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन

## कुलगुरु को पद से हटाने की मांग ने पकड़ा जोर




**छतरपुर।** पिछले 5 दिनों से लगातार विरोध झेल रहीं महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी के प्रति लोगों में गुस्सा कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा कुलगुरू का जोरदार विरोध किया गया। मोटे के महावीर मंदिर में जिले भर से हजारों की तादाद में हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए और इसके बाद विशाल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। मोटे के महावीर मंदिर से शुरु हुई विरोध रैली छत्रसाल चौक से चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। इस दौरान हिन्दू धर्मावलंबियों ने कुलगुरू द्वारा दिए गए वक्तव्य का विरोध जताते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि इस मामले में कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी द्वारा अपने शब्द वापिस लेने की बात कही जा चुकी है लेकिन उनके द्वारा स्पष्ट रूप से माफी न मांगे जाने के कारण लोगों में उनके प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं गत रोज विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा एक लिखित माफीनामा भी जारी किया गया था लेकिन माफीनामा पर कुलगुरू के स्थान पर कुलसचिव के हस्ताक्षर होने से लोग और अधिक नाराज हो गए। सर्व हिन्दू समाज ने जिला प्रशासन के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कुलगुरू को पद से हटाने की मांग रखी और अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# सम्पत्ति कर एवं जलकर 31 मार्च तक जमा कर छूट का लाभ उठायें

**कटनी।** नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट 31 मार्च तक रहेगी, लेकिन इसके बाद करदाताओं को दोगुनी राशि चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में निगम कार्यालय के अलावा सुभाष चौक एवं अन्य स्थानों पर शिविर आयोजित रहेंगे। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के अनुसार करदाताओं के स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह रियायत चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को ही दिया जाने का प्रावधान है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि समाप्त होने के बाद संपत्ति कर का भुगतान न करने वालों को यह रियायत नहीं दी जाएगी और अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल से शत प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्ति कर की गणना की जाकर निर्धारण किया जाएगा। इस तरह करदाताओं को दोगुनी राशि देना होगी। निगम के अनुसार करदाताओं की सुविधा के चलते नगर निगम कार्यालय व सभी जोन कार्यालय के अलावा सुभाष चौक में शिविर शनिवार-रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी आयोजित रहेंगे। जहां संपत्तिकर, जलकर सहित अन्य कर शुल्क जमा किए जा सकेंगे। इसके अलावा उपभोक्ता ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सभी करदाताओं से 31 मार्च 2025 के पूर्व निगम कार्यालय, नजदीकी शिविर स्थल अथवा वार्ड टैक्स वसूलीकर्ता के पास समस्त कर जमा करने की अपील की है।


### कार्यालय नगर परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/2069/न.परि./स्था./दिव्यांगजन भर्ती/2025 त्योंथर दिनांक- 24.03.2025

**दिव्यांग भर्ती दावा आपत्ति हेतु अन्तिम सूची का प्रकाशन**

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के याचिका क्रमांक 7275/19 में पारित आदेश दिनांक 31.01.2024 तथा दिव्यांगजनो के भर्ती के सम्बन्ध में शासन स्तर से जारी पत्र क्रमांक 2459/1607123/2023/18-1 तथा 2461 / 1607123/2023/18-1 दिनांक 15.07.2024 के अनुक्रम नगर परिषद त्योंथर दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित पद सफाई संरक्षक नियमित / संविदा पर नियुक्ति हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 639/स्था./ दिव्यांग भर्ती / 2024/414 त्योंथर दिनांक 14.08.2024 के द्वारा विज्ञापन के अनुक्रम निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त आवेदनों में पात्र एवं अपात्र आवेदनो का मेरिट सूची के प्रारंभिक सूची का प्रकाशन कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1879/न.परि./ स्था. / दिव्यांग भर्ती /2025 दिनांक 25.02.2025 के तहत दिनांक 26.02.2025 को किया गया था। जिसमें कोई भी आपत्ति प्राप्त नही हुयी थी, इस सम्बन्ध में दिव्यांग भर्ती दावा आपत्ति हेतु अन्तिम सूची का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो प्रकाशन दिवस. से 07 (सात) दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद त्योंथर जिला रीवा के कार्यालय में उपस्थित कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

पद नाम: सफाई संरक्षक संविदा
आरक्षण श्रेणी : बहरे एवं कम सुनने वाले

| क्र. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पता | जन्मतिथि | वर्ग-अजा., अजजा.,अपि., अनारक्षित जाति | शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य 5वीं का प्रतिशत | विकलांगता प्रमाण पत्र (हॉं/नहीं) | विकलांगता का प्रकार | विकलांगता का प्रतिशत | मोबाइल नंबर | नियमित/ संविदा | पात्र/ अपात्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | चन्द्रभान सिंह | श्री जवाहर सिंह | ग्राम नेदुरा पोस्ट अमिलकोनी | 13/07/1989 | सामान्य | 8वीं | हॉं | श्रवण बाधित | 75% | 908236-2784 | संविदा | पात्र | |

पद नाम: सफाई संरक्षक नियमित
आरक्षण श्रेणी : बहरे एवं कम सुनने वाले

| क्र. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पता | जन्मतिथि | वर्ग-अजा., अजजा.,अपि., अनारक्षित जाति | शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य 5वीं का प्रतिशत | विकलांगता प्रमाण पत्र (हॉं/नहीं) | विकलां-गता का प्रकार | विकलां-गता का प्रतिशत | मोबाइल नंबर | नियमित /संविदा | पात्र/ अपात्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | प्रदीप कुमार तिवारी | श्री गोविन्द नारायण तिवारी | ग्राम पूर्वा मनीराम पोस्ट पड़री तहसील त्योंथर | 30/06/1997 | सामान्य | बी.ए. | हॉं | वाक बाधित | 50% | 8085065203 | नियमित | पात्र | |
| 2 | राज कुमार सोनी | श्री संगमलाल सोनी | ग्राम पोस्ट त्योंथर जिला रीया (म.प्र.) | 14/01/1978 | ओबीसी | एम.ए. फाईनल | हॉं | अस्थिवा श्रवण बाधित | 50% | 8871814982 | नियमित | अपात्र | उम्र अधिक है 46 वर्ष है |
| 3 | श्रीमती प्रियंका पाण्डेय | श्री शिव बृजराज पाण्डेय | वार्ड 44/1254 नई कलोनी महाजन टोला गड्ड्डी रोड रीवा | 12/12/1993 | सामान्य | 12वीं | हॉं | श्रवण बाधित | 100% | 7000653815 | नियमित | अपात्र | 05वी उर्तीण की अकंसूची संलग्न नही है। |
| 4 | हरिकेश तिवारी | श्री मुनिमहेश तिवारी | ग्राम सतपुरा उर्फ पड़िवार अनिलकोनी त्योंथर | 06/12/1987 | सामान्य | बी.ए. | हॉं | श्रवण बाधित | 88% | 8821849317 | नियमित | पात्र | |
| 5 | सुनील सिंह भदौरिया | उमेश सिंह | ग्राम पण्डापूर्वी पोस्ट अभिलकोनी त्योंथर रीवा | 06/10/1982 | सामान्य | आईटीआई वेल्डर पीजीडीआईआई | हॉं | श्रवण बाधित | 100% | 9302281102 | नियमित | अपात्र | उम्र अधिक है 40 वर्ष है |
| 6 | यादुवेन्द्र कुमार सोनी | जगन्नाथ प्रसाद सोनी | ग्राम लेडूआ तहसील रायपुर रीवा | 20/05/1982 | ओबीसी | 10वीं | हॉं | श्रवण बाधित | 68% | 6264281590 | नियमित | अपात्र | 5वी पास की अंकसूची संलग्न नही है। व रोजगार पंजीयन नही है। |
| 7 | धर्मराज सिंह | श्री देवशरण सिंह | ग्राम तेदुनी पोस्ट चौखण्डी तहसील जवा रीवा | 01/11/1990 | सामान्य | 10वीं | नहीं | - | - | 9200187154 | नियमित | अपात्र | विकलांग प्रमाण पत्र व रोजगार पंजीयन नही है। |
| 8 | कमल कुमार अमिलिहा | श्री बाबूलाल बसोर | ग्राम झिरहरा पोस्ट हरदोली तहसील जवा रीवा | 21/10/1992 | अनु.जा. | 12वीं, COPA | हॉं | श्रवण बाधित | 85% | 8349518089 | नियमित | पात्र | |
| 9 | रोहित नामदेव | श्री संजय नामदेव | ग्राम गढ़ पोस्ट गढ़ रीवा | 14/02/1995 | ओबीसी | 12वीं | हॉं | श्रवण बाधित | 100% | 9755854081 | नियमित | पात्र | |
| 10 | अमित | श्री मायादीन | ग्राम बाबूपुर पोस्ट त्योंथर रीवा | 15/02/1998 | ओबीसी | 12वीं | हॉं | - | - | 9588784178 | नियमित | अपात्र | 5वीं की अंकसूची संलग्न नही है व रोजगार पंजीयन नही है। |
| 11 | अमन कुमार जयसवाल | बबलू प्रसाद जायसवाल | बरौली ठकुरान पोस्ट जवा सिरमौर रीवा | 15/10/1997 | अ.पि.वर्ग | 12वीं पॉलिटेकनिक | हॉं | श्रवण बाधित | - | 8878794653 | नियमित | पात्र | - |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर
जिला रीवा (म.प्र.)



### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में मार्च माह तक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

जागरण, डिंडोरी



कलेक्टर नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग वैद्यनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर नेहा मारव्या ने हाइवे रोड निर्माण की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा उचित व्यक्ति को ही मिलना चाहिए। कलेक्टर मारव्या ने एसडीएम बजाग को गाडासरई के बस स्टैण्ड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, जिससे मुख्य मार्ग में आवागमन अवरूद्ध न हो। कलेक्टर नेहा मारव्या ने आयोजित बैठक में जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मारव्या ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, राजस्व वसूली सहित अन्य राजस्व विषयों के लंबित प्रकरणों को त्वरित निपटान करने के निर्देश दिए। उन्हांने लंबित प्रकरणों के कारणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए, शेष लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में मार्च माह तक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी आंगनवाडीयों में भी पेयजल अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। उन्होंने सार्थक एप, निर्माण कार्यों, ई-ऑफिस की प्रगति सहित अन्य मुद्दों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिले में व्यवसायिक शिक्षा संचालन के लिए उपकरण क्रय कर लैब स्थापित करने के लिए डीपीसी को निर्देशित किए।

कलेक्टर मारव्या ने नगरपालिका अधिकारियों को नर्मदा घाटों की सफाई डिवाइडरों में पौधारोपण और पौधों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार समनापुर श्री पंकज नयन तिवारी एवं श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## विधायक संजय पाठक ने उठाई ग्रामीण स्कूलों के उन्नयन की बात



**कटनी।** विधानसभा में विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने विधानसभा के कैमोर, गुड़ेहा, डोकरिया सहित अन्य ग्रामों के स्कूलों के उन्नयन को लेकर याचिका प्रस्तुत करते हुए इन सभी स्कूलों शीघ्र अतिशीघ्र उन्नयन करने की बात को रखा उन्होंने याचिका के माध्यम से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास और सामाजिक गतिशीलता में शिक्षा एक महत्वपूर्ण कारक है और सामाजिक परिवर्तन और सतत ग्रामीण विकास के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली युवा पीढ़ी तक स्कूलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए स्कूलों का प्राथमिक का माध्यमिक विद्यालय और हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालय में उन्नयन आवश्यक है। गांव के बच्चों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने स्कूल पढ़ने जाने के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ता है। इन सभी स्कूलों का उन्नयन करना आवश्यक है जिससे इसी वर्ष प्रारंभ होने वाले शैक्षिक सत्र से बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

## महिलाओं ने बोली लगाकर अमरपुर बाजार वसूली का लिया ठेका, सीसीएल राशि से अमानत राशि की जमा



**जागरण, डिंडोरी।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडोरी के तहत अमरपुर ब्लॉक ग्राम पंचायत भाखा के ग्राम डूंगरिया में संचालित दुर्गा मैया स्व सहायता समूह ने साहसिक कदम उठाते हुए साप्ताहिक बाजार में वसूली का ठेका 6 लाख 3000 में अंतिम बोली लगाकर वसूली का अधिकार ग्राम पंचायत से प्राप्त किया। महिलाओं को चूल्हा और घरेलू कामकाज से बाहर निकाल कर लखपति की श्रेणी में लाने के प्रयास सरकार निरंतर विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर लगातार करते चले आ रही है, इसी क्रम में जिले की महिलाओं ने बाजार बैठकी की वसूली की जिम्मेदारी लेकर साहस दिखाया है, जोकि मध्य प्रदेश में महिलाओं को लखपति बनाने की दिशा में रचनात्मक पहल कर नवाचार किया गया है। दुर्गा मैया स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रानी बाई बर्मन ने बताया कि बाजार बैठकी वसूली का व्यवसाय पुरुष प्रधान है, लेकिन हम सभी महिलाएं स्थानीय हैं तथा हमारे पति भी इस कार्य में हमारा सहयोग करेंगे। अमरपुर क्षेत्र में बहुत पुराना और बड़ा बाजार है, अंग्रेजो के समय से यह बाजार लग रहा है , वर्षभर सैकड़ो दुकान लगती हैं, हमें इस कार्य से लाभ प्राप्त होगा।ग्राम पंचायत सचिव श्री प्रकाश कुमार सोनवानी ने बताया कि समूह द्वारा नगद एक लाख जमा कर दिया गया है, सोमवार को समूह द्वारा 2 लाख 15 सौ रुपए शेष राशि जमा करने पर एग्रीमेंट करके अधिकार पत्र ठेका का प्रदाय किया जाएगा ।बोली 6 लाख 3 हजार में बंद हुई है, इस बोली में समूह की सभी सदस्य रानी ,सरोज, मायावती, उर्मिला सोनवानी ,सोमवती, देवकी बाई, रानी देवी ,फूलाबाई ,अमरवती, धनिया वबाई उपस्थिति रही।

# पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम हुआ संपन्न

**जागरण, मंडला।** मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार मंडला जिले के विकास खंड मोहगाँव अंतर्गत पी एम एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में गत दिनों प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी के मार्गदर्शन में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के पालक, अभिभावक, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य की गरिमामई अध्यक्षता में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र दुबे, प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा वीणा वादनी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती की तस्वीर में दीप्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित समस्त अतिथियों, पालकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत अभिनंदन किया गया। सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम में उपस्थित शैक्षणिक स्टॉफ और छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि राजेंद्र दुबे के द्वारा विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए सामाजिक रूप से पालक और शिक्षकों की भूमिका पर पर विस्तृत प्रकाश डाला । साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की सराहना भी किए। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी ने एस एम डी सी की विद्यालय में क्या भूमिका है पर विस्तृत चर्चा , पालकों, अभिभावकों और जनप्रतिनियों के बीच अपने पक्ष रखते हुए शैक्षणिक स्टॉफ को अपनी तकनीकी रूप से शैक्षणिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती अंजली मरावी, उपसरपंच राजेश चक्रवर्ती, अनिल दुबे, भागवत प्रसाद कुर्मेश्वर एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम में अपने उद्बोधन दिए। सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेंद्र दुबे, कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी, विशिष्ट अतिथियों में सरपंच श्रीमती अंजली मरावी, अनिल दुबे, भागवत प्रसाद कुर्मेश्वर, तीरथ यादव, केशव प्रसाद कुर्मेश्वर, मुलवा प्रसाद कुर्मेश्वर, प्रकाश पाठवेकर, प्रकाश पदम, अजय बैरागी, शैक्षणिक स्टॉफ में सरला चौधरी, महेश सरोते, गणेश परते, हेमंत वरकड़े, अशोक धुर्वे , मनोज कुडापे, देवेंद्र मार्को, मुरली पटेल, लवकेश कुर्मेश्वर, चंद्र सिंह मसराम, नीतू श्रीवास, प्रियंका तेकाम, अल्का जैन, भाग सिंह उर्वे, सुलेखा चक्रवर्ती, सुनीता झारिया, विवेक सिंगोर, श्रुति चौबे, वैशाली बोरकर, सिया रहंगडाले, आनंद यादव, समाजसेवी हीरा सिंह उइके, समाज सेवी इंद्रमेन मार्को, पी टी आई अशोक वरकड़े, और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के प्रभारी आसिफ खान उपस्थित रहे।

## कान्हा के मोगली रिसॉर्ट से अवैध गैस सिलेंडर जब्त

**मंडला।** शनिवार को खाद्य विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा के रिजॉर्ट्स पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मोचा के मोगली रिसॉर्ट में अलग - अलग वजन के 4 नग अवैध गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इसके संबंध में रिसॉर्ट संचालक के पास कोई गैस कार्ड उपलब्ध नहीं था। अवैध रूप से रखे गैस सिलेंडर को जप्त किया गया और रिसॉर्ट के संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही रिसॉर्ट के किचन से मैदे के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

## रामनवमी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करेगी मातृशक्ति

**छतरपुर।** आगामी रामनवमीं त्यौहार पर शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। एक ओर रामभक्त शहर को सजाने में जुटे हैं तो वहीं दूसरी ओर समाजसेवी संगठनों ने शोभायात्रा में शामिल होने वाले दलों को प्रशिक्षण देना शुरु कर दिया है। शहर के राजमहल परिसर में प्रताप नवयुवक संघ द्वारा रामनवमीं की शोभायात्रा में शामिल होने वाले डमरू, तलवार, झांझ, कटार, झंडा, मुगदर, ढोल, दंड, कराटे और मलखंभ दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह दल शोभायात्रा में प्रताप नवयुवक संघ की ओर से अपने करतब दिखाकर लोगों को आकर्षित करेंगे।

# पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**जागरण, डिंडोरी।** आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान के लिए जिले की 1869 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज से तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की निगरानी एवं मूल्यांकन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र 24 मार्च से 26 मार्च तक सभी 7 बाल विकास परियोजना मुख्यालय में 19 बैच मे आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में पोषण भी पढाई भी टाईटल का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईसीसीई गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये प्रशिक्षकों को प्रक्टिकली जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आवश्यक संसाधनः पीपीटी, वीडियो, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, स्पीकर की मदद से प्रशिक्षण को सहज बनाया गया और कार्यकर्ताओं को सहजता से समझाया भी जा सका। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को क्विज भी दिया गया, जो बच्चों के मस्तिष्क और उर्जा को परखने के लिये है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान आंगनवाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष के बच्चों को सीखने, समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनौपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-खेल में सहज, सरल तरीके से शालापूर्व तैयारी को सुद्रण करने के लिए इन तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दिया जायेगा। प्रशिक्षण संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण मापदंडों के अनुरूप दो सत्रों मे आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें से प्रथम सत्र 24 से 26 मार्च तक होगा। प्रशिक्षण की निगरानी के लिए संचालनालय से भी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में हुए आयोजन




**जागरण, मंडला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मण्डला की अध्यक्षता एवं जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय मण्डला में जन-जागरूकता के तहत कार्यक्रम आयोजित किये गये। विश्व क्षय दिवस के आयोजन में छात्राओं के द्वारा टी.बी. रैली का आयोजन किया गया। जिला क्षय केन्द्र मण्डला में टी.बी. रंगोली बनाई गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरूष्कृत किया गया। टी.बी. क्विज एवं निबंध लेखन का आयोजन किया गया तथा टी.बी. मरीजों को फूड बॉस्केट का वितरण एवं अन्य कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर, प्रभारी डीपीसी श्री गौरव साहू, समस्त एन.टी.ई.पी. स्टॉफ, आई.सी.टी.सी. स्टॉफ, सहयोगी संस्थाएं, अध्ययनरत छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं : मंत्री संपतिया उईके




**जागरण, मंडला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपत्तियां उईके ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों और पालकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए आज के बच्चे कल का भविष्य बनेंगे। प्रदेश सरकार के द्वारा इनकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का पूरा पूरा प्रबंध किया गया है, यही वजह है कि हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़ रहे हैं। मंडला जिले के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके रविवार को जिला योजना भवन मंडला में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता को संबंधित कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, श्री सचिन शर्मा और सुश्री शशि पटेल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर सुहानी चक्रवर्ती, विनय झरिया, ज्ञानेश्वरी मरकाम, सुरभि पटेल, शांति बाई, काव्या गुप्ता और डॉ. श्री गौतम को सम्मानित किया। मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, इससे मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि सभी माता-पिता अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं जिससे वह हमारे देश के लिए एक सफल नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज में बेटा और बेटियों में भेद न करें बेटों की तरह बेटियों को भी खूब बढ़ाएं। बेटियां जब शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है पहला उसका मायका और दूसरा उसका ससुराल। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ किसान विद्यार्थी महिला वृद्ध विद्यार्थी सहित सभी हितग्राहियों को मिल रहा है।

# स्वर्णकार समाज ने दिया पंचचौकी महा आरती के आयोजन के लिए 21 हजार रुपए का चैक



**जागरण, मंडला।** स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने आज कलेक्टर सोमेश मिश्रा से मुलाकात कर मां नर्मदा जी की पंचचौकी महा आरती के आयोजन के लिए 21 हजार रुपए का चैक भेंट किया। मंडल के सदस्यों ने बताया कि यह राशि समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक एकत्रित की गई है और इसका उपयोग मां नर्मदा की आरती को भव्य और सुचारू रूप से आयोजित करने में किया जाएगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्वर्णकार समाज मंडल के इस पहल की सराहना की और कहा कि यह प्रशंसा का विषय है कि समाज के लोग धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मण्डल के इस सहयोग से अन्य समाज और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# टीएल प्रकरणों की पेंडेंसी न रखें : कलेक्टर

## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक




**जागरण, मंडला।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीएल प्रकरणों की पेंडेंसी न रखें। सभी प्रकरणों का समय पर निराकरण करते हुए उन्हें क्लीयर कराएं। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर समुचित कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उच्च न्यायालय के अवमानना तथा डब्ल्यूपी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि डब्ल्यूपी के समस्त प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करें। अवमानना के प्रत्येक प्रकरण पर संबंधित विभाग कम्पलायंस कर न्यायालय को जवाब प्रस्तुत करें। ई-ऑफिस प्रणाली के विषय में उन्होंने कहा कि अभी तक इस कार्य में संतोषजनक तेजी नहीं आई है। आगामी एक अप्रैल से समस्त प्रकार की फाईलें ऑनलाईन ही स्वीकार की जाएंगी, इसलिए समस्त विभाग अधिकारी इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। नस्तियों के डिजिटाईजेशन के संबंध में स्केनिंग आदि की प्रक्रिया पूर्ण कर रखें।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 20 मार्च को जारी रैंकिंग में इस बार जिला टॉप 10 से बाहर रहा है, यह निराशाजनक है। जिन विभागों की विभागीय ग्रेडिंग सी और डी श्रेणी में रही है, उनके विभाग प्रमुख विशेष ध्यान दें। बैठक के दौरान आयुष्मान कार्ड, उपार्जन, किसान पंजीयन, किसान सत्यापन, स्वच्छता सर्वेक्षण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम सहित विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल नर्मदा संवर्धन अभियान की तैयारियाँ कराएं : कलेक्टर




**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि आगामी 30 मार्च से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए आवश्यक तैयारियाँ करें। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी जल स्त्रोतों के संरक्षण, सफाई आदि के लिए स्थान चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में खेत तालाब बनाने के साथ-साथ अन्य जल संवर्धन के कार्य किए जाने हैं। खेत तालाब बनाए जाने का उद्देश्य न सिर्फ कृषकों को सिचाई की सुविधा उपलब्ध कराना है वरन यह भू-जल संवर्धन के लिए भी अच्छी गतिविधि है। समस्त सीईओ जनपद पंचायत आगामी ग्रीष्मकाल में इन तालाबों का निर्माण सुनिश्चित कराएं जिससे आने वाले वर्षाकाल में अधिक से अधिक जल इकट्ठा हो सके। खेत तालाबों के माध्यम से आजीविका के वैकल्पिक साधनों जैसे मत्स्यपालन आदि को भी प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

# कायस्थ समाज ने हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

**कटनी।** श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा द्वारा जगन्नाथ चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पारंपरिक गीतों के साथ होली मनाई। दरअसल कायस्थ सभा ने हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या कायस्थ समाज के लोगों ने सपरिवार हिस्सा लेकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कवियों ने भाग लिया और प्रेम, सद्भावना का संदेश दिया। इसी दौरान कायस्थ सभा ने सभी कवियों को सम्मानित किया। हास्य कवि सम्मेलन में नगर के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की। डॉ.रमाकांत निगम की अध्यक्षता तथा डॉ.राजेश श्रीवास्तव प्रखर के संयोजन एवं संचालन में माँ वीणा पाणी की चरण वंदना के पश्चात साहित्यकारों का सम्मान पुष्प हार से किया गया। काव्य पाठ के साथ-साथ होली मिलन कार्यक्रम में पारंपरिक फाग गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। डीजे की मधुर धुनों के बीच होली गीतो में सभी ने फूलों की वर्षा करते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 25 मार्च 2025 चैत्र कृष्ण 11 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त


॥गीता॥

**निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव।**
**न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे॥**

**भावार्थ :** हे केशव! मैं लक्षणों को भी विपरीत ही देख रहा हूँ तथा युद्ध में स्वजन-समुदाय को मारकर कल्याण भी नहीं देखता।



# कमतर साबित हो रहा पश्चिमी देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर

लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा शुक्रवार को बिजली कटने के कारण बंद रहा, जिससे कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुईं। पास के सब-स्टेशन में आग लगने से यह समस्या हुई और इसे नियंत्रित करने में घंटों लगे। हीथ्रो के बंद होने से 1,351 उड़ानों पर असर पड़ा और इससे लाखों यात्री प्रभावित हुए। हालांकि ब्रिटिश सरकार ने इसके पीछे किसी आतंकवादी गतिविधि का हाथ होने से इनकार किया। यह वाकया हैरान करने वाला है क्योंकि अक्सर ऐसी समस्याओं को गरीब और विकासशील मुल्कों से जोड़कर देखा जाता रहा है। पिछले साल हीथ्रो से रोज औसतन 2.20 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यहां से दुनिया की 230 जगहों की उड़ानें भरी जाती हैं। बताया गया कि हवाई अड्डे की बिजली पास में आग लगने की वजह से गई। जिस सब-स्टेशन से हवाई अड्डे को बिजली की सप्लाई की जाती थी, वहां आग लगी और इससे यह समस्या खड़ी हुई। सब-स्टेशन पर लगी आग पर काबू पाने में कई घंटे लग गए।वजह यह है कि ब्रिटेन के अहम इनफ्रास्ट्रक्चर पर इस घटना का असर हुआ। इस का असर हवाई अड्डे के रिहायशी इलाकों और बिजनेस एस्टेब्लिशमेंट पर भी पड़ा। हीथ्रो के बंद होने से कम से कम 1,351 उड़ानों पर असर पड़ा। इनमें से कुछ को लंदन के गैटविक हवाई अड्डे, पैरिस और एम्सटर्डम की ओर भेजा गया, लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। खबरों के मुताबिक, हवाई अड्डे के बंद होने से करीब 3 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। यह सवाल उठना लाजिमी है कि जिस तरह की चीजों को लेकर गरीब और विकासशील देशों को पश्चिम में नीची नजर से देखा जाता है, हीथ्रो में हुए हादसे के बाद उस पर ये देश क्या कहेंगे। दूसरा सवाल यह है कि क्या ऐसे किसी हादसे की आशंका हीथ्रो के मैनेजमेंट को नहीं थी और अगर उन्हें ऐसा कोई अंदेशा था तो इसके लिए उपाय क्यों नहीं किए गए थे? इससे सामने आया है कि पश्चिमी देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर कमतर साबित हो रहा है।

**लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा बिजली कटने के कारण बंद रहा, जिससे 1,351 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुईं। बड़े पैमाने पर हीथ्रो के बंद होने और उड़ानों के रद्द होने से लोगों पर असर पड़ा है, यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस सक्षम हैं?**

---

**प्रसंगवश**

## रेलवे की दिनोंदिन लचर होती खान-पान व्यवस्था

तमाम दावों और मंसूबों के बावजूद भारतीय रेल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सिलसिला खत्म ही नहीं होता। रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता



**रेलवे में खानपान व्यवस्था का बुरा हाल हो रहा है। बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है।**

और शुद्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिलती रही हैं। उन्हें दूर करने के मकसद से भारतील रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आइआरसीटीसी का गठन किया गया। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर रसोई बनाई गईं। इससे बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है।

आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर काम नहीं हो सका। समिति का कहना है कि खानपान संबंधी नीतियों में बार-बार बदलाव की वजह से भी यह गड़बड़ी हो रही है। संसदीय समिति ने इस बात के लिए भी रेलवे पर नाराजगी जाहिर की कि उसके पहले के सुझावों पर अमल क्यों नहीं किया गया। समिति ने रेलवे से जवाब मांगा है कि जिन पंद्रह खानपान इकाइयों को अपडेट करने को कहा गया था, वह क्यों नहीं हुआ। दरअसल, 2005 के बाद से अब तक तीन बार रेलवे खानपान संबंधी नीतियों में बदलाव किया जा चुका है। 2010 में यह काम क्षेत्रीय रेलवे को सौंप दिया गया था, फिर 2017 में इसे आइआरटीसी को दे दिया गया। 2017 में नई खानपान नीति बनी और उसकी समीक्षा के लिए संसदीय समिति गठित की गई। मगर समिति की ताजा रपट से जाहिर है कि पिछले सात वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए जा सके हैं।

दरअसल, अभी तक रेलों में परोसा जाने वाला भोजन बाहर की रसोई में तैयार होकर पहुंचाया जाता है, फिर गाड़ियों में उसे गरम करने की व्यवस्था होती है। मगर देखा गया कि वैसे रेल डिब्बे बने ही नहीं हैं। जाहिर है, इस तरह तैयार होने और परोसे जाने के बीच समय अधिक गुजर जाने से अक्सर भोजन खराब हो जाता है। संसदीय समिति ने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि भोजन की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए तो तंत्र गठित है, पर औचक निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे रसोइयों में भोजन तैयार करने और रेल डिब्बों में परोसे जाने में अक्सर मनमानी की शिकायतें आती रहती हैं। सरकार रेल सेवाओं को विश्व मानकों के अनुरूप ढालने और द्रुतगामी रेलों की संख्या बढ़ाने के दावे तो बढ़-चढ़ कर करती है, रेल किराए में भी काफी बढ़ोतरी हो चुकी है, मगर जब खानपान की गुणवत्ता और स्वच्छता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा पाता, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरी सुविधाओं पर कितना ध्यान दिया जाता होगा।

अक्सर रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं, गाड़ियों के समय पर न चलने, रेल डिब्बों में सुरक्षा का उचित प्रबंध न होने जैसी शिकायतें आम हैं। इस स्थिति में द्रुतगामी गाड़ियां चला देने या स्टेशनों की देखरेख निजी कंपनियों के हाथों में सौंप देने भर से रेलवे की साख कितनी और कहां तक बची रह पाएगी।

---

# सोने की कीमतों में भारी वृद्धि से बोझ बन गई एसजीबी

**आर्थिकी**

**सोने के निवेशकों को एक विकल्प देने की अच्छी मंशा से शुरू किए गए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) को अंततः बंद करना पड़ा। सरकार को लगा था कि वह सोने के आयात को सीमित कर घाटे को नियंत्रित कर लेगी, लेकिन सोने की कीमतों में भारी वृद्धि होने से यह योजना बोझ बन गई। इसे एक ऐसी निवेश योजना कहा गया था, जिसमें निवेशकों को सोने की कीमत में वृद्धि और निश्चित ब्याज, दोनों का लाभ मिलता है।**

**नारायण कृष्णमूर्ति**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) के बंद हो जाने से सोने, खासकर स्वर्ण बॉन्ड या स्वर्ण म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए निवेश का एक साधन कम हो गया है। वर्ष 2015 में लॉन्च की गई एसजीबी योजना को भौतिक स्वर्ण के विकल्प के रूप में पेश किया गया था, ताकि इस पीली धातु को खरीदने वालों को हतोत्साहित किया जा सके और सोने में निवेश करने के इच्छुक लोगों को एक विकल्प प्रदान किया जा सके। इस निवेश योजना के खास लाभ–भौतिक सोना रखने की चिंता से मुक्ति, सोने की कीमत में बढ़ोतरी होने पर लाभ, नियमित ब्याज आय, कोई निर्माण शुल्क या भंडारण लागत नहीं और सुरक्षित निवेश– बताए गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत सरकार की ओर से ये सरकार समर्थित प्रतिभूतियां (सिक्योरिटीज) जारी कीं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की परिपक्वता अवधि आठ वर्ष रखी गई और निवेशकों को कूपन भुगतान तिथियों पर पांच वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद ही समय से पहले इसे भुनाने की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा, निवेशकों को बॉन्ड की परिपक्वता से एक महीने पहले इसकी सूचना देने और 2.5 फीसदी का निश्चित वार्षिक ब्याज देने का प्रावधान था। दरअसल, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की लोकप्रियता का एक प्रमुख कारण यह था कि इसे एक सुरक्षित निवेश उपकरण माना जाता है, क्योंकि सोने की कीमतें बाजार में उतार–चढ़ाव के प्रति कम संवेदनशील होती हैं।

शुरू में कुछ वर्षों तक सब कुछ ठीक चल रहा था और इस योजना की बढ़ती लोकप्रियता तथा बढ़ती हुई मांग को देखते हुए रिजर्व बैंक हर साल बॉन्ड की कई किश्तें जारी करता था। हालांकि, पिछले दशक में सोने की बढ़ती कीमत ने रिजर्व बैंक को अलग तरह से प्रभावित करना शुरू कर दिया, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का प्रबंधन करना महंगा हो गया। बजट दस्तावेज के विश्लेषण से पता चलता है कि एसजीबी



पर सरकार की देनदारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन इन बॉन्ड से उसकी प्राप्तियां तुलनात्मक रूप से कम रही हैं। इसके अलावा, एसजीबी का मुख्य उद्देश्य सोने के आयात पर अंकुश लगाना था, जो हासिल नहीं हो पाया। जिस तरह से यह योजना तैयार की गई, उसमें सरकार को न केवल सोने के बॉन्ड पर 2.5 प्रतिशत ब्याज देना होगा, बल्कि उसे बॉन्डधारक को सोने की मौजूदा कीमत पर राशि चुकानी होगी, न कि उस कीमत पर, जिस पर बॉन्ड खरीदे गए थे। उदाहरण के लिए 17 मार्च, 2017 को जारी एसजीबी 2016–17 सीरीज को ही लीजिए, जिसका निर्गम मूल्य 2,943 रुपये प्रति ग्राम था, और इसमें ऑनलाइन आवेदन करने वाले निवेशकों के लिए 50 रुपये की छूट शामिल थी।

17 मार्च, 2025 को अंतिम शोधन मूल्य (भुनाने पर मिलने वाली राशि) इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित सोने (999 शुद्धता) के औसत मूल्य के आधार पर 8,624 रुपये प्रति ग्राम निर्धारित किया गया है। इसका मतलब यह है कि कुल मिलाकर, निवेशक ने ब्याज के अतिरिक्त आठ वर्षों में 193 फीसदी का रिटर्न कमाया। यह योजना उन निवेशकों के लिए अच्छी थी, जो सोने की बढ़ती कीमत पर दांव लगाते थे। पिछले एक दशक में सोने की कीमत में भारी वृद्धि देखी गई। वर्ष 2015 में 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 26,000 रुपये थी, जो अब बढ़कर 88,000 रुपये से अधिक हो गई। यह लगभग 3.5 गुना वृद्धि है, जिसे सरकार ने योजना शुरू करते समय ध्यान में नहीं रखा था। यह भी स्पष्ट नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में इस योजना में किसी भी बदलाव पर पुनर्विचार किया गया या नहीं, खासकर तब, जब सरकार अपनी देनदारियों को कम करना चाह रही हो।

सरकार ने एक और गलत कदम उठाया, वह यह कि उसने निवेशकों को 2017 में एसजीबी में निवेश की सीमा 0.5 किलोग्राम से बढ़ाकर चार किलोग्राम सोने तक करने की अनुमति दे दी। ऐसा यह मानकर किया गया कि सोने की कीमत में यदि बढ़ोतरी होगी भी, तो वह मामूली ही होगी और सरकार बॉन्ड जारी करते समय अपनी देनदारियों का प्रबंधन करने में सक्षम होगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि आज, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर संभावित देनदारियों के 2032 तक 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने की संभावना है, जो एसजीबी के डिजाइन और जुलाई, 2024 के अंतरिम बजट में सोने के आयात पर सीमा शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर छह फीसदी करने के कारण है। स्मार्ट निवेशकों के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का बंद होना एक खोया हुआ अवसर है।

इसकी आखिरी किश्त फरवरी 2024 में 6,263 रुपये प्रति ग्राम के निर्गम मूल्य पर पेश की गई थी और भारतीय रिजर्व बैंक ने निवेशकों के लिए योजना से जल्दी बाहर निकलने की तिथि के विकल्प साझा किए हैं, लेकिन इस योजना की परिपक्वता 2032 में इस आखिरी किश्त के आठ साल पूरे होने तक जारी रहेगी। अपनी जरूरतों के आधार पर वित्तीय साधनों में निवेश करें, तभी आपके वित्तीय लक्ष्यों के समय के साथ पूरे होने की संभावना बढ़ेगी।

---

# राजनीतिक दलों के खांचे में फिट नहीं बैठते भगत सिंह

**स्मृति**

**भगत सिंह सचमुच एक विचारवान क्रांतिकारी थे, जो शोषणविहीन, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी समाज के निर्माण के सपने को लेकर अपने साथी राजगुरु और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को लाहौर की जेल में फांसी चढ़े। विभिन्न राजनीतिक दलों ने बार-बार भगत सिंह की शहादत को भुनाना चाहा, लेकिन कठिनाई यह है कि भगत सिंह उनके खांचे में फिट नहीं बैठते।**

**सुधीर विद्यार्थी**

भगत सिंह ने अपने युग में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को विचार और संघर्ष की अद्भुत संपदा सौंपी, जो भविष्य के विप्लवमार्गियों के लिए रोशनी है।

लंबे समय से राजनीति और विचार की दुनिया में भगत सिंह निरंतर चर्चा के केंद्र में हैं। इस मामले में फिल्म वाले भी किसी से पीछे नहीं रहे। विभिन्न राजनीतिक दलों ने बार–बार भगत सिंह की शहादत को भुनाना चाहा, लेकिन कठिनाई यह है कि भगत सिंह उनके खांचे में फिट नहीं बैठते। हमें याद है कि इस शहीद की जन्मशती आते–आते उनकी छवि को ध्वस्त करने के अनेक हथकंडे अपनाए गए। उनकी खालिस धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी छवि को हानि पहुंचाई गई। दुखद है कि इसमें भगत सिंह के पैरोकार कहे जाने वाले भी संलिप्त रहे।

भगत सिंह ने अपने युग में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को विचार और संघर्ष की अद्भुत संपदा सौंपी, जो भविष्य के विप्लवमार्गियों के लिए रोशनी सौंपती है। उनके साथ पूरी क्रांतिकारी पार्टी थी, लेकिन हम प्रायः उन्हें स्मरण करते हुए उनके दल और उसके अभियान को ओझल कर जाते हैं। उनके साथ चंद्रशेखर आजाद, भगवतीचरण वोहरा, सुरेश चंद्र भट्टाचार्य, बटुकेश्वर दत्त, सुशीला दीदी, दुर्गा भाभी, विजय कुमार सिन्हा, शिव वर्मा, जितेंद्रनाथ सान्याल, धन्वंतरि, अजय घोष जैसे कितने ही क्षमतावान संगी–साथियों की बड़ी टोली का अद्भुत सहयोग और संचालन था। इन लोगों को भुलाकर हम कहीं भगत सिंह को उस तरह का तो नहीं बनाए दे रहे हैं, जहां उन्हें अकेला खड़ा करके सिर्फ उनकी तस्वीर को फूल–मालाएं पहनाई जा सकें। यह पूजावाद भविष्य के क्रांतिकारी संग्राम के लिए बड़ा नुकसानदायक पहलू है, क्योंकि इतिहास के परिप्रेक्ष्य में संघर्ष की पूरी और सही तस्वीर को देख पाने में हम सर्वथा असमर्थ होंगे। यह जान लिया जाना चाहिए कि भगत सिंह को देवत्व सौंपा जाना अंततः एक खतरनाक और



दुखद प्रक्रिया है। सत्तर साल लंबे क्रांतिकारी संघर्ष के विकास का प्रतीक बना यह क्रांतिकारी हमारी चूकों से कहीं मिथक और पूजावाद की गुंजलक में तब्दील न हो जाए।

इन दिनों सबसे बड़ा प्रहार भगत सिंह की धर्मनिरपेक्षता या उनकी नास्तिक विचारधारा को लेकर हो रहा है, जो अत्यंत चिंतनीय है। भगत सिंह के 'मैं नास्तिक क्यों हूं' निबंध को किनारे रखकर उनके चिंतन पर बात करने का कोई अर्थ नहीं है। ऐसी कोशिशें बेहद गैरजिम्मेदाराना हैं। ऐसा करके उस विचार संपन्न शहीद को, जिसने अपने धर्मनिरपेक्ष चिंतन के चलते केश कटवा दिए थे और जिसकी कारगुजारियों के चलते संपूर्ण भारतीय क्रांतिकारी संग्राम को अपने समय में धर्म की भूलभुलैयों से बाहर आकर विचार की सर्वोच्च ऊंचाई प्राप्त हुई, जो फांसी चढ़ने से पूर्व तक प्रतिक्षण वैज्ञानिक चेतना के लिए अडिग और हौसलापूर्ण बना रहा, उसे फिर से किसी संप्रदाय या धार्मिकता के संकीर्ण घेरे में कैद करना इतिहास विरोधी साजिश है। आखिर इतिहास के सही संरक्षण और प्रस्तुतीकरण का दायित्व भी हम सबका है।

'मैं नास्तिक क्यों हूँ? शहीद भगतसिंह की यह छोटी सी पुस्तक वामपंथी, साम्यवादी लाबी द्वारा आजकल नौजवानों में खासी प्रचारित की जा रही है, जिसका उद्देश्य उन्हें भगत सिंह के जैसा महान बनाना नहीं अपितु उनमें नास्तिकता को बढ़ावा देना है। मेरा एक प्रश्न उनसे यह है की क्या भगत सिंह इसलिए हमारे आदर्श होने चाहिए कि वे नास्तिक थे, अथवा इसलिए कि वे एक प्रखर देशभक्त और अपने सिद्धान्तों से किसी भी कीमत पर समझौता न करने वाले बलिदानी थे? सभी कहेंगे कि इसलिए कि वे देशभक्त थे। भगतसिंह के जो प्रत्यक्ष योगदान है उसके कारण भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में उनका कद इतना उच्च है कि उन पर अन्य कोई संदिग्ध विचार धारा थोपना कतई आवश्यक नहीं है। इस प्रकार के छद्म प्रोपगंडा से भावुक एवं अपरिपक्व नौजवानों को भगतसिंह के समग्र व्यक्तित्व से अनभिज्ञ रखकर अपने राजनीतिक उद्देश्य तो पूरे किये जा सकते हैं, भगतसिंह के आदर्शों का समाज नहीं बनाया जा सकता।

भगत सिंह को हिंसा के मार्ग का अनुयायी मानना भी सर्वथा गलत निष्कर्षों पर आधारित इतिहास और इस क्रांतिकारी नायक के जीवन की आधी–अधूरी व्याख्या है। केंद्रीय असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने जो बम गिराए, वे कम शक्ति के और जानबूझकर ऐसी जगहों पर फेंके गए थे, जिनसे कोई हताहत न हो। भगत सिंह सचमुच एक विचारवान क्रांतिकारी थे, जो शोषणविहीन, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी समाज के निर्माण के सपने को लेकर अपने साथी राजगुरु और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को लाहौर की जेल में फांसी चढ़े।

---

## SUDOKU 79

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 9 | 4 | | 6 | 8 | | 5 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 4 | 6 | | | | 9 | 2 | 3 |
| 8 | | 7 | 6 | | 1 | 3 | | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 4 | 5 | | 3 | 7 | | 2 |
| 7 | 9 | 1 | | | | 4 | 8 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | 1 | | 7 | 2 | | 9 |

## SOLUTIONS 78

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन संभव है। प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद तनाव बढ़ा सकते हैं। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृषभ :** पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। शैक्षिक कार्यों की चुनौतियां दूर होंगी। व्यापार में विस्तार होगा। बिना सोचे-समझे पैसे खर्च न करें।

**मिथुन :** बुरी आदतों को छोड़ने की कोशिश करें। धन बचत करें। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसलों में देरी होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता अपार मिलेगी।

**कर्क :** व्यापार में मुनाफा होगा। घर में किसी फंक्शन या इवेंट के सेलिब्रेशन के चलते खुशियों का माहौल रहेगा। लंबी यात्रा के योग बनेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद बढ़ सकते। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह :** प्रॉपर्टी को बेचकर या किराए से धन लाभ होगा। शैक्षिक कार्यों के अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे। आय के कई स्त्रोतों से पैसे आएंगे।

**कन्या :** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य में सुधार आएगा। फैमिली और दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान बन सकता है। कुछ जातकों को विरासत में पैतृक संपत्ति मिल सकती है।

**तुला :** पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिलेगा। प्रॉपर्टी को लेकर वाद-विवाद संभव है। भावुकता से बचें और इमोशनल होकर कोई डिसीजन न लें।

**वृश्चिक :** ज्यादा पैसे खर्च करते समय थोड़ी सावधानी बरतें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। नौकरीपेशा वालों के लिए शुभ दिन है। प्रमोशन के चांस बढ़ेंगे।

**धनु :** आर्थिक मामलों में छोटी-मोटी दिक्कतें रहेंगी। जिसका असर आपके लाइफस्टाइल पर हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य में सुधार आएगा। करियर में बड़ी कामयाबी हासिल होगी। यात्रा के योग बनेंगे। प्रॉपर्टी को लेकर विवाद हो सकता है। करियर पर फोकस करें।

**कुंभ :** खर्चों की अधिकता से मन परेशान रह सकता है। परिजनों से वैचारिक मतभेद हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन :** आपको फैमिली का सपोर्ट मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। आपमें आत्मविश्वास भरपूर होगा। निवेश करने से पहले अच्छे से रिसर्च जरूर करें।

## 31 तक भर दें संपत्तिकर-जलदर नहीं तो दोगुनी चुकानी होगी राशि

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम द्वारा समय पर संपत्ति कर और जलदर का भुगतान न करने वालों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी के साथ समय पर संपत्तिकर सहित अन्य मदों का भुगतान करने वालों को 50 फीसदी की रियायत भी दी जा रही है। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के अनुसार यह रियायत केवल चालू वित्तीय वर्ष में ही संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024–25 के समाप्त होने के बाद अप्रैल से 100 फीसदी वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्तिकर की गणना कर संपत्तिकर का निर्धारण किया जाएगा। ऐसे में बकायादार को दोगुना संपत्तिकर चुकाना होगा। बता दें कि इसी के तहत निगम द्वारा वर्तमान बकायादार को 31 मार्च तक 50 फीसदी की रियायत भी दी जा रही है। निगम कमिश्नर ने लोगों से समय पर बकाया चुकता करने की अपील की है। बकायादार वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों का संपत्तिकर 31 मार्च तक जमा करते हैं तो आवासीय संपत्तियों पर दी जाने वाली 50 फीसदी की रियायत का लाभ उठा सकते हैं।

### अवकाश के दिन भी खुलेंगे जोन-वार्ड कार्यालय

करदाताओं की सुविधा के लिए निगम ने सभी जोन और सभी वार्ड कार्यालय रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी खोलने का निर्णय लिया है। जहां संपत्तिकर सहित अन्य करों/शुल्कों की राशि जमा की जा सकेगी। लोग अपनी सुविधा के हिसाब से ऑनलाइन में करों का भुगतान कर सकते हैं।

**जीवन दर्शन**

## समझने का प्रयास करें, फिर समझे जाने का



हम सभी स्वस्थ और प्रेमपूर्ण रिश्तों का आनंद लेते हैं और अपने जीवन को इन्हीं से भरने की आशा रखते हैं। लेकिन आधुनिक समय में, हर रिश्ता कभी न कभी तनाव का कारण बन जाता है। हर कोई चीजों और परिस्थितियों को अपने नज़रिये से देखता है। दुनिया को बदलने का प्रयास करने के बजाय, यदि हम अपनी अपेक्षाओं को छोड़ना सीखें, तो हमें स्वतः शांति प्राप्त हो जाएगी। कोई भी सभी की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता।

रिश्ते अनुबंध नहीं होते - देना और लेना कभी बराबर नहीं हो सकता। खुश रहने के लिए, जितना आप लेते हैं उससे ज़्यादा देने की कोशिश करें और जितना प्यार पाते हैं उससे ज़्यादा प्यार दूसरों को दें।

जब हम एक चमकदार लाल गुलाब को देखते हैं, तो हम क्या देखते हैं? कुछ लोग इसके गहरे लाल रंग से मोहित होते हैं, कुछ को इसकी मुलायम पंखुड़ियों की कोमलता भाती है, जबकि कुछ इसके कांटों के कारण इसे सावधानी से देखते हैं। और कुछ इसकी कोमल खुशबू की ओर आकर्षित होते हैं। यह विभिन्न दृष्टिकोण हमें स्मरण दिलाता है कि हर कोई चीजों को अपने नज़रिये से देखता है। बहुत बार, जब हम दूसरों को सुनते हैं, तो हम उनके दृष्टिकोण को समझने पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं बल्कि उस समय के लिए अपनी प्रतिक्रिया की योजना बना रहे होते हैं। इसलिए कहा जाता है, पहले समझने का प्रयास करें, फिर समझे जाने का।

**-स्वामी मुकुन्दानन्द**

## संक्षिप्त खबरें

### शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार साहित्य का सम्मान : सीएम

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयन उनकी सृजनात्मक शक्ति और प्रतिभा के सम्मान के साथ ही हिन्दी साहित्य जगत का भी सम्मान है। डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी साहित्य जगत के कवि एवं साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम और हिंदी भाषा के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### कार्यालय के लिए जमीन की मांग करेगा बीसीसीआई



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा संस्था का कार्यालय बनाने के लिए शासन से जमीन की मांग की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने बताया कि भोपाल के व्यापारियों का सहयोग करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए यह पहल की जा रही है। यह बात उन्होंने शनिवार रात को लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में होली मिलन समारोह के दौरान कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। पाली ने बताया कि संस्था द्वारा इस साल 450 नए सदस्य बनाए गए हैं और जिले में उनके सदस्यों की संख्या 3 हजार से अधिक है। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों को आगे की कार्य योजना की जानकारी दी और उन्होंने कहा कि सभी सदस्या शहर को स्वच्छ बनाने के लिए काम करें। साथ ही शहर में खाली जगहों पर पौधरोपण करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने डिप्टी सीएम के साथ ब्रिज की होली खेली। कार्यक्रम के दौरान संस्था के 750 से ज्यादा सदस्य मौजूद रहे।

### राजगढ़ जिले की सिंचाई परियोजना को पुरस्कार

**विसं, भोपाल।** राजगढ़ जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना को जल संसाधनों के कुशल उपयोग, जल संरक्षण और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सीबीआईपी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पॉवर) अवॉर्ड्स- 2024 में 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' (बेस्ट आईडब्लूआरएम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पर जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश की अभिनव जल प्रबंधन प्रणाली और सतत कृषि विकास में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान राज्य सरकार की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों और कुशल कार्यान्वयन का परिणाम है। पुरस्कार जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के विस्तार को प्रोत्साहित करेगा।

### भाजपा ने अपनी पार्टी के विधायक पर की कार्रवाई, फिलहाल वरिष्ठ नेता खामोश

# सिंहस्थ में जमीन अधिग्रहण का मुद्दा उठाने वाले भाजपा विधायक को नोटिस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने अपने ही विधायक चिंतामन मालवीय को शो-कॉज नोटिस भेजकर जवाब मांगा है कि उनके द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान ऐसे सवाल क्यों उठाए गए, जिससे सरकार और पार्टी की छवि धूमिल हुई है। विधायक से 7 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आलोट विधायक चिंतामन मालवीय ने सिंहस्थ 2028 के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन का मामला उठाते हुए अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था। उनका साफ तौर पर कहना था कि सरकार की योजना किसान विरोधी है। इस पर सरकार को एक बार फिर विचार करना चाहिए। विधायक का कहना है कि सिंहस्थ 2028 के लिए सरकार को अस्थाई रूप से जमीनों का अधिग्रहण करना चाहिए।



#### जमीनों के स्थाई अधिग्रहण का मामला

गौरतलब है कि उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ से पहले प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार किसानों की कुछ जमीनों को स्थाई रूप से अधिग्रहित कर साधु संतों के लिए स्थाई आश्रम और धर्मशाला बनाने के लिए उन्हें देने की योजना बना रही है। मालवीय ने कहा था कि सिंहस्थ टेंट तंबू में आयोजित किया जाता है, इसके लिए किसान अस्थाई रूप से जमीन अधिग्रहित करवाने को तैयार हैं। हालांकि इस मामले में उज्जैन के पार्टी के दूसरे विधायक सरकार के साथ खड़े नजर आए। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा का कहना है कि सिंहस्थ मेला क्षेत्र उनकी विधानसभा में आता है। सरकार जो योजना ला रही है वह किसान के हित में है। उज्जैन में जो विकास कार्य हो रहे हैं, उससे सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए काफी सुविधा जुटाए जा रही हैं। इसी तरह विधायक अनिल जैन ने कहा कि जिन लोगों को योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं है वह गलतफहमी के चलते विरोध कर सकते हैं, मगर मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार किसान हितेषी है और किसानों के हित में ही निर्णय किए जा रहे हैं। इधर इस मामले की आवाज दिल्ली तक पहुंची। वहां के निर्देश के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा द्वारा चिंतामन मालवीय को नोटिस थमा दिया गया है और उनसे 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। हालांकि मालवीय को दिया गया नोटिस सार्वजनिक नहीं हुआ है और न ही भाजपा के किसी भी पदाधिकारी ने ऐसे किसी नोटिस के जारी होने की पुष्टि हीं की है।



#### सदन में कांग्रेस ने दिया था मालवीय का साथ



सदन में जब इस मामले में मालवीय अपनी बात रख रहे थे, तभी तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने उनका साथ देते हुए सुझाव दिया कि उज्जैन के सभी विधायक किसानों को बचाने के लिए एक साथ मुख्यमंत्री से निवेदन करें। इसके बाद मालवीय ने कहा कि उज्जैन के किसानों को आशंका है कि कॉलोनाइजर्स और भूमाफिया षडयंत्र के तहत उनकी जमीन हथियाना चाहता है। ऐसा न हो कि सिंहस्थ में हम अपनी जमीन को हमेशा के लिए खो दें। हम सिंहस्थ की जमीन का इस तरह प्रयोग नहीं कर सकते कि उससे बड़ा नुकसान हो जाए।

अभी पार्टी का नोटिस मुझे प्राप्त नहीं हुआ है। केवल जानकारी मिली है कि पार्टी की ओर से कोई नोटिस जारी हुआ है। मिलने पर समय सीमा में जबाव दे दूंगा। वैसे मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है जो जन विरोधी और पार्टी के खिलाफ हो।
■ **चिंतामन मालवीय**, विधायक भाजपा

# कहीं 11 माह से वेतन नहीं तो कहीं पीएफ की राशि भी बंद

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों ने शोषण का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है। मार्च का महीना खत्म होने वाला है और अप्रैल का शुरू। इस अवधि में हर साल अप्रेजल की प्रक्रिया संपन्न होती है। कई जिला अस्पतालों में अप्रेजल के नाम पर आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाया जा रहा है, जबकि इनमें कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जो बीते 10 से 11 वर्षों से काम कर रहे हैं। मप्र संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि उन्होंने कई बार स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में बात की है, पत्र भी लिखे हैं लेकिन कोई राहत नहीं मिली।

#### वेतन न मिलने के कुछ उदाहरण

- भोपाल आउट सोर्स कर्मचारी नाम राजू, जयप्रकाश चिकित्सालय में स्किन लैब में कार्यरत है। सात माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे आर्थिक संकट से गुजर रहा है।
- उमरिया जिले के पाली ब्लॉक में आउट सोर्स कर्मचारियों को 5 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है।
- शहडोल जिले के बुढार ब्लॉक में आउट सोर्स कर्मचारियों को 6 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है।
- जिला सागर के सभी ब्लॉक के पोषण पुनर्वास केंद्र के सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों को रोगीकल्याण समिति से मात्र 5500 रुपए दिए जा रहा है।
- जबलपुर सहित कई जिलों में आउट सोर्स कर्मचारियों को पिछले दो वर्ष से ईपीएफ राशि खातों में जमा नहीं की गई है।

#### कंपनी का ठेका बदलने पर हटाए जा रहे कर्मचारी

बीते कई वर्षों से शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे आउट सोर्स कर्मचारियों को अधिकारियों एवं आउट सोर्स कंपनियों के ठेकेदारों द्वारा बिना कोई कारण के हटाया जा रहा है। बीते वर्ष कई जिला अस्पतालों में ठेका कंपनियों का ठेका बदल गया है, नई कंपनी द्वारा नए लोगों को काम पर रखा जा रहा है। कोमल सिंह ने सरकार से मांग की है कि 10-15 वर्षों में आउट सोर्स (चतुर्थ श्रेणी) के रूप में सेवाएं कई कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई, लेकिन शासन द्वारा कोई भी आर्थिक सहायता राशि नहीं दी गई संघ की सरकार से मांग है कि ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर उनके परिवार को सरकार द्वारा आर्थिक मदद की जाए।

### जमीन आवंटित की गई पर उद्योग नहीं हुए शुरू : जीतू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि इंदौर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में उद्योग लगाने के नाम पर जो जमीनें आवंटित की गई थीं, उनमें अब तक उद्योग लगाने की शुरुआत नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि जिन उद्योगों के पास पहले से जमीन थी, इंदौर में उन्हें दोबारा जमीन दे दी गई। सोशल मीडिया एक्स में पटवारी ने लिखा कि दो साल पहले इंदौर में हुई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 281 उद्योग ऐसे थे, जिन्हें 77 लाख वर्गमीटर जमीन का आवंटित की गई, लेकिन उन्होंने काम ही शुरू नहीं किया। मार्च 2024 में उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई, जिसमें 26 निवेश प्रस्ताव आए, लेकिन इनमें से 16 निवेशक जनवरी 2023 में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट इंदौर में भी थे! पटवारी ने आगे लिखा कि इंदौर में निवेशकों ने 9 संभागों में उद्योग लगाने के लिए सरकार ने जमीन तो आवंटित कर दी, लेकिन 77, 81, 483 वर्ग मीटर जमीन पर अब तक काम का अता-पता नहीं है! निवेश तो हुआ नहीं लेकिन सरकारी खर्च का हाल देखिए! इस समिट में 15 करोड़ 65 लाख रुपए का भुगतान राज्य सरकार की ओर से सीआईआई के लिए किया।

**टमाटर में भी किसान घाटे में :** पटवारी ने एक्स पर अपने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि मध्यप्रदेश का किसान टमाटर की पैदावार कर घाटे में है। उन्होंने लिखा कि मप्र में 2 साल में टमाटर का उत्पादन करीब 5 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ गया है! साल 2022 में उत्पादन 32.73 मीट्रिक टन हुआ था। उस समय रकबा एक लाख 14 हजार 501 हेक्टेयर था! जो बढ़कर, साल 2024 में एक लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर हो गया है।

### मंत्रालय कर्मचारियों की होगी स्क्रीनिंग, कैंसर सहित अन्य बीमारियों की होगी जांच

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे निरोगी काया अभियान के तहत मंत्रालय के कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 24 एवं 25 मार्च को लगाए जा रहे हैं। जिसमें लीवर की जांच, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज ,स्तन कैंसर, मुंह के कैंसर, सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। पैथोलॉजी जांच निशुल्क की जाएंगी एवं आयुष्मान व आभा आईडी भी बनाई जाएगी। मंत्रालय के सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी भी इन शिविरों में स्वास्थ्य सेवाएं ले सकेंगे। निरोगी काया अभियान के तहत भोपाल में अब तक डेढ़ लाख लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। हाइपरटेंशन के 12 हजार एवं 13 हजार से अधिक डायबिटीज मरीज मिले हैं। 11 हजार से लोगों में लीवर संबंधी समस्याओं के प्रारंभिक लक्षण मिले हैं। इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल स्क्रीनिंग की जा रही है।

# सरकार ने लोकायुक्त डीजी को हटाया, सीएम के ओएसडी बदले

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार को रविवार को अवकाश के दिन भारतीय पुलिस सेवा के 15 अधिकारियों के तबादले कर दिए है। प्रभारी पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद को भी बदल दिया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री के कर्त्तवस्थ्य अधिकारी को भी बदल दिया गया है। गृह विभाग ने रविवार को देर शाम भारतीय पुलिस सेवा के 15 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादला आदेश जारी कर दिए। लोकायुक्त के प्रभारी महानिदेशक जयदीप प्रसाद को हटाते हुए एडीजी, स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो का दायित्व सौंपा गया है, जबकि एडीजी इंटेलीजेंस योगेश देशमुख को प्रभारी महानिदेशक लोकायुक्त बनाया गया है। जबकि एडीजी साइबर ए,साई मनोहर को इंटेलीजेंस की जिम्मेदारी दी गई है,मनोहर एडीजी इंटेलीजेंस का दायित्व संभालेंगे।

#### रीवा के आईजी-डीआईजी बदले

इसी तरह गृह विभाग ने अपने आदेश में गृह विभाग के ओएसडी गौरव राजपूत को रीवा रेंज का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। वहां के उपपुलिस महानिरीक्षक साकेत पांडे की पीएचक्यू वापसी हो गई है, उन्हें पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर राजेश सिंह डीआईजी रीवा होंगे। सिंह अभी सेनानी 25 वीं वाहिनी बिसबल भोपाल के डीआईजी की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

#### कटियार संभालेंगे प्रशासन

भारतीय पुलिस सेवा 1992 बैच के अधिकारी विशेष पुलिस महानिदेशक दूरसंचार अब विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन ) का दायित्व संभालेंगे। इसी तरह सोनाली मिश्रा (1993) एडीजी प्रशिक्षण को एडीजी (चयन एवं भर्ती ) के साथ-साथ पीटीआरआई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रविकुमार गुप्ता(1993) संचालक खेल एवं युवक कल्याण को एडीजी रेल बनाया गया है। संजीव शमी(1993) एडीजी (चयन एवं भर्ती) को एडीजी दुरसंचार बनाया गया है। एडीजी आशुतोष राय(1994) एडीजी अग्निशमन सेवाएं को एडीजी अजाक) की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह राजाबाबू सिंह एडीजी पीएचक्यू को इसी पद पर प्रशिक्षण का दायित्व दिया गया है। एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर को एडीजी बिसबल पुलिस मुख्यालय के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह श्रीमती कृष्णावेनी देसावतु आईजी को विशेष कर्त्तवस्थ्य अधिकारी(पदेन सचिव) गृह विभाग बनाया गया है।

| अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| आदर्श कटियार, भापुसे (1992) | विशेष पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल | विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल |
| सोनाली मिश्रा,भापुसे (1993) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,(प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक / संचालक, म.प्र. पुलिस अकादमी, भौंरी, भोपाल के पद का अतिरिक्त प्रभार | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ( चयन एवं भर्ती) पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पीटीआरआई का अतिरिक्त प्रभार |
| रवि कुमार गुप्ता, भापुसे (1993) | संचालक, खेल एवं युवक कल्याण, म.प्र. | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, रेल, पुलिस मुख्यालय, भोपाल( सेवाएं खेल एवं युवक कल्याण विभाग से वापिस लेते हुए ) |
| संजीव शमी, भापुसे (1993) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ( चयन एवं भर्ती) पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पीटीआरआई का अतिरिक्त प्रभार | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल |
| आशुतोष राय, भापुसे (1994) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,अग्निशमन सेवाऐं, पुलिस मुख्यालय, भोपाल | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (अजाक) पुलिस मुख्यालय, भोपाल |
| राजाबाबू सिंह, भापुसे (1994) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय, भोपाल |
| ए. साई मनोहर, भापुसे (1995) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,सायबर, पुलिस मुख्यालय, भोपाल | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सायबर, पुलिस मुख्यालय, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार |
| चंचल शेखर, भापुसे (1995) | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी पुमु, भोपाल | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, विसबल, पुमु भोपाल |
| जयदीप प्रसाद, भापुसे (1995) | प्रभारी महानिदेशक / अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, म.प्र. भोपाल | अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी, पुमु भोपाल (सेवाऐं सा.प्र.वि. से वापिस लेते हुए) |

# जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं: डॉ. मोहन यादव

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आडवाणी जी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सीएम रविवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' अभियान के तहत आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में भले ही 1912 में अस्तित्व में आया हो, लेकिन मध्यप्रदेश से उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। विधर्मियों ने जब राजा भोज के साम्राज्य पर आक्रमण किया, तो यहां के लोगों ने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार में ही शरण ली थी। हमें यह बताते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित है। बिहार देश का इकलौता राज्य है जिसका नाम वृंदावन बिहारी यानी भगवान कृष्ण के नाम पर है। नरकासुर के वध के लिए भगवान कृष्ण द्वारका से बिहार होते हुए ही असम गए थे। यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के संरक्षण में उनके इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।



#### पीएम के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है : सिंह

बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि पूरा हिंदुस्तान जानता है कि बिहार ज्ञान की भूमि और तपोभूमि रही है। यहां एक से बढ़कर योग योद्धा, वीरपुरुषों ने जन्म लिया। अंग्रेजी हुकूमत और फिरंगियों के खिलाफ सबसे पहले आवाज उठाने वाला कोई व्यक्ति था तो वह भोजपुरिया बाबू कुमार सिंह थे। भगवान बुद्ध की कर्मभूमि, चाणक्य और सम्राट अशोक की भूमि भी बिहार रही है। आज देष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में हैं। हर कोई चैन से सांस ले सकता है।

#### भोजपुरी लोगों के रग-रग में विश्वास है : शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की दुनिया को शिक्षा देने वाले बिहार ने लोकतंत्र को बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कांग्रेस पार्टी ने जब देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर प्रहार किया तो जयप्रकाश नारायण जी ने ही लोकतंत्र बचाने की अलख जगाई और उनके आह्वान पर ही देशभर में आंदोलन शुरू हुआ। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकली सोच को ही आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सेवा करने में जुटे हैं। बिहार के लोग देश के हर कोने में मिलेंगे और अपनी योग्यता व कर्मठता से देश व समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए भी बड़ी ताकत हैं। भोपाल में भोजपुरी समाज से आने वाले स्वर्गीय सुरेन्द्र नाथ सिंह तीन बार भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे हैं। वे विधायक भी रहे हैं।

# व्यापारी के घर से चोरी 30 लाख के जेवर गलाकर इंदौर में बेचे, ज्वेलर्स समेत 3 गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहपुरा इलाके में किराना व्यापारी के घर से करीब 40 लाख रुपए की चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने उनके मकान से चोरी किए सोने-चांदी के जेवर को गलाकर इंदौर के ज्वेलर्स को बेच दिया था। पुलिस ने ज्वेलर्स को भी आरोपी बनाकर उसके पास से गलाया गया सोना-चांदी बरामद किया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने 6 लाख 83 हजार रुपए कैश, 5 जोड़ी सोने के टॉप्स, 1 सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, गले हुए सोने की 194 ग्राम वजनी सिल्ली, 650 ग्राम गली हुयी चांदी बरामद की है। पुलिस ने दावा किया कि बरामद कैश-जेवर 30 लाख रुपए का है।

पुलिस के मुताबिक, जय भवानी सोसायटी शाहपुरा निवासी 65 वर्षीय गोपाल प्रसाद अग्रवाल किराना व्यापारी हैं। 18 मार्च की दोपहर करीब 1 बजे वह अपने परिवार के साथ ओमकारेश्वर दर्शन करने गए थे। अगले रात करीब 11 बजे वापस घर लौटे। देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर अलमारी में रखे करीब 10 लाख रुपए कैश, 300 ग्राम वजनी सोने के जेवर, चांदी के गहने गायब मिले। देर रात उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल से पिपलानी तक के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। इसमें दो संदिग्ध नजर आए। जिनकी पहचान ई-ब्लाक शीतल हाईट मिसरोद निवासी 33 वर्षीय आशुतोष श्रीवास्वतव, सतलापुर मंडीदीप निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र उर्फ जीतू मीणा







के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना कबूल लिया। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए जेवर वह इंदौर में ज्वेलर्स धर्मेंद्र उर्फ मनीष प्रजापति को 17 लाख रुपए में बेच दिया। ज्वेलर्स ने जेवर को गला दिए हैं। पुलिस ने इंदौर से धर्मेन्द्र को पकड़कर उससे चोरी के जेवर बरामद किए। कुछ जेवर -नकदी आरोपियों ने पिपलानी इंद्रपुरी में अपने दोस्त के घर में रखा हुआ था। जिसे पुलिस ने बदमाशों की निशानदेही से बरामद किया।

#### फुटेज, मोबाइल लोकेशन से पकड़ाए

आरोपी अग्रवाल के घर में आगे की तरफ से घुसे, जबकि पीछे की तरफ से वह भागे। व्यापारी ने अगले रोज खुद ही अपने घर और आसपास के फुटेज निकाले। जिसमें बदमाशों का हुलिया मिल गया। फुटेज पुलिस को सौंपे। फुटेज धुंधले होने की वजह से बदमाशों की पहचान करना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में पुलिस ने अग्रवाल के घर के आसपास घटना के दिए एक्टिव मोबाइल का डाटा खंगाला। इससे पता चला कि 1 बजे एक नया मोबाइल नंबर उनके घर के पास करीब दो घंटे तक एक्टिव रहा है। इसके बाद वही मोबाइल नंबर पिपलानी में एक्टिव हुआ। पुलिस ने संदिग्ध नंबर की पहचान कर जितेन्द्र को पकड़ा। जितेन्द्र शातिर चोर है। उसने ही आशुतोष को चोरी के लिए तैयार किया था।

### 15 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर चले लाठी-डंडे, 4 घायल

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** खजूरी इलाके में 15 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर शनिवार रात दो पक्षों विवाद हो गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। हमले में मंत्री नरेंद्र पटेल के साढ़ू भाई शैलेंद्र पटेल की कंपनी के तीन कर्मचारियों के हाथ और एक के सिर में चोट आई है। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच, बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय आकाश त्रिपाठी अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। वह मंत्री नरेन्द्र पटेल के साढ़ू शैलेन्द्र पटेल की निजी कंपनी में काम करते हैं। शैलेन्द्र की कंपनी ने गांव नरेला खजूरी सड़क में भागीरथ वर्मा के परिवार से 15 एकड़ जमीन खरीदी थी। आकाश दर्जनभर साथियों के साथ शनिवार सुबह जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। इस दौरान अपनी पैतृक जमीन बताते हुए आरोपी भागीरथ, संदीप वर्मा, भोपाल सिंह, प्रीतम वर्मा, शैलू वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राकेश, अखिलेश, कपिल, ओम व प्रेम ने विवाद शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर शांत कराया। इसके बाद रात 9 बजे फिर आकाश साथियों के साथ कब्जा करने पहुंच गए। इस दौरान जमीन को अपना बता रहे आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। एक कार, ट्रैक्टर व दो पहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।

### 35 मृत कर्मचारियों को जीवन बीमा निगम ने नहीं किया भुगतान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मप्र वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के 35 कर्मचारियों की मौत हो जाने के बाद भी उन्हें भारतीय जीवन बीमा निगम से मिलने वाली मृत्यु लाभ राशि का भुगतान नहीं हो सका है, जिसके चलते इनके परिजन ठोकरें खाने को मजबूर हैं। कॉरपोरेशन द्वारा कर्मचारियों के पेंशन व ग्रेज्युएटी के लिए बीमा निगम से एक पॉलिसी ली गई है। इस पॉलिसी के माध्यम से ही रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को पेंशन और मृत्यु होने पर मृत्यु लाभ की राशि दी जाती है, लेकिन निगम के 35 कर्मचारियों की मौत के बाद भी उन्हें इस राशि का भुगतान नहीं हो सका है, जिसके कारण कर्मचारियों के परिजन भटकने को मजबूर हैं। समस्या के कारण इन 35 परिवारों में चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है। मामले में वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई ने इन परिवारों को राशि का भुगतान करने की मांग की है।

#### पॉलिसी से पेंशन व मौत पर भुगतान का है प्रावधान

#### प्रताड़ना से परेशान कर्मचारी देंगे धरना

पुस्तक निगम के प्रबंधन द्वारा लगातार की जा रही तानाशाही के चलते कुछ कर्मचारी लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार कुछ लोगों को चिन्हित कर उन्हें लगातार स्थानांतरित किया जा रहा है और कोई भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। संपादन व लेखन का कार्य करने वाले कर्मचारियों से ऑफिस बॉय का काम कराया जा रहा है, जिससे कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। प्रताड़ना से तंग आकर कर्मचारी 26 मार्च को सेमी गवर्मेंट एम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले धरना देंगे।

# धर्म आधारित आरक्षण अंबेडकर के संविधान के खिलाफ है : दत्तात्रेय

## कर्नाटक सरकार के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण का मामला

**बेंगलुरु, जेएनएन।** सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर जारी बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटा की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि इस तरह का आरक्षण बी आर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान के खिलाफ है। आरएसएस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' की तीन दिवसीय बैठक के समापन के अवसर पर यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबाले ने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।



### आरएसएस क्यों कर रहा विरोध

आरएसएस का कहना है कि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। संगठन के अनुसार, इस तरह का आरक्षण संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर के विचारों के खिलाफ है।

### मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया

होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर का विरोध करने के लिए राजपूत राजा महाराणा प्रताप जैसी शख्सियतों की सराहना की। आरएसएस नेता ने दावा किया कि आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो भारतीय मूल्यों का समर्थन करते हैं।

### उच्चतम न्यायालय ने खारिज किया था

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से किए गए मुसलमानों के लिए धर्म-आधारित आरक्षण लागू करने के प्रयासों को उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। होसबाले ने इस बात पर जोर दिया कि अदालतों ने ऐसे आरक्षण के प्रावधानों को खारिज किया है। महाराष्ट्र में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद के बारे में पूछे गए सवाल पर संघ नेता ने कहा कि औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, न कि सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाले उसके भाई दारा शिकोह का।


### मोहन भागवत से मिले भाजपा अध्यक्ष नड्डा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया के बीच रविवार को जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक ये बैठक बेंगलुरु में हुई। यहां 21 मार्च से आरएसएस की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक चल रही थी। बैठक का आज आखिरी दिन था। सूत्रों के मुताबिक भागवत के साथ हुई मुलाकात में नड्डा ने पार्टी संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की। नड्डा 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए थे। उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था। इसके बाद लोकसभा, आंध्र, अरुणाचल, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव की वजह से उन्हें एक्सटेंशन दिया गया। लोकसभा चुनाव में पार्टी की लगातार तीसरी जीत के बाद नड्डा केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए। एक व्यक्ति एक पद के मुताबिक उनकी जगह अब नया अध्यक्ष चुना जाना है। पार्टी के संविधान के मुताबिक 50 प्रतिशत राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पूरा हो जाने के बाद नए अध्यक्ष का चुनाव होता है। अभी 36 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में से 13 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं।

# अधीर रंजन चौधरी का दावा जेल से की जा रही मेरी हत्या की साजिश

## टीएमसी के इशारे पर काम कर रहा है बड़ा अधिकारी



**कोलकाता, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने अपनी हत्या की साजिश का दावा किया है। पश्चिम बंगाल के प्रमुख चेहरों में से एक चौधरी ने दावा किया है कि उनकी हत्या की योजना बनाई जा रही है। मुर्शिदाबाद के बरहामपुर निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चौधरी ने कहा कि उनकी हत्या की साजिश के पीछे पुलिस और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का हाथ है। चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि जेल में बंद एक अपराधी को उनकी हत्या की सुपारी दी गई है। शनिवार के उनके बयान के बाद से राज्य की सियासत में हलचल मच गई है।

### आला अफसरों से करेंगे शिकायत

अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मुझे जानकारी मिली है कि मेरी हत्या की साजिश रची जा रही है। इसके लिए जेल में बंद एक अपराधी को चुना गया है। यह साजिश पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने रची है, जो टीएमसी के इशारे पर काम कर रहा है।' उन्होंने दावा किया कि यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि वह टीएमसी सरकार के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। चौधरी ने कहा कि उनकी जान को खतरा है और वे इसकी शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से करेंगे।

### आवाज दबाने के हथकंडे

चौधरी ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा, 'यह पार्टी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। जो लोग उनके खिलाफ बोलते हैं, उन्हें चुप कराने की कोशिश की जाती है। लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।'

### सबूत है तो सामने लाएं: टीएमसी

इस बयान के बाद टीएमसी ने पलटवार किया है। पार्टी के एक नेता ने बयान को बेबुनियाद और सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश करार दिया है। टीएमसी ऐसी साजिशों में शामिल नहीं होती। अगर उनके पास सबूत हैं, तो वे सामने लाएं। वहीं, पुलिस ने भी इन आरोपों को खारिज किया है और कहा- यह पूरी तरह गलत है।

### पहले भी लगा चुके हैं आरोप

यह पहली बार नहीं है जब चौधरी ने टीएमसी पर इस तरह के आरोप लगाए हों। इससे पहले भी वे ममता बनर्जी की सरकार पर हमलावर रहे हैं। उन्हें पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर भी सवाल उठाए थे। यह बयान उनकी सियासी सक्रियता को फिर से मजबूत करने की कोशिश हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा में चुनाव का एलान, 28 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

**ओटावा।** कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अचानक देश में 28 अप्रैल को चुनाव कराने की घोषणा की। उन्होंने ये फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब ट्रंप लगातार कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं। कनाडा के पीएम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए हमें एक मजबूत जनादेश की आवश्यकता है। कनाडा में इस साल 20 अक्टूबर आम चुनाव होने थे। कनाडा के नए प्रधानमंत्री कार्नी के बयान से साफ पता चल रहा है कि अमेरिका और कनाडा के बीच संबंध किस हद तक खराब हो गए हैं। दोनों देश कुछ समय पहले तक पुराने सहयोगी और प्रमुख व्यापारिक साझेदार हुआ करते थे। हाल में ही डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की धमकी दी थी।

### पोप फ्रांसिस 5 हफ्ते बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए

**वेटिकन, जेएनएन।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस को रविवार को 5 हफ्ते बाद हॉस्पिटल डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने हॉस्पिटल की बालकनी से समर्थकों को धन्यवाद कहा। 88 साल के पोप को फेफड़ों में इन्फेक्शन की वजह से 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला था। इलाज के दौरान दो बार पोप को जान का खतरा था हॉस्पिटल से निकलने के बाद पोप वेटिकन सिटी में स्थित कासा सांता मार्टा के अपने घर वापस लौटेंगे।

### मुंबई में कॉमेडियन कामरा का स्टूडियो तोड़ा

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा का महाराष्ट्र की राजनीति पर बनाया गया वीडियो विवादों में आ गया। वीडियो में कुणाल ने बिना नाम लिए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का मजाक उड़ाया। वीडियो सामने आने के बाद शिंदे गुट के शिवसेना कार्यकर्ता भड़क गए। भारी संख्या में समर्थक रविवार देर रात मुंबई के द यूनिकॉन्टिनेंटल ऑफिस पहुंचे। दावा किया जा रहा है कि यहीं पर वीडियो शूट हुआ था। शिवसेना समर्थकों ने स्टूडियो में तोड़फोड़ की। इसके बाद शिकायत दर्ज कराने के लिए खार पुलिस स्टेशन पहुंचे। उनकी मांग है कि कुणाल कामरा को तुरंत अरेस्ट किया जाए।

### दिल्ली में पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण दिल्ली में हौज खास इलाके के डियर पार्क में रविवार तड़के 21 वर्षीय युवक और 18 वर्षीय युवती के शव पेड़ से लटके मिले। पुलिस को आत्महत्या का संदेह है। पुलिस को संदेह है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था। उनके रिश्ते को परिवारों द्वारा अस्वीकार किये जाने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने इस घटना में साजिश की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उसने पहले कहा था कि दोनों 17 साल के थे। पुलिस के अनुसार, 'डियर पार्क के एक सुरक्षा गार्ड ने सुबह छह बजकर 31 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन कर शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि पिलंजी गांव का निवासी यह युवक लोधी कॉलोनी में पिज्जा की एक दुकान पर काम करता था। उसके परिवार ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर से निकला था।

# कोई माई का लाल तेजस्वी को सीएम बनने से नहीं रोक सकता: लालू यादव

**मोतीहारि, जेएनएन।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को जोरों पर है। राजनीतिक पार्टी अभी से ही जनता से वादे पर वादे कर रही है। सियासत के धुरंधर लालू यादव भी इस चुनाव में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। लालू यादव ने लोगों से आरजेडी की सरकार बनाने की अपील की और माई बहिन योजना को पूरा करने का वादा किया है। मोतिहारी के कल्यानपुर से राजद विधायक मनोज यादव के पैतृक गांव कोटवा प्रखंड के जमुनियां में कॉमरेड यमुना यादव की पहली पुण्यतिथि पर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लालू यादव ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तो



राजद विधायक मनोज यादव के पिता यमुना यादव ने कई योजनाओं की मांग की थी, जिन्हें उन्होंने पूरा किया था। अब कल्यानपुर से राजद विधायक मनोज यादव को फिर से जिताना है और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनानी है। लालू यादव ने दावा किया कि कोई माई का लाल सरकार बनने से नहीं रोक सकता है। दिल्ली के नतीजों के बाद अब सारी नजरें बिहार पर टिकी हैं। महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद दिल्ली में जीत से भाजपा के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं।

### 160 संस्थाओं को मिला एफसीआरए सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली।** देश भर के कुल 160 संस्थाओं को 2025 में विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इससे उन्हें अब कानूनी रूप से विदेशी धन प्राप्त करने की अनुमति मिल गई है। एफसीआरए प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में दिल्ली का श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स भी शामिल है। गृह मंत्रालय ने एफसीआरए के तहत आवेदनों की जांच करने के बाद ये प्रमाण पत्र जारी किए हैं। एफसीआरए एक भारतीय कानून है जो व्यक्तियों, कंपनियों और गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संगठनों द्वारा विदेशी धन की स्वीकृति और उपयोग को नियंत्रित करता है। एफसीआरए को यह सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था कि विदेशी धन का उपयोग उचित और पारदर्शी रूप से किया जाए, और भारत की संप्रभुता, अखंडता या आंतरिक सुरक्षा को नुकसान नहीं पहुंचे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफसीआरए प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों राज्यों की सूची में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है।

मर्चेंट नेवी के पूर्व अधिकारी सौरभ राजपूत हत्याकांड

# दिल चीरा, धड़ से सिर अलग किया, पीएम रिपोर्ट में दिल दहला देने वाला खुलासा

**मेरठ, जेएनएन।** मर्चेंट नेवी के पूर्व अधिकारी सौरभ राजपूत के पोस्टमार्टम से पता चला है कि उनकी किस अत्यंत क्रूरता से हत्या की गई थी तथा उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने कथित तौर पर उनके शव के कई टुकड़े किये थे। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि सौरभ राजपूत के दिल पर तीन बार बहुत जोर से वार किया गया था, जो लगातार और हिंसक हमले का संकेत है। उन्होंने कहा, एक धारदार लंबे चाकू से दिल पर बहुत जोर से वार किया गया था, क्योंकि चाकू के वार दिल के बहुत अंदर तक गए थे।



### परिजनों को सौंपा शव

उन्होंने बताया कि इससे शव सीमेंट के बीच में जम गया था और हवा न जा पाने के कारण शव सड़ी हालत में नहीं था, उसमें दुर्गंध भी कम आ रही थी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में ड्रम को कटर से काटा गया और फिर जमे हुए सीमेंट को काटकर उसमें से शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### शव के चार टुकड़े किए

पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बताया कि सौरभ राजपूत के दिल पर तीन वार किए गए थे। उन्होंने बताया कि मुस्कान ने सौरभ के दिल में बेरहमी से चाकू घोंपा। उन्होंने बताया कि सौरभ राजपूत का दिल चीरने के बाद उसके गर्दन और दोनों हथेलियों को काटा गया। उन्होंने बताया कि शव को ड्रम में घुसाने के लिए उसके चार टुकड़े किए गए थे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सदमा और रक्तस्राव बताया गया है। वहीं पोस्टमार्टम करने वाली चिकित्सीय टीम के एक सदस्य ने बताया कि शव को ड्रम में डालकर डस्ट और सीमेंट डालकर उसमें ऊपर तक पानी भरा गया था।

नीतीश को अल्पसंख्यक समुदाय का झटका

# इफ्तार पार्टी से दूर रहेंगे मुस्लिम धार्मिक संगठन



**पटना, जेएनएन।** बिहार में चुनावी साल है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अल्पसंख्यक समुदाय से बड़ा झटका लगा है। नीतीश की इफ्तार पार्टी से मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने बायकॉट किया है। कहा जा रहा है कि जेडीयू के वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने के कारण मुस्लिम संगठन नाराज चल रहे हैं और नीतीश की इफ्तार पार्टी से पहली बार दूरी बना ली है। ये इफ्तार पार्टी रविवार को पटना में होने वाली है। बिहार में जेडीयू के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है. इस सरकार में बीजेपी, एलजेपी (र) और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा भी हिस्सा है। केंद्र की मोदी सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 बिल लाने की तैयारी कर रही है। फरवरी 2025 में मोदी कैबिनेट ने संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित 14 संशोधनों को मंजूरी दे दी है। ये संशोधन वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, विवाद निपटान प्रक्रियाओं और वक्फ बोर्डों की संरचना से संबंधित हैं।

# ओडिशा में ओले गिरे, 2 की मौत, देश के 17 राज्यों में बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले 24 घंटों में ओडिशा में अलग-अलग जगहों पर बारिश, आंधी और बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। 67 अन्य घायल हो गए और 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। आज देश के 17 राज्यों में बारिश की संभावना है। इसमें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और नॉर्थ ईस्ट के राज्य शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बिजली और ओले गिरने की संभावना है। इस दौरान बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश (7 से 11 सेमी) और बिजली के साथ तूफान आ सकता है। मौसम विभाग ने



ओडिशा के बरहामपुर में मेडिकल कॉलेज के अंदर बारिश का पानी भर गया।

2025 में भी सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान जताया है। ये हालात हीटवेव की गंभीरता दिखा रहे हैं। सस्टेनेबल फ्यूचर कोलाबोरेटिव, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं की साझा रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत एक्स्ट्रीम हीटवेव झेलने के लिए तैयार नहीं है। आने वाले वर्षों में हीटवेव लंबे समय तक बने रहने से ज्यादा मौतें होने की चेतावनी है।

# फैंस को ईदी देने को तैयार सलमान रिलीज हुआ एक्शन-पैक्ड ट्रेलर

**मुंबई, जेएनएन।** फाइनली फैंस का इंतजार खत्म हो ही गया, सिकंदर फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर देख सलमान खान के चाहने वाले क्रेजी हो गए हैं। भाईजान फैंस को 30 मार्च को ईदी देने के लिए तैयार हैं। साल 2025 की सबसे बड़ी फिल्मों में शुमार सिकंदर का ट्रेलर एक्शन-पैक्ड है। सलमान अपनी पिछली फिल्मों किक, जय हो सभी का फील देते दिख रहे हैं। वहीं एआर मुर्गदास ने अपने वादे मुताबिक गजनी फिल्म का ट्विस्ट भी दिया है।




**ट्रेलर देख फैंस हुए क्रेजी:** फिल्म की कहानी सिकंदर यानी सलमान खान की है, जो राजकोट का राजा माना जाता है। वो शहर का रॉबिनहुड है, लेकिन साईश्री यानी रश्मिका मंदाना के लिए वो संजय हैं। लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है जिसकी वजह से सिकंदर को मुंबई शहर में कदम रखना पड़ता है और शुरू होती है कहानी। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ बाहुबली फेम सत्यराज भी हैं। वहीं शरमन जोशी का भी अहम किरदार है। ट्रेलर फैंस को खूब पसंद आ रहा है, वहीं सलमान का स्वैग फैंस का दिल जीत रहा है। यूजर्स कमेंट कर अपना क्रेज शो कर रहे हैं। 'सिकंदर' का ट्रेलर एक धमाकेदार और थ्रिलिंग कहानी का भरोसा जगाती है।

**बदहाली** | भारत के इस गांव के लड़कों से शादी नहीं करती लड़कियां, नहीं पैदा हो रहे बच्चे, स्कूल में सिर्फ 5 छात्र

# कुंवारों का गांव, यहां के लड़कों से लड़कियां शादी ही नहीं करती

**जोंदालगट्टी, जेएनएन।** किसी लड़के या लड़की से शादी ना करने की कई वजहें हो सकती हैं लेकिन क्या कोई गांव ही शादी ना करने का कारण हो सकता है? शायद आपने ऐसा पहले कभी नहीं सुना होगा, लेकिन आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि एक ऐसा गांव है जहां के लड़कों से कोई शादी ही नहीं करना चाहता। इसीलिए इस गांव का नाम कुंवारों का गांव पड़ गया है। यह हावेरी जिले का जोंदालगट्टी गांव है।



### क्या है शादी ना करने की वजह?

केरल के जोंदालगट्टी गांव के लड़कों के लिए शादी करना किसी बहुत बड़े टास्क से कम नहीं है, क्योंकि लड़कियां और उनके परिवार इस गांव से रिश्ता जोड़ने से साफ इनकार कर देते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर गांव में ऐसा क्या है कि वहां के लड़कों से लड़कियां शादी करने से इनकार कर देती हैं? तो इसके पीछे की वजह सिर्फ गांव की बदहाली है और कुछ नहीं।

### रहती है 200 लोगों की आबादी

इस गांव में स्वास्थ्य सेवाएं, सड़कें, संचार सुविधाएं और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं न के बराबर हैं, जिसकी वजह से यहां के शादी योग्य युवकों को कोई भी लड़की अपनाने के लिए तैयार नहीं होती। करीब 200 लोगों की आबादी वाले इस गांव में 20 से ज्यादा नौजवान वर्षों से शादी के की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कोई अपने कोई लड़की हीं मिल पा रही है।

### स्कूल में बचे हैं सिर्फ 5 बच्चे

किसी एक खास जगह पर लंबे समय तक नौजवानों की शादी ना होना उस जगह के भविष्य पर कई तरह के सवाल भी खड़ी करता है। जैसा कि नतीजे सामने आना भी शुरू हो चुके हैं। इस घटना का असर स्कूलों पर भी देखने को मिला है। क्योंकि गांव में नए बच्चे पैदा होना बंद हो गए हैं तो, इसलिए स्कूल में इस साल कोई नया दाखिला नहीं हुआ। स्कूल में सिर्फ पांच बच्चे हैं और आंगनवाड़ी पूरी तरह खाली पड़ी है।

### गांव में रहते हैं 41 परिवार

एक जानकारी के मुताबिक जोंदालगट्टी गांव में ज्यादातर मराठा समुदाय के लोग रहते हैं। यहां की 41 में से 34 परिवार इसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जबकि बाकी परिवार ओबीसी समुदाय के हैं। शादी की समस्या को लेकर गांव के कुछ नौजवानों ने हाल ही में विधायक यासिर अहमद खान पठान से जन-संवाद बैठक में अपनी चिंता जताई।

### बदहाली को लेकर विधायक के साथ की मीटिंग

एक रिपोर्ट के मुताबिक विधायक के साथ मीटिंग के दौरान गांव के लोगों ने बताया कि गांव से मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए जंगल के रास्ते से गुजरना पड़ता है। हालांकि कुछ दिन पहले ही वहां बस सुविधा शुरू हो चुकी है लेकिन यह सिर्फ सुबह के समय मिलती है और फिर शाम को वापस आती है। उन्होंने बताया कि कुंडली वगैरह सब कुछ मिल जाता है लेकिन बस लड़कियां गांव की बदहाली देकखर शादी करने से इनकार कर देती हैं।

नवविवाहिता की मौत का मामला, परिजनों के बयान दर्ज

# डॉक्टर दामाद पर प्रताड़ना का दावा, हत्या की जताई आशंका

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नवविवाहिता डॉक्टर ऋचा पांडेय की मौत के मामले में रविवार को उनके माता-पिता, परिजन के बयान हुए। परिवार ने ऋचा के पति पर प्रताड़ित करने का दावा किया। ऋचा की मां रेणू ने पुलिस को बताया कि दामाद अभिजीत पांडेय का स्वाभाव ठीक नहीं था। वह बेटी का ख्याल नहीं रखता था।

कई दिन तक बेटी से अलग रहता था। वहीं, पिता विनोद पाण्डेय ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि अभिजीत अनैतिक गतिविधियों में लिप्त था। इसकी जानकारी बेटी को लग चुकी थी। आशंका है कि पति की करतूत का वह खुलासा नहीं कर दे, इसलिए उसे जहर का इंजेक्शन देकर मार दिया। ऋचा के चाचा के भी पुलिस ने बयान दर्ज किए हैं। बतादें, मूलतः लखनऊ निवासी 32 वर्षीय ऋचा पांडेय पति अभिजीत पांडे जबलपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद जीएमसी भोपाल से



एनेस्थीसिया से एमएस किया था। शाहपुरा इलाके की ड्रीम सिटी कॉलोनी में पति अभिजीत के साथ रह रही थीं। मूलतः सतना निवासी अभिजीत पांडे कॉस्मेटोलॉजी चिकित्सक हैं। गुरुवार सुबह वह कमरे में मृत मिली थीं। अभिजीत की भूमिका को लेकर ऋचा के परिजन ने संदेह जताया था। पुलिस को उनके कमरे में एनेस्थीसिया के पांच इंजेक्शन मिले थे। जिन्हें पुलिस ने बरामद कर जांच में लिया था।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गुनौर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण, पवई।** फरियादी विजय रैकवार पिता पूरन रैकवार निवासी ग्राम इमलिया थाना गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21/03/25 की रात्रि को उनके समाज का खाना पीना चल रहा था तो वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगाकर गांव के बाहर वाले मकान में चले गये थे जब सुबह घर में आकर देखा तो उसके घर में रखी हुई खाद्यान्न सामग्री कुल वजन करीबन एक क्विंटल की घर के पीछे की दीवाल फांद कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । फरियादी की सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 84/25 धारा 331 (4), 305(डु) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया । थाना गुनौर ने घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदाय की गई जिनके द्वारा तत्परता से कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर एक संदेही से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घर के अंदर घुसकर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी की गई खाद्यान्न सामग्री पुलिस को बरामद कराई गई तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिनके आदेश अनुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत पर जिला जेल पन्ना दाखिल कर दिया गया है।

**महत्वपूर्ण भूमिका :** संपूर्ण कार्यवाही पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस. थोटा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह, एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षण श्री सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक श्री धर्मेंद्र प्रजापति, आरक्षक श्री देवराज पटेल के द्वारा की गई।

# गुड़ी पड़वा पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में होगा कार्यक्रम

**पन्ना:-** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सूर्य उपासना पर केन्द्रित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विक्रम संवत् भारतीय कालगणना के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ब्रम्ह ध्वज, विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के समन्वय से होगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

**मंदिर एवं शासकीय भवनों में स्थापित होंगे ब्रम्ह ध्वज :** सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत विक्रमोत्सव 2025 एवं गुड़ी पड़वा पर आयोजित कार्यक्रम में 15 प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर तहसीलदार पन्ना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा ब्रम्ह ध्वज स्थापित करवाया जाएगा। श्री जुगल किशोर मंदिर, श्री रामजानकी मंदिर, श्री बल्देव जी मंदिर, श्री गोविन्द जी मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, श्री प्राणनाथ मंदिर सहित श्री पद्मावती बड़ी देवी मंदिर, श्री राधारमण मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर जनकपुर, फूला माता मंदिर महेन्द्र भवन, संयुक्त कार्यालय भवन इन्द्रपुरी कॉलोनी, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ब्रम्ह ध्वज स्थापित किए जाएंगे।

# सामाज सेवी युवाओं ने पतने नदी मे किया घंटों श्रमदान



**जागरण, पवई।** नगर की जीवन दायनी कही जाने वाली पतने नदी अपने अस्तित्व को बचाने जिम्मेदारों से गुहार लगा रही है लेकिन जिम्मेदारों का यह हाल है कि नदी की दुर्दशा को झांकने तक नही जाते। नगर के कुछ युवा समाज है जिन्हे प्रकृति से लगाव रखते है एवं समाजहित के कार्यों आगे रहते है रविवार को सुबह 6 से 8 दो घंटे माता कलेही मंदिर के सामने घाट के आस पास करीब एक दर्जन युवाओ ने श्रमदान करते हुए नदी की सफाई की। इन युवाओ द्वारा हर वर्ष गर्मी के दिनो मे नदी के पानी को साफ सुथरा स्वच्छ रखने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को श्रमदान किया जाता है। प्रशासन को चाहिए कि पुल के आस पास पानी मे काई एवं कचड़ा फैला हुए, जिसकी वजह से पानी दूषित हो रहा समय समय पर सफाई पर ध्यान देना चाहिए लेकिन ध्यान नही दिया जाता । श्रमदान करने वाले युवाओ मे प्रमोद नगायच,विजय पटेल,सुरेन्द्र यादव,रूपेन्द्र,अखिलेश चौबे,सौरभ जैन,राहुल खटीक,ओम पटेल,मुकाश साहू वरूण ताम्रकार राहुल नामदेव सहित अन्य युवा मोजूद रहे ।

# पन्ना जिले में पंचायत भवनों का निरीक्षण, कार्य में सुधार के निर्देश



**पवई।** पवई जनपद क्षेत्र मे सोमवार को पन्ना जिले के जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने ग्राम पंचायत सिरसी में निर्माणाधीन पंचायत भवन और अटल सुशासन भवन का निरीक्षण किया। मौके पर कार्यों का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने कार्य की गति और गुणवत्ता पर जोर दिया और निर्माण कार्यों को तीव्रता से, गुणवत्तापूर्ण तरीके से, तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद, श्री मरावी ने ग्राम पंचायत सिरसी के विभिन्न प्रधानमंत्री आवासों का भी निरीक्षण किया और हितग्राहियों से संवाद किया, ताकि योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने ग्राम पंचायत कोनी में निर्माणाधीन अटल सुशासन भवन और पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। यहाँ भी कार्य की गति बढ़ाने, गुणवत्ता बनाए रखने और समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात उड़ला तालाब में चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए श्री मरावी ने पाया कि स्थल पर सात श्रमिक काम कर रहे थे, जिनमें से तीन अनुपस्थित थे। उन्होंने काम को और भी तेज करने और श्रमिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री उपाध्याय, खंड पंचायत अधिकारी श्री वेद नारायण अवस्थी, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जीआरएस, उपयंत्री तथा सहायक यंत्री श्री अमोल सिंह यादव भी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण, बजट मांग, जाति प्रमाण पत्र एवं राहत राशि वितरण सहित आवश्यक एवं अधिक समय से लंबित मामलों में परीक्षण कर शीघ्र कार्यवाही इत्यादि के संबंध में जरूरी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि एट्रोसिटी एक्ट में दर्ज मुकदमों में समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रकरण दर्ज होने पर त्वरित रूप से तहरीर की कार्यवाही करें। संबंधित फरियादी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर समय पूर्व जरूरी समन्वय का कार्य भी किया जाए। विशेष लोक अभियोजक एवं अन्वेषण अधिकारी की नियुक्ति व सजा में पैरवी सहित यात्रा भत्ता बजट के लिए समय पर मांग पर प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत गठित समिति की बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति व जनजाति श्रेणी के मामलों में राहत प्रकरणों की स्वीकृति व भुगतान राशि वितरण की जानकारी ली। बताया गया कि एक अप्रैल 2024 से अब तक कुल प्राप्त 308 प्रकरणों में से 247 प्रकरणों में एक करोड़ 52 लाख 68 हजार 750 रूपए की राशि का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान अन्य आवश्यक विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विकास में बाधा बनीं नौगांव नगर पालिका की सीएमओ

**छतरपुर।** जिले की नौगांव नगर पालिका की सीएमओ अधिकारी नीतू सिंह पर आरोप है कि वे नगर के विकास में बाधा बनी हुई हैं। उनकी लचर कार्यशैली के चलते पिछले दिनों टीएल बैठक में कलेक्टर ने न केवल उन्हें फटकार लगाई थी, बल्कि उनके निलंबन का प्रस्ताव भी भिजवाया था। वहीं सोमवार को सीएमओ नीतू सिंह से नाराज नौगांव नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नीतू सिंह को हटाने की मांग की है। ज्ञापन के साथ यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि 31 मार्च तक सीएमओ को नहीं हटाया गया तो पूरी परिषद अनशन पर बैठेगी। नौगांव नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने बताया कि जब से सीएमओ नीतू सिंह नौगांव नगर पालिका में पदस्थ हुई हैं, तभी से वे नगर के विकास में बाधा बनी हुई हैं। न तो ठीक से सफाई कार्य हो रहे हैं और न ही विकास। नगर के लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए महीनों परेशान होना पड़ रहा है।

# सरपंच झूठे केश में फसाता है, पुलिस ने परिवार के नौ लोगों पर मामला दर्ज किया : शिकायत कर्ता



**जागरण, टीकमगढ़।** करीब दो दर्जन से अधिक लोगों के साथ महेन्द्र यादव तनय मेहरवान यादव निवासी शिवराजपुरा थाना मोहनगढ़ एसपी कार्यालय में पहुंचा जहां उन्होंने पुलिस और अरविंद्र उर्फ मुखिया सरपंच पर गंभीर आरोप लगाए है। शिकायतकर्ता सुरेन्द्र यादव ने बताया कि परिवार के करीब 9 लोगों पर रंजिश के चलते बिना किसी घटना घटित एक ही परिवार के नौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। दो बच्चे ऐसे हैं जो अग्नि वीर की परीक्षा पास कर ग्वालियर में है उनका सिलेक्शन में नाम आ गया है। नथुआ ध्यान अरविंद यादव उर्फ मुखिया इनके द्वारा आवेदन देकर फिर षडयंत्र पूर्वक कराई गई है। आगे शिकायतकर्ता ने बताया कि पिता द्वारा ग्राम रमपुरा में करीब सन 1972 से शासकीय भूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य करता चला आ रहा है। इसी जमीन विवाद पर से मामला दर्ज कराया गया हैं। मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग एसपी से की है।

# 21 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में हुए प्रकरण कायम

**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अवैध मादक/नशीले पदार्थों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु साप्ताहिक अभियान चलाया गया । जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना /चौकी प्रभारियों द्वारा मुखबिर सूचनाओं पर तस्दीक कर 21 आरोपियों से 376 लीटर अवैध शराब कीमती ?135480/- की मय फ़ोर व्हीलर वाहन के जप्त कर आवकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगी ।

# सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में अधिभार में छूट

**पन्ना ।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जाएगी। इस संबंध में विभाग ने नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष की कर वसूली 31 मार्च 2025 तक ही हो सकेगी। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रति वर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डॉमिस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किए जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्त प्रकार के करों की वसूली नियत समय में किए जाने के लिए जागरूक करने के लिये कहा गया है। नागरिक इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने क्षेत्र के नगरीय निकाय के वार्ड कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

# छत्रसाल महाविद्यालय के डॉ मनोज पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मानित



**जागरण, पन्ना।** नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना (मध्य प्रदेश) के वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार शुक्ल का पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के लिए %%पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समिति, पन्ना द्वारा 23 मार्च को आयोजित हरित संगम कार्यक्रम में सम्मान किया गया द्य

डॉ शुक्ल ने बताया कि वह निरंतर पर्यावरण संरक्षण में कार्य करते रहते हैं। जैसे- समय-समय पर जल संरक्षण गतिविधियों, पत्रिका परिवार द्वारा आयोजित अमृत जलम नामक धर्म सागर तालाब की स्वच्छता में भाग लेने, विगत वर्ष में महाराज सागर तालाब को जलकुंभी मुक्त करने अभियान में भाग लेने, महाविद्यालय में प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करवाने तथा तथा महाविद्यालय परिसर में पौधों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने, पर्यावरण संरक्षण हेतु महाविद्यालय में समय-समय पर सेमिनार, वर्कशॉप एवं पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिताओं के आयोजन करने, तालाब आदि जलाशय को संरक्षित रखने के लिए समाचार पत्रों व पत्रिकाओं में लेख लिखने, अपनी फेसबुक वॉल पर पर्यावरण संरक्षण पाठशाला चलाने के अतिरिक्त उन्होंने मिर्जा राजा की तलैया के मुंडेर पर दो पीपल एवं एक बरगद को गोद लेकर निरंतर संरक्षण का प्रयास कर रहे हैं । उनके इसी प्रयास को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समिति द्वारा पहचान करके उन्हें आज हरित संगम के अवसर पर सम्मानित किया गया है ।

# यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड व अस्पताल के सामने नो पार्किंग में खड़े होने वाले ऑटो, ई-रिक्शा पर की गयी कार्यवाही




**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात द्वारा व अपनी यातायात टीम के साथ विगत दिवस को बस स्टैण्ड के अन्दर व शासकीय अस्पताल गेट के सामने अनियमित दशा में खडी करने वाले व अनियमित रूप से संचालित आटो, ई- रिक्शा चालको के विरुद्ध विगत दिवस विशेष अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की गयी । जिसमें थाना प्रभारी यातायात श्रीमती निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा आटो, ई-रिक्शा सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल ड्ड 34 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही.एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाकर 19000 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी । साथ ही सभी आटो , ई - रिक्शा चालकों को शासकीय अस्पताल गेट के समाने व बस स्टैण्ड के अन्दर खडी न करने की समझाईस दी गयी ।

# जिपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण



**पन्ना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी द्वारा सोमवार को पवई क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई विकास कार्यों का निरीक्षण कर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। ग्राम पंचायत उड़ला में मनरेगा अंतर्गत तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं कार्य की गुणवत्ता परखी। सीईओ श्री मरावी ने ग्राम पंचायत कोनी एवं सिरसी के नवीन ग्राम पंचायत अटल सुशासन भवन का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर निर्धारित मानकों के तहत उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित उप यंत्री, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को जरूरी निर्देश दिए। जिपं सीईओ द्वारा विभिन्न सामाजिक योजनाओं की भी जानकारी ली गई तथा स्थानीयजनों से संवाद किया गया।

# प्रगतिशील कृषक श्री रामलाल ड्रिप मल्चिंग का उपयोग कर प्रति एकड़ 35 टन तरबूज एवं 20 टन खरबूज का कर रहे उत्पादन

**जागरण, टीकमगढ़।** खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ जिले के किसान उद्यानिकी फसलों को आधुनिक तरीके से खेती कर लाभ कमा रहे हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि तो हो ही रही है। साथ ही उनका जीवन भी खुशहाल हुआ है। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में किसानों द्वारा की जा रही खेती को देख कर अन्य किसान भी इसी प्रकार की खेती करने हेतु प्रेरित हो रहे है। टीकमगढ़ जिले के ग्राम बड़ागांव निवासी प्रगतिशील कृषक श्री रामलाल प्रजापति द्वारा उद्यानिकी फसलें तरबूज, खरबूज की आधुनिक तरीके से खेती करीब 20 एकड़ में की जा रही हैं। कृषक श्री रामलाल प्रजापति ने बताया कि पहले खेती करने में प्रति एकड़ कम उत्पादन होता था, जिससे हमें अच्छा लाभ नहीं मिल पा रहा था। फिर उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में श्री प्रजापति ने करीब 20 एकड़ में उद्यानिकी फसलें तरबूज, खरबूज की खेती करना प्रारंभ किया। इसके उत्पादन हेतु कृषक श्री प्रजापति ने ड्रिप मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया, जिससे तरबूज का उत्पादन 30 से 35 टन प्रति एकड़ एवं खरबूज का उत्पादन 15 से 20 टन प्रति एकड़ लिया जा रहा है। श्री प्रजापति द्वारा इनके द्वारा की जा रही खेती को देख कर अन्य किसान भी इसी प्रकार की खेती करने हेतु प्रेरित हो रहे है। प्रगतिशील कृषक रामलाल प्रजापति ने बताया कि आधुनिक तरीके से खेती करने पर प्रति एकड़ उत्पादन में वृद्धि हुई है और आय भी बढ़ी है।



# गांव में बकाया को बिजली बिल लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट



**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिले में बिजली बिल बकाया को लेकर बिजली विभाग द्वारा बिल जमा करवाने के लिए कुर्की अभियान चलाया जा रहा है, इसी दौरान मोहनगढ़ डिवीजन के बटवाहा गांव में एक ट्रैक्टर की कुर्की करते समय विजली विभाग की टीम पर हमला किया गया, जिसके बाद बिजली विभाग की टीम पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंची। दरअसल यह पूरा मामला टीकमगढ़ जिले के मोहनगढ़ डिवीजन के बटवाहा गांव है, जहां बिजली विभाग की टीम ने बिल जमा न करने पर देवेंद्र सिंह और लाखन सिंह का 56 हजार का बिजली का बिल बकाया था, जो बिल उनके पिता रघुबीर सिंह के नाम था और जमा न होने पर उनका ट्रेक्टर घर से उठाया जा रहा था, तभी इन लोगो ने बिजली टीम पर हमला कर दिया और सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न की गई, जिसके बाद यह टीम मोहनगढ़ पुलिस थाना पहुंची जहां मामले की शिकायत की गई है।

# सीएम हेल्प लाइन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की प्रतिदिन करें समीक्षा : कलेक्टर

## लंबित प्रकरणों के निराकरण में न हो लापरवाही, कंट्रोल रूम के माध्यम से दें सूचना



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त जिला अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा करें। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम के माध्यम से भी सभी एल-1 स्तर के अधिकारी एवं संबंधित जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक सूचना दी जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित साप्ताहिक समयावधि पत्रों, जनसुनवाई के प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के समय पर प्रदाय और शासन के महत्वपूर्ण पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में फरवरी माह की रैंकिंग में डी श्रेणी के विभागों के अधिकारियों को अविलंब शत प्रतिशत प्रकरणों का प्रभावी तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्च माह की लंबित शिकायतों के प्रकरणों का भी समय पर निराकरण के लिए समुचित प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों के तत्काल निराकरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह खाद्य विभाग अंतर्गत 835 लंबित शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ समन्वय कर शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व विभाग सहित आरटीओ की 15 शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारियों के अर्जित अवकाश नगदीकरण से संबंधित लंबित 44 शिकायतों के अविलंब निपटारा के निर्देश भी दिए। साथ ही समस्त बीएमओ को आशा कार्यकर्ता सहित समस्त अधीनस्थ मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त राजस्व अधिकारियों को इस सप्ताह अधिकतम राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा पटवारियों के प्रतिवेदन चेक करने के निर्देश भी दिए गए।

**एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने पर जताई नाराजगी :** कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत बार-बार निर्देश के बावजूद एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने वाले अधिकारियों पर पुनः नाराजगी जताई। इस क्रम में चार अधिकारियों क्रमशः जनपद पंचायत सीईओ रोहित मालवीय एवं सतीष नागवंशी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कमल किशोर चौबे एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सर्वेश लोधी के विरूद्ध संभागायुक्त को कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। इसी तरह कृषि विभाग अंतर्गत फसल बीमा की मामलों में समन्वय के साथ लंबित प्रकरण का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने, स्वरोजगारमूलक प्रकरणों में अधिकतम पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान करने तथा बैंक स्तर पर समन्वय कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

**असफल ई-भुगतान मामलों का एक सप्ताह में करें निराकरण :** जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के गत वर्ष में जिला कोषालय के माध्यम से असफल ई-भुगतान प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण किया जाए। इसी तरह कोषालय सॉफ्टवेयर पर शासकीय सेवकों के एम्पलाई आईडी का समग्र से सत्यापन कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए अन्यथा कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी कार्यवाही तथा आगामी दिवसों में विभागीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए।

# क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर के गड़ाखाड से रजमिलान तक की गई पदयात्रा

**जागरण बैढ़न**



आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ो के संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं ग्रामीण जनों के द्वारा क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न मांगो कंपनी के विस्थापितो भूमि स्वामियों युवा बेरोजगारों कि समस्याओं को लेकर के चिलचिलाती धूप में 15 किलोमीटर की पदयात्रा गड़ाखाड से रजमिलान तक की गई यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में लगातार इन कंपनियों के वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर रोक सड़कों के चौड़ीकरण प्रदूषण ओला वृष्टि से किसान की फसलों का मुआवजा डीएमएफका फंड सिंगरौली में खर्च हो डीएमएफ फंड से प्रत्येक सिंगरौली जिले के पंचायत क्षेत्र में कम से कम पांच हैंडपंप गर्मी को देखते हुए स्वीकृत किया जाए राजमिलन क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था कराई जाए जैसे सैकड़ो मुद्दों के साथ सैकड़ो कांग्रेसी व ग्रामीण जन पैदल सड़कों पर निकल पड़े यात्रा की शुरुआत सर्वप्रथम बलिदान दिवस पर देश के वीर शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित कर गड़ाखाड से प्रारंभ किया गया यात्रा के साथ भारी पुलिस बल पुरी यात्रा में तैनात रही कई जगह पर लोगों ने उत्साह के साथ पैदल चल रहे यात्रियों का फूल माला वह पानी पिलाकर स्वागत भी किया यात्रा का समापन पूर्व मंत्री वशमणी वर्मा के मुख्य अतिथि में रजमिलन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता ज्ञानेंद्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि सिंगरौली में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिले की जनप्रतिनिधि केवल स्वयं का विकास करके चले जाते है उनको यहां की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। साथ ही एपीएमडीसी कोल माइंस से प्रत्येक गाड़ियों पर सुविधा शुल्क के नाम पर 1000 रुपए प्रति गाड़ियों से 5 लाख रुपए की प्रतिदिन अवैध वसूली में लगी हुई है। उक्त अवसर पर सभा को संबोधित करने वाले में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रुपेश चंद्र पांडेय जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनिल सिंह संगठन प्रभारी बालमुकुंद सिंह परिहार जिला महामंत्री प्रवीण सिंह चौहान कार्यक्रम आयोजक एबी एन त्रिपाठी उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा रामशिरोमणि शहवाल उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग रेणु शाह पूर्व महापौर जिला पंचायत सदस्य सविता प्रजापति जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र वर्मा जनपद सदस्य मानिकचंद प्रजापति पारस प्रजापति रिशु सिंह डॉ. एच एल प्रजापति लखन लाल साहू स्टेट कोऑर्डिनेटर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह पूर्व प्रदेश सचिव राघवेंद्र श्रीवास्तव राघवेंद्र सिंह भोले उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अखिलेश पांडे दयानंद दुबे बी एन त्रिपाठी संदीप द्विवेदी प्रज्ञान चतुर्वेदी सौरभ सिंह रघुवंशी अतुल शुक्ला महामंत्री आई टी सेल पीसीसी राणा प्रताप सिंह प्रशांत शर्मा कमल सिंह रुद्र प्रताप सिंह पूर्व सरपंच अमलिया उपसरपंच राम प्रसाद पनिका युवा नेता मंगल शाह ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल शाह सुशील सोनी मंडल अध्यक्ष दिलीप मंडल अध्यक्ष रज मिलान उपेंद्र दुबे महामंत्री मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी लगातार हो रहे हैं भाजपा में शामिल



**जागरण बैढ़न।** आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के जिला उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 42 के पार्षद प्रत्याशी रहे अर्जुन शाह ने अपने समर्थकों तथा आम आदमी पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के हाथ से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अर्जुन शाह की सदस्यता के मुख्य सूत्रधार अनिल शाह रहे जो विगत दिनों आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष पद को त्याग कर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने वाले अर्जुन शाह ने सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं महापौर रानी अग्रवाल पर हमला बोला और कहा कि उनकी तानाशाही चरम पर है और आम आदमी पार्टी में कार्यकर्ताओं का दम घुटने लगा है । रानी अग्रवाल जमीनी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर अपने निजी हितों को साधने में लगी हैं तथा पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी का बंटाधार हो गया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का ईमानदारी की बात करना एक आडंबर मात्र है और ये सबसे बड़े भ्रष्ट हैं। हम सभी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में सम्मिलित हो रहे हैं जहां सबका साथ और सबका विकास की बात होती है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने इस अवसर पर कहा कि जो भी निष्ठावान कार्यकर्ता हमारे सिद्धान्तों से सहमत होकर और हमारी पार्टी की नीति पर अमल करके राष्ट्र हित और समाज हित के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है और वह स्वच्छ छवि का व्यक्ति हैं तो पार्टी में उसका स्वागत है। हम हर राष्ट्रवादी विचारधारा वाले व्यक्ति का सम्मान करते हैं और उसको काम करने का अवसर देते हैं।

# जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया पुनः सुदृढ़



**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने विश्व जल दिवस 25 का आयोजन किया जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कर्मचारियों उनके परिवारों और बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता ऑनलाइन क्विज़ और चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के प्रति एक सामूहिक शपथ ली जो इस बात का प्रतीक बनी कि जल जैसे महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। इस आयोजन में एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्य फणि कुमार और उनकी वरिष्ठ प्रबंधन टीम की मार्गदर्शन में कर्मचारियों और उनके परिवारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण प्रबंधन समूह की अगुवाई में संजय प्रकाश यादव अपर महाप्रबंधक ईएमजी द्वारा आयोजित की गई इन गतिविधियों में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। ई. सत्य फणि कुमार ने अपने संबोधन में एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से हम जल के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं जो भविष्य पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर होगा। एनटीपीसी विंध्याचल के ईएमजी विभाग के इस प्रयास से पर्यावरणीय जिम्मेदारी और जल संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है जो न केवल उद्योगों बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है।

# एनटीपीसी रिहंद की टीम ने जीता अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 25 का खिताब




**जागरण रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद में आयोजित अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 25 के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 22 तक चली जिसमें एनटीपीसी रिहंद विंध्याचल सिंगरौली टांडा ऊंचाहार दादरी और मेजा की टीमों ने प्रतिभागिता की । सेमीफाइनल मुकाबलों में विंध्याचल एवं मेजा और रिहंद एवं टांडा के बीच रोमांचक खेल देखने को मिला जिसमें विंध्याचल और रिहंद की टीमें विजयी होकर फाइनल में पहुँचीं। फाइनल मुकाबले में एनटीपीसी रिहंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3.-1 से जीत दर्ज कर चैंपियनशिप अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव नें विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नें अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के कौशल को निखारते हैं बल्कि टीम वर्क अनुशासन और खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

# परियोजना प्रभावित परिवारों को अधिकतम लाभ देने हेतु प्रतिबद्ध एनसीएल

**जागरण, सिंगरौली ।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल जयंत परियोजना के विस्तार के लिए ज़रूरी मोरवा पुनर्स्थापन करने की प्रक्रिया में है जिसमें 50,000 से अधिक आबादी सहित 30,000 से अधिक परियोजना प्रभावित परिवारों को पुनर्स्थापित करने की योजना है। एनसीएल का यह प्रयास है कि पुनर्वास प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी जवाबदेह बनाते हुए विधिसम्मत तरीके से परियोजना प्रभावित परिवारों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाय। इस दिशा में एनसीएल सकारात्मक प्रयास करते हुए कलेक्टर गाइडलाइन में वर्णित अलग.अलग दरों के जगह पर अधिकतम दर वाले वार्ड दर को समान रूप से सभी वार्डों पर लागू करने जा रही है। कलेक्टर गाइडलाइन में मार्ग के आधार पर रेट का तीन तरह से वर्गीकरण किया गया है जिनमें मुख्य मार्ग डब्लूबीएम एवं अन्य मार्ग् व मार्ग से हटकर् श्रेणियों के लिए अलग.अलग रेट निर्धारित हैं। जिनमे अधिकतम रेट मुख्य मार्ग् का होता है। एनसीएल द्वारा मोरवा पुनर्स्थापन् के मुआवजा गणना हेतु मुख्य मार्ग् के रेट को सभी वार्डों पर समान रूप से लागू किया जा रहा है जिससे प्रभावित परिवारों को अधिकतम मुआवजा मिल सके।






## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| इशान किशन (हैदराबाद) | 106 |
| ध्रुव जुरैल (राजस्थान) | 70 |
| ट्रैविस हैड (हैदराबाद) | 67 |
| सैमसन (राजस्थान) | 66 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चैन्नई) | 04 |
| खलील अहमद (चैन्नई) | 03 |
| कुणाल पंड्या (बेंगलुरु) | 03 |
| विग्नेश पुतुर (मुंबई) | 03 |



## बाउंड्री मीटर



57 छक्के
112 चौके
08 अर्धशतक

राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर ने हैदराबाद के खिलाफ चार ओवर में 76 रन दिए। यह एक पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन देने का रिकॉर्ड है। इससे पहले चहल ने हैदराबाद के खिलाफ 62 रन दिए थे।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 01 | 01 | 00 | 02 | 2.200 |
| बेंगलुरु | 01 | 01 | 00 | 02 | 2.137 |
| चेन्नई | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.493 |
| मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.493 |
| कोलकाता | 01 | 00 | 01 | 00 | -2.137 |
| राजस्थान | 01 | 00 | 01 | 00 | -2.200 |
| दिल्ली | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| गुजरात | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| लखनऊ | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| पंजाब | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

## खेल एक नजर

### आईओसी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी का जिंबॉब्वे पहुंचने पर स्वागत

**हरारे, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री का अपने गृह देश जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अफ्रीका के देश जिंबॉब्वे को वर्षों तक अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से अलगाव और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। जिंबॉब्वे की खेल मंत्री 41 वर्षीय कोवेंट्री आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र महिला उम्मीदवार थीं और वह विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था की प्रमुख चुनी जाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। कोवेंट्री ने रविवार को जिंबॉब्वे पहुंचने पर कहा, यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं है, यह हमारी सफलता है। हमने बाधाओं को पार कर दिया। राजधानी हरारे के एक हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कोवेंट्री का स्वागत पारंपरिक अफ्रीकी लोकनृत्य के साथ किया गया। इस अवसर पर वहां पर मौजूद लोगों ने उनकी जय जयकार की। इनमें महिला क्रिकेटर और स्कूली बच्चे भी शामिल थे।

### रिवाल्डो, जावी, ओवेन और पेपे 'लीजेंड्स फेस-ऑफ' में खेलेंगे

**नवी मुंबई, जेएनएन।** रिवाल्डो, जावी हर्नांडेज, माइकल ओवेन और पेपे उन दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने छह अप्रैल को एफसी बार्सीलोना और रियाल मैड्रिड के बीच यहां होने वाले 'लीजेंड्स फेस-ऑफ' मुकाबले में हिस्सा लेने की पुष्टि की है।

**मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा मुकाबला**

डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए हामी भरने वाले खिलाड़ियों में जेवियर सविओला, फिलिप कोकू और क्रिश्चियन करीम बोउ भी शामिल हैं। जावी ने कहा, मैंने फुटबॉल में कुछ सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का अनुभव किया है और अब मैं मुंबई में जोश से भरे भारतीय प्रशंसकों के सामने फिर से इसका अनुभव करने का इंतजार कर रहा हूं। एक खास मुकाबले के लिए तैयार हो जाइए। ओवेन और पेपे ने भी भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर खुशी जताई।

# मार्श-पूरन की धमाकेदार पारी से सीजन में 200 प्लस स्कोर बनाने वाली तीसरी टीम बनीं लखनऊ

## आईपीएल : सुपरजाएंट्स ने दिया दिल्ली कैपिटल्स को 210 रन का लक्ष्य



**जेएनएन, विशाखापत्तनम**

निकोलस पूरन (75) और मिचेल मार्श (72) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने जोरदार वापसी करते हुए सोमवार को आईपीएल मैच में लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 87 रन की साझेदारी से एलएसजी की टीम अच्छी लय में चल रही थी और 12वें ओवर में उसका स्कोर एक विकेट पर 133 रन था। लेकिन इसके बाद उसने 61 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए जिससे टीम बल्लेबाजी के लिए मुफीद पिच पर कम से कम 30 रन पीछे रह गई। पूरन ने 30 गेंद की पारी में छह चौके और सात छक्के जड़े, जबकि मिचेल मार्श ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और इतने छक्के जमाये। इन दोनों के अलावा डेविड मिलर ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल स्टार्क ने 42 रन देकर तीन और कुलदीप यादव ने 20 रन देकर दो विकेट झटके। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद एलएसजी के सलामी बल्लेबाजों ने तेजी से रन जुटाये। मार्श ने 21 गेंद में अपने सबसे तेज अर्धशतक की बराबरी भी की। एक समय ऐसा लग रहा था कि एलएसजी 240 रन से अधिक का स्कोर खड़ा करेगी लेकिन कुलदीप और मिचेल स्टार्क के शानदार स्पेल की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने प्रतिद्वंद्वी टीम की आक्रामकता पर ब्रेक लगा दिया। एलएसजी ने दूसरे हाफ में अंतिम आठ ओवर में केवल 76 रन जोड़े और छह विकेट गंवाए। मार्श ने अपनी शानदार टाइमिंग से हमवतन स्टार्क के खिलाफ तीसरे ओवर में 21 रन जुटाकर इरादे जतला दिए। विप्रज निगम ने पावरप्ले में एडेन मारक्रम (15) के रूप में पहली सफलता दिलाई लेकिन एलएसजी ने 8.1 ओवर में टीम के लिए दूसरा सबसे तेज 100 रन पूरे किए। पारी का एक अहम पल सातवें ओवर में आया जब बैकवर्ड प्वाइंट पर क्षेत्ररक्षण कर रहे समीर रिजवी ने निगम की गेंद पर पूरन का कैच टपकाकर उन्हें जीवनदान दिया। अगले ओवरों में दिल्ली को इस गलती की भारी कीमत चुकानी पड़ी, विशेषकर 13वें ओवर में जब बाएं हाथ के कैरेबियाई बल्लेबाज ने ट्रिस्टन स्टब्स की लगातार चार गेंदों पर छक्के जड़कर इस ओवर में 28 रन बटोरे। पूरन ने स्पिन और तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और मार्श के साथ 87 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लेकिन एलएसजी ने इसका फायदा नहीं उठा सकी। एलएसजी के नए कप्तान रिषभ पंत छह गेंद का सामना कर खाता भी नहीं खोल सके। दिल्ली को वापसी दिलाई कुलदीप ने, उन्होंने अपनी गेंदों से बल्लेबाजों को दुविधा में डाला कि वे क्रीज पर खेलें या बाहर निकल जाएं। डेविड मिलर ने अंत तक डटे रहे लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरने का सिलसिला चलता रहा। उन्होंने 19 गेंद में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 27 रन बनाए जिससे एलएसजी ने अंतिम ओवर में 200 रन का आंकड़ा पार किया।

### स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपरजाएंट्स : 209/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारकराम का. स्टार्क बो. निगम | 15 | 13 | 1 | 1 |
| मार्श का. स्टब्स बो. मुकेशन | 72 | 36 | 6 | 6 |
| निकोलस पूरन बो. स्टार्क | 75 | 30 | 6 | 7 |
| पंत का. डुप्लेसी बो. कुलदीप | 0 | 6 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 27 | 19 | 1 | 2 |
| बदोनी का. स्टब्स बो. कुलदीप | 4 | 5 | 0 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर रनआउट | 0 | 2 | 0 | 0 |
| शाहबाज का. विजय बो. स्टार्क | 9 | 8 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो. स्टार्क | 0 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 7, कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 209 रन, विकेट पतन : 1-46, 2-133, 3-161, 4-169, 5-177, 6-177, 7-194, 8-194, गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-42-3, अक्षर पटेल 3-0-18-0, विपराज निगम 2-0-35-1, मुकेश कुमार 2-0-22-1, कुलदीप यादव 4-0-20-2, मोहित शर्मा 4-0-42-0, स्टब्स 1-0-28-0.

## आईपीएल मैच-5 : नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी चौके-छक्कों की बारिश

# पंजाब बनाम गुजरात : श्रेयस अय्यर व शुभमन गिल के बीच होगी कप्तानी जंग

**जेएनएन, अहमदाबाद**

आईपीएल के पांचवें मुकाबले में मंगलवार को गुजरात टाइटंस अपने होम ग्राउंड पर पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। जहां गुजरात की कमान पंजाब के शुभमन गिल के पास है, वहीं पंजाब के लिए गत आईपीएल विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर कप्तानी में डेब्यू करेंगे। दोनों टीमें नए सीजन में एक नई शुरुआत करने को देखेंगी। इस मैच में श्रेयस और गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में केकेआर ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। दूसरी तरफ गिल को भारत का भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। उन्हें हाल में भारत की वनडे टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने हार्दिक पंड्या के पिछले साल मुंबई इंडियंस से जुड़ जाने के बाद गुजरात की कप्तानी संभाली थी, लेकिन उनकी टीम तब आठवें स्थान पर रही थी। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम 2022 में विजेता और 2023 में उपविजेता रही थी।



**हेड टू हेड** गुजरात और पंजाब के बीच अब तक हुए पांच मुकाबलों में से चार अंतिम ओवर तक गए हैं, इससे पता चलता है कि दोनों टीमों के बीच मुकाबला कितना रोमांचक होता है। इन पांच मैचों में तीन में गुजरात, जबकि दो में पंजाब को जीत मिली है।

**सिक्स हिटर्स की जंग** यह मुकाबला एक सिक्स हिटर मुकाबला भी साबित हो सकता है, क्योंकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम हाई स्कोरिंग मुकाबलों के लिए जाना जाता है। जिस तरह से दोनों टीमों के पास कुछ आतिशी बल्लेबाज हैं, रनों की बारिश देखने को मिल सकती है। दोनों टीमों में मैक्सवेल (161 आईपीएल छक्का), बटलर (160 छक्का) और स्टोइनिस (91 छक्का) जैसे नाम हैं। इसके अलावा पंजाब से हालिया समय में शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह जैसे नाम उभरे हैं, जो क्रमशः 2.7 और 3.6 गेंदों पर कम से कम एक बाउंड्री लगाते हैं।

**दिग्गज स्पिनरों की भिड़ंत** यह मुकाबला आईपीएल के दो दिग्गज स्पिनरों का भी होगा। आईपीएल 2023 से अगर हम सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची देखें तो वरुण चक्रवर्ती (41) के बाद युजवेंद्र चहल (39) और राशिद खान (37) का ही नंबर आता है। दोनों अपनी टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरूख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

**किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

# शर्मनाक गोल के कारण इटली को जर्मनी से मिली 5-4 से हार

**रोम, जेएनएन।** इटली की फुटबॉल टीम लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने में अगर विफल रही, तो इसका एक बड़ा कारण जर्मनी के खिलाफ नेशंस लीग के मैच में शर्मनाक तरीके से एक गोल खाना होगा। डॉर्टमुंड में खेले गए मैच में जर्मनी की टीम जब 1-0 से आगे चल रही थी, तब इटली के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने टिम क्लेनडाइन्स्ट के हेडर को कॉर्नर पर रोककर अच्छा बचाव किया। डोनारूम्मा इसके बाद इसके छह गज के बॉक्स से बाहर निकलकर अपने साथियों से बहस करने लगे।

इसी बीच जोशुआ किमिच ने कार्नर से मिले जमाल मुसियाला के पास को गोल पोस्ट में डाल कर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। यह गोल ऐसे समय में हुआ जब इटली के खिलाड़ियों का ध्यान मैच पर नहीं था। जर्मनी ने मध्यांतर तक अपनी बढ़त को 3-0 कर लिया। इटली ने वापसी कर स्कोर को 3-3 से बराबर किया, लेकिन जर्मनी की टीम 5-4 के कुल स्कोर से जीत हासिल करके नेशंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।



**इटली को लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर होने से बचने के लिए करना होगा संघर्ष**

■ इस परिणाम का मतलब है कि इटली वर्ल्ड कप के क्वालिफाइंग के लिए चार टीमों के समूह के बजाय पांच टीमों वाले समूह में रहेगा। इसमें दिग्गज एरलिंग हालैंड की टीम नॉर्वे भी होगी। इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को प्लेऑफ से गुजरना होगा।

■ इटली को पिछले दोनों बार प्लेऑफ चरण में क्रमशः स्वीडन (2018) और उत्तरी मैसेडोनिया (2022) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। चार बार के विश्व कप चैंपियन इटली ने इन दो मौकों के अलावा 1958 के सत्र में भी क्वालिफाई नहीं किया था।

# नेशंस लीग : स्पेन और फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में जीतकर सेमीफाइनल में

**पेरिस, जेएनएन।** गत चैंपियन स्पेन और फ्रांस ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के अलावा जर्मनी और पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। पहले सेमीफाइनल चार जून को म्यूनिख में जर्मनी और पुर्तगाल के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पांच जून को स्टटगार्ट में फ्रांस और स्पेन के बीच मुकाबला होगा। फाइनल आठ जून को खेला जाएगा। स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे चरण के मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करके 3-3 से ड्रॉ खेला। इस तरह से कुल स्कोर 5-5 से बराबर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। स्पेन ने शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की। फ्रांस ने भी पेनल्टी शूटआउट में क्रोएशिया को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे लगातार सातवें मैच में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से गोल नहीं कर पाए।



# हरमनप्रीत, मंधाना, दीप्ति केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

**बीसीसीआई सूची जारी की, इस साल 16 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड-ए में बरकरार रखा गया, जो बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है। पिछले साल अक्टूबर से ही भारतीय टीम से बाहर होने के बावजूद शेफाली वर्मा को भी सूची में जगह मिली है। सलामी बल्लेबाज शैफाली, तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स और विकेटकीपर रिचा घोष को ग्रेड-बी में बनाए रखा गया है, लेकिन पिछले साल ग्रेड-बी में शामिल बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड अनुबंध बरकरार नहीं रख पाई। जिन खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिल पाई उनमें मेघना सिंह, देविका वैद्य, सब्बीनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देयोल शामिल हैं। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट के नया सलाना कॉन्ट्रैक्ट सूची की घोषणा करते हुए कुल 16 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट दिया है।



### इन खिलाड़ियों को पहली बार मिला अनुबंध

युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराउंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। उन्हें यास्तिका भाटिया, राधा यादव, अमनजोत कौर, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड-सी में शामिल किया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

# भोपाल की सौम्या के अर्धशतक से मप्र फाइनल में, यूपी को 91 रनों से हराया

### खिताबी मुकाबला 26 को मुंबई से

**भोपाल, खेप्र।** कप्तान सौम्या तिवारी की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत मध्यप्रदेश ने विमेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को उत्तर प्रदेश को 91 रनों से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। 26 मार्च को होने वाले फाइनल में मप्र की भिड़ंत मुंबई से होगी। आइकॉन क्रिकेट अकादमी मैदान, जगिरोड (गुवाहाटी) में खेले गए सेमीफाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मप्र ने 50 ओवर में छह विकेट गंवाकर 210 रन बनाए। सौम्या ने सात चौकों की मदद से 76 और संस्कृति गुप्ता ने 23 गेंद पर नाबाद 43 रन की पारी खेली। संस्कृति ने छह चौके व एक छक्का लगाया। उत्तर प्रदेश की एकता ने तीन विकेट झटके। गरिमा यादव, अल्मास भारद्वाज व अर्चना देवी को एक-एक सफलता मिली। जवाब में उत्तर प्रदेश 42.4 ओवर में 119 रनों पर सिमट गई। संपदा दीक्षित और मुस्कान मलिक ने 36-36 रनों का योगदान दिया। तृप्ति सिंह ने 29 रन की पारी खेली। मप्र की वैष्णवी शर्मा ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। अनुष्का शर्मा और सूचि उपाध्याय के हाथ दो-दो सफलता लगी। कल्याणी जाधव को एक विकेट मिला। भोपाल की सौम्या अरेरा अकादमी की खिलाड़ी हैं।



# तैराकी : 9 स्वर्ण सहित 31 पदक जीतकर मप्र ओवरऑल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दो दिवसीय खेलो इंडिया जूनियर विमेंस स्विमिंग सीरीज 2024 जोन-4 के राउंड -2 के अंतर्गत हुई तैराकी प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण सहित 31 पदकों पर कब्जा जमाकर पहला स्थान हासिल किया। इसमें 12 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। इंदौर में 22 व 23 मार्च को खेली गई प्रतियोगिता में दूसरा स्थान उड़ीसा (3 स्वर्ण, 7 रजत व 6 कांस्य) और तीसरा स्थान झारखंड (5 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य) ने हासिल किया। छत्तीसगढ़ और बिहार क्रमशः चौथे व पांचवें नंबर पर रहे। मध्यप्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय वर्मा एवं सहसचिव रामकुमार खिलरानी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# कुशाग्र ने लगाया स्वर्ण व रजत पर निशाना, गौरांशी को कांसा

### राष्ट्रीय डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप





**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश अकादमी के निशानेबाज कुशाग्र सिंह राजावत ने नेशनल डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किया। वहीं अकादमी की बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ने कांस्य पदक जीता। अहमदाबाद (गुजरात) में 20 से 24 मार्च तक दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग, टेबल टेनिस और टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। कुशाग्र ने 50मी. राइफल 3पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण एवं 50 मी. रायफल प्रोन में 01 रजत पदक पर निशाना लगाया। वहीं बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी विमेंस सिंगल में तीसरा स्थान हासिल किया। स्वर्ण तमिलनाडू और रजत उत्तरप्रदेश के नाम रहा। प्रतियोगिता का दूसरा कांस्य पदक पंजाब ने अर्जित किया। शूटिंग खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत शूटिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक जोयदीप कर्माकर और सहा. प्रशिक्षक वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।

# बैडमिंटन : बसंत सोनी बने चैंपियन, पूनम की चांदी



**भोपाल, खेप्र।** शहर के अनुभवी शटलर बसंत कुमार सोनी ने 45वीं मास्टर्स नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में खिताब जीता। वहीं 12 बार की नेशनल मास्टर्स चैंपियन पूनम तत्ववादी ने 55 वर्ष वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। जबकि उन्होंने युगल और मिश्रित युगल में गोल्ड जीता। भोपाल के बसंत ने गोवा के मल्टीपरपज हॉल में खेले गए 65 वर्ष वर्ग के खिताबी मुकाबले में मिजोरम के लालबिकलियाना को महज 20 मिनट में सीधे गेमों में 21-9, 21-15 से हराया।

## चित्रकूट के पोखरवारे का जर्जर स्कूल भवन ढहाया गया

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा सोमवार को टीएल बैठक में दिये गये निर्देश के पालन में सीएमओ चित्रकूट विशाल सिंह ने चित्रकूट के पोखरवारे का जर्जर स्कूल भवन को ढहाने की कार्यवाही की गई।

## ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने हेतु प्रशिक्षण संपन्न

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त कार्यालय में 31 मार्च 2025 तक पूर्णत: ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जायेगी। जिले में ई-ऑफिस प्रणाली को शासन की मंशानुसार सुचारू रूप से क्रियान्वित कराने के लिए सोमवार को ई-दक्ष केन्द्र में अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में खनिज विभाग, खाद्य शाखा, सामाजिक न्याय विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला पंजीयक एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

# ट्रेनी आईपीएस ने पकड़ी 56 लीटर अवैध शराब

### 34-2 का अपराध दर्ज कर आरोपी को दबोचा

**सतना**

कोठी में पदस्थ ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज की कार्यवाही के बाद हड़कम्प मच गया । उन्होंने शराब के अवैध कारोबारी से 56 लीटर अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपी के विरुद्ध धारा 34 . का अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।



### ये है मामला

पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से 22 हजार 940 रुपये की कीमती की अवैध देशी शराब को जब्त किया गया । 23 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली की कोठी उदयसागर रोड किनारे पुलिया के पास दशरथ प्रसाद चौधरी पिता रामलाल चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी उदयसागर थाना कोठी अवैध शराब विक्री हेतु रखे है। सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज व्दारा तत्काल टीम रवाना कर त्वरित रेड कार्यवाही कराई। आरोपी दशरथ चौधरी के कब्जे से 282 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 32 पाव देशी मलासा कुल 56 लीटर 520 एमएल कीमती 22 हजार 940 रूपये जप्त की गई तथा आरोपी दशरथ चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जिसे जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना में 113 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना में नामांकन के लिए चलाये गये जागरूकता अभियान के फलस्वरूप सतना जिले में निर्धारित लक्ष्य 686 के विरूद्ध 775 आवेदकों का पंजीकृत कराया गया। जो कि 113 प्रतिशत की उपलब्धि है। सतना जिला संभाग के सभी 6 जिलों में सर्वाधिक उपलब्धि वाला जिला है। प्राचार्य आईटीआई बीडी तिवारी ने बताया कि अभी भी आईटीआई इलेक्ट्रिकल, फिटर और सर्वेयर सहित ग्रेजुएट के अवसरों के लिहाज से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें पावर ग्रिड कारपोरेशन आफइण्डिया में इलेक्ट्रिशियन के 36, इलेक्ट्रिकल के 30, फिटर के 27, सर्वेयर के 16 और 30 ग्रेजुएट कन्डीडेट के अवसरों के हिसाब से आवेदन लिये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 वर्ष के युवा पात्र होंगे। जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्नीक, ग्रेजुएट या उससे अधिक हो। चयनित युवाओं को इन्टर्नशिप की अवधि में 5 हजार रूपये प्रतिमाह स्टायफंड और इन्टर्नशिप पूरी होने पर एक मुश्त 6 हजार रूपये अलग से प्रदान किये जायेंगे। यह इन्टर्नशिप कार्यक्रम 12 माह का होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 रखी गई है। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन का पंजीयन विभागीय लिंक पर करना होगा।

# हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

### सिटी कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

**सतना।** लोकोपयलट की हत्या में सहयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । यह कार्यवाही सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्वेवेदी द्वारा की गई है ।



### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 21.22 दिसंबर 2024 की दरम्यानी रात लोको पायलट जितेन्द्र चौरसिया निवासी राजेन्द्र नगर सतना का पैसों के लिए अपहरण कर पैसे न मिलने पर गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी । विवेचना के दौरान तीन आरोपी धर्मेन्द्र चौरसिया गुलाब सिंह यादव पवन प्रजापति 27 दिसम्बर को पकड़े गए थे । पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया गया था। मामले का एक अन्य आरोपी नीरज उर्फ छोटू चौरसिया घटना के बाद से ही फरार था जिसे सूचना मिलने पर बिलहरी जिला कटनी में दविश देकर 24 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी से घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त की गई है। नीरज उर्फ छोटू पिता हरगोविन्द चौरसिया उम्र 19 वर्ष निवासी गढी मलहरा थाना गढी मलहरा जिला छतरपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

## एसडीएम नागौद ने किया साइलो का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर एसडीएम नागौद जितेंद्र वर्मा ने मौहरी स्थित साइलो का निरीक्षण किया। उन्होंने साइलो से संबद्ध तीन उपार्जन केन्द्रों से गेहूं खरीदी के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## 30 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना के कार्यक्रम होंगे

**जागरण सतना।** सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर 30 मार्च को पूर्वान्ह प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन के अंतर्गत पूर्व परंपरा से श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के शिखर पर समय-समय पर स्थापित किए जाने वाले ब्रम्ह ध्वज के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर स्थापित कर नाट्य प्रस्तुति ''सम्राट विक्रमादित्य'' का मंचन किया जायेगा। संस्कृति विभाग म.प्र. शासन द्वारा सभी जिला कलेक्टर को विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना के कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार 30 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जायेगा। संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल से सभी जिला मुख्यालयों के लिए नाट्य कला दल भेजे जायेंगे। आयोजन स्थल पर प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था तथा कलाकारों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाएगी। भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का प्रचार-प्रसार भी होगा। जिले के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के माध्यम से ब्रम्ह ध्वज उपलब्ध कराए जाएंगे।

# विश्व क्षय दिवस पर पोषण किट का वितरण

**सतना ।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 25 क्षय रोगियों को बिरला कारपोरेशन की सतना वर्क्स यूनिट के सीएसआर मद से उपलब्ध पोषण किट का वितरण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता सहित बिडला सीमेंट वर्क्स के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पूर्व राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय दिवस टीबी जन जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रश्न-उत्तरीय कार्यक्रम संपन्न कराया गया।



# कलेक्टर के निर्देश, भवनों में फायर सेफ्टी नियमों का पालन करें

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के भवनों में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये फायर सेफ्टी संबंधी निर्देशों का पालन सख्ती से किये जाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर द्वारा आयुक्त नगर निगम, सभी नगरीय निकाय, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, सहायक यंत्री विद्युत सुरक्षा एवं समस्त कार्यालय प्रमखों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय भवन संहिता के खण्ड 4 की कंडिका क्र. 12 में यथा उल्लेखित सभी भवनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रावधान ऐसे भवनों के स्वामी द्वारा कराया जाना अनिवार्य होगा। जिनमें 15 मीटर से ऊंचे समस्त भवन, आवासीय एवं धार्मिक सामुदायिक भवनों को छोडकर एक तल पर 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले समस्त भवन, कोई अस्पताल, होटल जिसमें 50 से अधिक पलंग हो। पूर्व से निर्मित भवन में फायर सेफ्टी प्लान, निर्धारित 2 माह की समयावधि में भवन संचालक/स्वामी द्वारा अग्निशमन अधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया जाता तो प्रतिदिन 500 रूपये की दर से दण्ड भवन स्वामी पर लेवी किया जायेगा। जो एक वर्ष पश्चात 1000 रूपये प्रतिदिन की दर से देय होगा। अनुमोदित फायर सेफ्टी प्लान के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपरांत फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जायेगा। जिसकी अवधि 3 वर्ष की रहेगी।

म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार अग्निशमन प्राधिकारी अपने-अपने प्रभार के क्षेत्रांतर्गत विशेष अभियान चलाकर आने वाले भवनों, प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनके अधिभोगी/स्वामी को फायर प्लान प्रस्तुत करने के निर्देशित करेंगे और निर्धारित बिंदुओं के अनुसार भवनों का निरीक्षण कर मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 राष्ट्रीय संहिता एनबीसी तथा फायर सेफ्टी संबंधित शासन के निर्देशों का पालन करायेंगे। अग्नि सुरक्षा/फायर अनापत्ति के संबंध में प्रत्येक टीएल में समीक्षा कलेक्टर द्वारा की जायेगी।

# उपार्जन और पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखे : कलेक्टर



### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में निर्देष

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की सुचारू उपलब्धता और रबी उपार्जन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को संपन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रक, सीएम हेल्पलाइन, प्राथमिकता की योजनाओं एवं अंतरविभागीय मुद्दों पर समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम एपी द्विवेदी, जीतेन्द्र वर्मा, सुधीर बेक, आरएन खरे, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में ऊर्जा विकास निगम के सहायक यंत्री सौरभ सचान ने पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केपेक्स मोड में जिले की सभी शासकीय भवन संरचनाओं, कार्यालयों में रूफटॉप सोलर पैनल के माध्यम से सौर्य ऊर्जीकरण किया जा सकता है। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का प्रतिशत अभी 64 प्रतिशत ही हुआ है। इसे 11 प्रतिशत बढाकर मार्च अंत तक कम से कम 75 प्रतिशत पर लाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टीएल में नक्शा विहीन गांवों के नक्शे तैयार करने की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। स्वामित्व योजना में 66 गांवों के नक्शे भारत सरकार से प्राप्त होने है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग को टॉप-5 में रहने पर बधाई दी। वहीं हमेशा टॉप-10 में रहने वाले स्वास्थ्य, खाद्य, पीएचई के टॉप टेन से बाहर होने पर कारण जाने।

### चित्रकूट सीएमओ को नोटिस

अवैध उत्खनन, परिवहन की शिकायतों पर कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम के निर्देशन में राजस्व, खनिज और पुलिस के दस्ते संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। चित्रकूट के पोखरिहा में जर्जर शाला भवन को अभी तक डिसमेटल नहीं किये जाने पर सीएमओ चित्रकूट विशाल सिंह को नोटिस जारी करने के साथ ही कलेक्टर ने डीपीसी को अपने अमले और विभागीय रूप से जर्जर भवन डिसमेंटल कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था और उपार्जन कार्य को प्राथमिकता में रखे। समस्या मूलक गांव और 3-4 से अधिक पेयजल की शिकायतों वाले गांवों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद नरवाई से आग लगने की घटनायें बढती है। नरवाई जलाने के प्रतिबंधित कार्य को करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपलब्ध वाटर टैंकर को पानी से भरकर ट्रैक्टर सहित चालू हालत में रखे। नगरीय निकाय संस्थाओं को भी फायर टेण्डर वाहनों को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिये गये हैं। समग्र ई-केवायसी में 43 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जिले का 30वां स्थान होने पर कलेक्टर ने जैतवारा नगर पंचायत और सोहावल जनपद को छोडकर अन्य नगर पंचायत और जनपद पंचायतों को अप्रसन्नता पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उप संचालक कृषि ने बताया कि सरसो, चना, मसूर की खरीदी प्रारंभ हो रही है। अभी नागौद में 572, उचेहरा 69, रामपुर बघेलान 77, रघुराजनगर 47, मझगवां 37, बिरसिंहपुर 33, कोटर 7 और कोठी के 7 पंजीकृत किसान सत्यापन के लिए शेष हैं। कलेक्टर ने सभी शेष किसानों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। मझगवां में डबल लॉक सेंटर के लिए जमीन दिये जाने के बावजूद जिला विपणन अधिकारी नेहा पीयूष तिवारी द्वारा आगामी कार्यवाही नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट की।

औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम को मझगवां के चदैनी, कोठी के शिवसागर, नागौद के सिंहपुर और उचेहरा के इचौल में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि का आवंटन इसी हफ्ते करने के निर्देश एसडीएम को दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन विभिन्न विभागों से संबंधित नकारात्मक प्रेस न्यूज ग्रुप में शेयर की जाती है। इनका वास्तविक रूप से परीक्षण कराकर रिस्पांस ग्रुप में शेयर की जाये।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आज सतना आयेंगी

**सतना ।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 25 मार्च को प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

## पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर तीन दिनी प्रशिक्षण शुरू

**सतना।** पोषण भी पढाई भी के अंतर्गत 3दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 24 मार्च से शुरू हुआ शासन के निर्देशानुसार एवम जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 3-6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आधारशिला' नाम से ट्रेनिंग शुरू की गई जिसमें कोर्स डायरेक्टर पुनीत शर्मा एव मास्टर ट्रेनर के रूप में रत्ना पांडेय प्रियंका सिंह,लता सिंह रूबी ओझा द्वारा सारगर्भित प्रशिक्षण दिया गया।


कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
फेस रिजूवनेशन
- स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार
- टैटू रिमूवल, खाज-खुजली
- Micronidiling, MNRF थेरेपी (झुरियां, फाइन लाइन, मुंहासे के दाग के लिए)
- सफेद दाग का इलाज
- फिलर ट्रीटमेन्ट
- लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
- त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
लेजर ट्रीटमेन्ट
- दाग, धब्बे, मुहासे, स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
- हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयों, पिगमेन्टेशन का उपचार)
- कार्बन पीलिंग
- Prp थैरेपी, GFC थैरेपी द्वारा चेहरे के दाग, हेयर ट्रीटमेंट, फेस रिजुवनेशन
- मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
- हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
- स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)




विंध्य का सर्व सुविधायुक्त AC हॉस्टल
DPS DELHI PUBLIC SCHOOL SATNA
Boarding & Day School
Scholarship Available for Class 11th
CBSE 1030589
AC BOYS HOSTEL
ADMISSION OPEN
www.dpssatna.com
www.instagram.com/dps.satna
www.facebook.com/dpsstn
88899 85550
99933 22657
Sonoura Road, Satna-Maihar Bypass, Satna



डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
- 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
- 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
- वेंटिलेटर एवं Bipap
- 24x7 मेडिकल स्टोर








चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ.सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
- IUI, IVF, ICSI
- फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
- एग फ्रीजिंग
- एंब्रियो फ्रीजिंग
- स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com